
आशुकविपण्डितनित्यानन्दशास्त्रिविरचितं

पुण्यचरितमहाकाव्यम्

(प्रवर्तिनीसाध्वीपुण्यश्रीचरित्रमहाकाव्यम्)



- आ. श्री विजय सौमचन्द्रसूरिजी म.सा.
- महोपाध्याय विनयसागर

श्री नेमि-विज्ञान-कस्तूरसूरिग्रंथश्रेणि-३५
मणि-पुष्प-११

आशुकवि-पण्डितनित्यानन्दशास्त्रिरचित

पुण्यचरितमहाकाव्यम्

[प्रवर्तिनी-पुण्यश्रीचरित्र-महाकाव्यम्]

आशीर्वाद

पू. श्री विजय **नेमि-विज्ञान-कस्तूरसूरिजी म.** के शिष्य
जिनशासनशणगार **पू.आ.भ. श्री विजयचंद्रोदयसूरिजी म.**
सूरिमंत्रासमाराधक **पू.आ. श्री विजयअशोकचंद्रसूरिजी म.**



सम्पादक

आ. श्री विजय**सोमचंद्रसूरिजी** म.
महोपाध्याय **विनयसागर**




आर्थिक सहयोग

श्री विलेपार्ले श्वे. मू. पू. जैन संघ एण्ड चेरिटीज
पार्ला - मुंबई



प्रकाशक

श्री रांदेर रोड जैन संघ - सुरत
एम.एस.पी.एस.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट - जयपुर



प्रकाशक एवं प्राप्तिस्त्रोत:-

★ **श्री रांदेर रोड जैन संघ**
श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन देरासर,
अडाजण पाटिया के पास, रांदेर रोड,
सूरत - ३९५ ००९ (दक्षिण गुजरात)
दूरभाष - ०२६१ - २६८७४८८

★ **श्री नेमि-विज्ञान-कस्तूरसूरि ज्ञानमंदिर**
मेइन रोड, गोपीपुरा, सुरत.

★ **मंजुल जैन**
मैनेजिंग ट्रस्टी
एम. एस. पी. एस. जी. चेरिटेबल ट्रस्ट
द्वारा प्राकृत भारती अकादमी
१३-ए, मेन मालवीय नगर, जयपुर-३०२०१७. (राज.)
दूरभाष - ०१४१ - २५२४८२८, मो. ९३१४८८९९०३

★ © सम्पादकाधीन

★ ISBN

★ वि.सं. २०६५ ★ वीर सं. २५३५ ★ इ.स. २००८ ★ नेमि सं. ६०

★ प्रथम संस्करण ★ मूल्य : २०० रुपये ★ प्रति : ६००

★ लेजर टाईप सेटींग :
सागर शेठी
प्राकृत भारती एकादमी, जयपुर

★ मुद्रक:-भरत ग्राफिक्स
न्युमार्केट, पांजरापोळ, रिलीफ रोड़, अमदावाद-१.
फोन : (०७९) २२१३४१७६, मो. ९९२५०२०१०६

શ્રી ચિંતામણિ પાર્શ્વનાથ ભગવાન

વિલેપાર્લા, મુંબઈ



: દ્રવ્ય સહાયક :

શ્રી વિલેપાર્લા શ્વે.મૂ.પૂ. જૈન સંઘ એન્ડ ચેરીટીઝ

(શ્રી ચિંતામણિ પાર્શ્વનાથ જિનાલય જીર્ણોદ્ધાર -

પુનઃ પ્રતિષ્ઠા સ્મૃતિ સંવત-૨૦૫૯, મહાસુદ-૭



શાસનસમ્રાટ્

પ.પૂ. આચાર્ય શ્રી વિજયનેમિસૂરીશ્વરજી મ.સા.




વાત્સલ્યવારિધિ પ.પૂ. આચાર્ય
શ્રી વિજય વિજ્ઞાનસૂરીશ્વરજી મ.સા.



પ્રાકૃતવિશારદ પ.પૂ. આચાર્ય
શ્રી વિજય કસ્તૂરસૂરીશ્વરજી મ.સા.



જિનશાસનશણગાર પ.પૂ. આચાર્ય
શ્રી વિજય ચન્દ્રોદયસૂરીશ્વરજી મ.સા.




સૂરિમંત્રસમારાધક પ.પૂ. આચાર્યદેવ
શ્રી વિજયઅશોકચંદ્રસૂરીશ્વરજી મ.સા.



શ્રી સાગરજી મ.ના સમુદાયના
પૂ.સા. શ્રી ઉપશાંતશ્રીજી
(પૂ.આ. શ્રી વિજયસોમચંદ્રસૂરિજીના
માતા સાધ્વી)




શ્રી નેમિસૂરિજી મ.ના સમુદાયના
દક્ષ-મયણ-ચિંતનયશાશ્રીજીના શિષ્યા
પૂ.સા. શ્રી સત્યયશાશ્રીજી
(મુનિ શ્રી સુયશ-સુજશચંદ્રવિ.ના
માતા સાધ્વી)



સ્વર્ગીય શ્રીમતી પાનીબાઈ શ્રી સુખલાલજી ઝાબક
(મહો. વિનયસાગરજીના માતુશ્રી)

समर्पणम्





प.पू. आचार्य
श्री विजयसोमचंद्रसूरीश्वरजी म.सा.


जन्मदात्री गुणोत्कृष्टा, स्वपुत्रोत्कर्षकारिणी ।
क्षितौ संसकारदा माता, जीयाद् वात्सल्यदायिनी ।।

जगति न दरीदृश्यते मातृसदृशो स्नेहः क्वापि, क्षितौ न गोचरं जननीतुल्यं वात्सल्यं कुत्रापि, पृथिव्यां न निरीक्ष्यते मातृसमानो भावः कस्यांचिदपि, बाल्यवयतोऽस्माकं जीवने गुणाधानं गुणोत्कर्षः गुणसम्पत्तिश्च जननीभ्य एव प्रापि ।

मातृकुक्षितो यदा जन्म प्राप्ता वयं, तदा कीदृशाः ? न तादृशोऽवबोधः, न ज्ञानम्, न विज्ञानम्, नान्यदिप किञ्चिद् अस्मदीयान्तःकरणे ।।

परं पूज्यपादानां परमकृपालूनां मातृणां परमकृपातः अद्य वयं किञ्चिदपि प्राप्तवन्तः, ता अस्माकीनमातृणां पूज्य साध्वी श्री उपशान्तश्रीणां, पूज्य साध्वी श्री सत्ययशाश्रीणां, तथा पानीबाई सुखलालजी मातुश्च उपकारस्मृत्यर्थं परमपवित्रचरणारविन्दं नमस्कृत्य तासामेव कराम्भोजे पुस्तकमेतत् समर्प्यते ।

सोमचन्द्रविजयः
सुयश-सुजसचन्द्रविजयौ
महो. विनयसागरश्च



महो. विनयसागरश्च

શ્રી આદિનાથાય નમઃ

શાસનસમ્રાટ્ શ્રીનેમિ-વિજ્ઞાન-કસ્તૂર-ચંદ્રોદય-અશોકચંદ્રસૂરિભ્યો નમઃ

સંપાદકીય

कुरु सुविहितगुणनिधिगुणगानम्

પુણ્યના નિધાન સ્વરૂપ પરમ પુણ્યવતી, સાધ્વી શ્રી પુણ્યશ્રીજીના જીવન-કવન સંબંધી **'पुण्यचरितमहाकाव्यम्'** પુસ્તક વિદ્વાનોના કરકમળમાં આવી રહ્યું છે તે ખૂબ આનંદનો વિષય છે.

પુણ્યશાળી આત્માઓને ક્યારેય ગચ્છના બંધનો નડતરરૂપ બનતા નથી. તેથી જ તેઓ દરેકને માન્ય અને વંદનીય બને છે. તેમના કાવ્ય અંગેની ગુણવત્તાનું વિસ્તારથી વિવેચન વિદ્વદ્વર્ય મહોપાધ્યાય શ્રી વિનયસાગરજી તેમજ સાહિત્યકાર ડૉ. શ્રી સત્યવ્રતજીએ સૂક્ષ્મમેધાથી કર્યું છે.

વિચારવાનું એ છે કે ૧૦૦ વર્ષ પહેલા થયેલ એવા સાધ્વીજી શ્રી પુણ્યશ્રીજી કાવ્યનું સંપૂર્ણ નિરીક્ષણ કરતા લાગે કે વાસ્તવમાં તેઓ વિશિષ્ટ 'શક્તિ' સ્વરૂપે હતાં. ''જ્યાં થાય ગુરુદેવના પગલા, ત્યાં થાય પુણ્યના ઢગલા'', ''જ્યાં રામ ત્યાં અયોધ્યા'' વગેરે લોકોક્તિ તેમના માટે યથાર્થ પૂરવાર થતી લાગે. જ્યાં જ્યાં પધાર્યા, જ્યાં જ્યાં વિચર્યા ત્યાં ત્યાં દીક્ષાઓ, તપશ્ચર્યાઓ, મહોત્સવો થતા ગયા. શું નહોતું થતું, તે પ્રશ્ન રહે ? અનેક બેનોને તો હોંશે હોંશે સંયમ આપી વીરના પંથે વાળ્યા. કદાચ એવું પણ તે કાળે બનતું હશે કે તેમની પાસે પોતાની દિકરીઓને મોકલાવતા લોકો અચકાતા હશે. રખે ને મારી દિકરી દીક્ષા ન લઈ લે !!!

આવા સાધ્વીજી પુણ્યશ્રીજીનું જીવનચરિત્ર સંસ્કૃતમાં, નહિ તો છેવટે હિંદી ભાષાંતરરૂપે પણ અવશ્ય વાંચન કરવાનું રાખવું. જેથી સંયમી આત્માની અનુમોદના કરતા કરતા સંયમ પામી શીઘ્ર મોક્ષસુખના ભાગી બનીએ.

બન્ને પૂજ્ય ગુરુ ભગવંતો (પ.પૂ. આચાર્ય **શ્રી વિજયચંદ્રોદયસૂરીશ્વરજી મહારાજ** તથા પ.પૂ. આચાર્ય **શ્રી વિજયઅશોકચંદ્રસૂરીશ્વરજી મહારાજ**) ની મન

મૂકીને સેવા-ભક્તિ કરનાર દરેક મુનિઓ પોતાની રીતે યથાયોગ્ય આગળ વધી રહ્યાં છે. તેમાંય **મુનિ સુયશચંદ્રવિજય** તથા **મુનિ સુજસચંદ્રવિજય** સાહિત્યના સંશોધન-સંપાદન ક્ષેત્રે પોતાના ક્ષયોપશમાનુસાર સારા આગળ વધી રહ્યાં છે. જહેમત પણ સારી ઉઠાવી રહ્યાં છે તે અનુમોદનીય, અનુકરણીય છે. તેમનું આ કાર્ય જોઈને તેઓ બન્નેના પિતામુનિ (મુનિ સત્યચન્દ્રવિ.) માતા સાધ્વીજી (સા. સત્યયશાશ્રીજી) અને બેન મ.સા. સુજશયશાશ્રીજી પણ અંતરથી વિશેષ આનંદિત થતા હશે. 'પુણ્યચરિતમહાકાવ્યમ્' ના સંશોધનમાં જે રીતે તેઓએ પરમ પુરુષાર્થ કર્યો છે તે રીતે જ સતત પુરુષાર્થ કરતા બન્ને પૂજ્યોની કૃપાથી આ ક્ષેત્રમાં ખૂબ ખૂબ આગળ વધે તેવી અંતરની અભિલાષા.

આ કાવ્ય મેળવી આપી પોતાની સર્વશક્તિ જોડી પ્રસ્તુત ગ્રંથ સંપાદન કરનાર, બુઝર્ગ વયે પણ સતત શ્રુતજ્ઞાનના અભિલાષી મહોપાધ્યાય **શ્રી વિનયસાગરજી** પણ અવશ્ય પ્રશંસાર્હ છે.

શ્રી ચિંતામણી પાર્શ્વનાથ જિનાલય પ્રતિષ્ઠા (સં. ૨૦૫૯) ની સ્મૃતિને નિમિત્ત રાખી પ્રસ્તુત પુસ્તકના પ્રકાશનમાં પોતાના સંઘમાંથી સંપૂર્ણ દ્રવ્યસહયોગ આપનાર **શ્રી વિલેપાર્લે શ્વે.મૂ.પૂ. જૈન સંઘ એન્ડ ચેરીટીઝ** પણ ધન્યવાદને પાત્ર છે.

મુદ્રણનું કાર્ય કરનાર શ્રી ભરત ગ્રાફીક્સને કેમ ભુલાય !

પ્રાંતે આવા ગુણિજનોના ગુણાભિમુખ થઈ તેનું કીર્તન કરતા તે તે ગુણના સ્વામી બનીયે તે અભ્યર્થના.

શ્રાવણ વદ-૫
(પૂ. ગુરુદેવ
વિ.અશોકચંદ્રસૂરિજી મ. જન્મદિન)
ભાયખલા, મુંબઈ.

પૂ.આ.**શ્રી વિજયચંદ્રોદયસૂરિજી** ગુરુબંધુ
આ. **શ્રી વિજયઅશોકચંદ્રસૂરિ**ચરણોપાસક
આ. સોમચંદ્રસૂરિ

॥ श्री आदिनाथाय नमः ॥

॥ शासनसम्राट् श्रीनेमि-विज्ञान-कस्तूर-चन्द्रोदय-अशोकचन्द्रसूरिभ्यो नमः ॥

संपादकीय

कुरु सुविहितगुणनिधिगुणगानम्

पुण्य के निधान स्वरूप परमपुण्यवती साध्वीवर्या श्री पुण्यश्रीजी के जीवन चरित्र सम्बन्धी **'पुण्यचरित्रमहाकाव्यम्'** पुस्तक विद्वानों के कर-कमलों में प्रस्तुत करते हुए हार्दिक हर्ष का अनुभव हो रहा है ।

पुण्यशाली आत्माओं के लिए गच्छ के भेद कदापि बन्धनकारक नहीं होते हैं । इसीलिए वे देश को मान्य और वन्दनीय बनते हैं । उनके काव्य सम्बन्धी गुणवत्ता का विस्तार से विवेचन विद्वद्वर्य महोपाध्याय श्री विनयसागरजी तथा साहित्यकार डॉ. सत्यव्रत जी ने सूक्ष्म बुद्धि से किया ही है ।

यह संस्मरणीय है कि १०० वर्ष पहले हुई साध्वी श्री पुण्यश्रीजी के चरित्र का सम्पूर्ण निरीक्षण पर ऐसा प्रतीत होता है कि वास्तव में वे 'शक्तिस्वरूपा' थीं। 'जहाँ गुरुजनों के चरणन्यास हो वहाँ पुण्य के विशिष्ट पुञ्ज बन ही जाते हैं ।' 'जहाँ राम वहीं अयोध्या' आदि लोकोक्तियाँ उनके लिए यथार्थतः सिद्ध होती है । वे जहाँ-जहाँ गई, जहाँ-जहाँ विचरण किया वहाँ-वहाँ दीक्षाएं, तपश्चर्याए, महोत्सव होते गए । क्या नहीं हुआ ? यह प्रश्न खड़ा होता है । अनेक बहिनों को संयम देकर भगवान् महावीर के मार्ग को सुदृढ़ बनाया । कदाचित् ऐसा भले ही बनता हो कि उनके पास स्वयं की पुत्री को वन्दनार्थे ले जाने वाली श्राविकायें भी हिचकिचाती हों, 'कहीं यह मेरी पुत्री दीक्षा ग्रहण न कर ले !'

एसे पुण्य के निधानस्वरूप साध्वी पुण्यश्री का जीवनचरित्र संस्कृत में नहीं तो हिन्दी भाषा में भी अवश्य पढ़ना चाहिए, जिससे संयमपूत आत्मा की अनुमोदना करते-करते संयम ग्रहण कर शीघ्र मोक्ष सुख के भागी बनें ।

दोनों ही पूज्य गुरु भगवन्त (प.पू. आचार्य **श्रीविजयचन्द्रोदयसूरीश्वरजी महाराज** तथा परमपूज्य आचार्य **श्री विजयअशोकचन्द्रसूरीश्वरजी महाराज**) की

समर्पित मन से सेवा करनेवाले प्रत्येक मुनिगण स्वयं की रीति नीति से यथा योग्य आगे बढ़ रहे हैं ।

उसमें भी **मुनि सुयशचन्द्रविजय** तथा **मुनि सुजशचन्द्रविजय** साहित्य के संशोधन तथा संपादन क्षेत्र में स्वयं के क्षयोपशमानुसार प्रयत्नपूर्वक आगे-आगे बढ़ते जा रहे हैं, यह अनुमोदनीय और अनुकरणीय है । उनके इस कार्य से दोनों के पिता (मुनि सत्यचंद्रवि.) माता (सा. सत्ययशाश्री) एवं बेन (सा. सुजसयशाश्री) भी हृदय से आनन्दित होते होंगे । पुण्यचरित महाकाव्य के संशोधन में जिस पद्धति से उन्होंने परम पुरुषार्थ किया है, उसी प्रकार निरन्तर पुरुषार्थ करते हुए पूज्यों की कृपा से ये आगे बढ़ते जाएं यही अंतरंग की अभिलाषा है ।

काव्य की प्रति प्राप्ति कर, स्वयं की पूर्ण शक्ति लगाकर प्रस्तुत ग्रन्थ के सम्पादन करनेवाले, वार्धक्यावस्था में भी सतत श्रुतज्ञानाभिलाषी महोपाध्याय **श्री विनयसागरजी** अवश्य ही प्रशंसा के योग्य हैं ।

मुद्रण कार्य में सहयोग देनेवाले श्री भरत ग्राफिक्स धन्यवाद के पात्र हैं । ऐसे समय में आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है ऐसे **श्री विलेपार्ले श्वे.मू.पू. जैन संघ एन्ड चेरिटीझ** को कैसे भूल सकते हैं ? वे भी साधुवाद के पात्र हैं । प्रान्त में ऐसे सुविहितगुणिजन के गुण का गान सब करते रहे यह अभ्यर्थना सह...

श्रावण वद-५
(पू. गुरुदेव
वि.अशोकचंद्रसूरिजी म. जन्मदिन)
भायखला, मुंबई ।

पू.आ. **श्री विजयचंद्रोदयसूरिजी** गुरुबंध
आ. **श्री विजयअशोकचंद्रसूरि**चरणोपासक
आ. सोमचंद्रसूरि

પુરોવચન

શ્રુતશું દિલ માન્યો...

તપ ત્યાગ ને સ્વાધ્યાયમાં, તલ્લીન જે નિશદિન રહે,
ઉપસર્ગ ને પરિષહ તણી, વણજારને હસતા સહે,
દશવિધ સાધુ ધર્મની, કરે ભાવથી આરાધના,
તે ધન્ય છે જે નિત્ય કરે, શાસનતણી પ્રભાવના.

તપ-જપ-જ્ઞાન-ધ્યાન વગેરે અનેક ગુણોથી વિભૂષત, પ્રભુ વીરની પાટ પરંપરાને અવિચ્છિન્નપણે આપણા સુધી પહોંચાડનાર અનેક શ્રમણ-શ્રમણી રત્નો સમયે સમયે શ્રીસંઘને મળ્યા છે. આવા જ એક શ્રમણીરત્ન સા. પુણ્યશ્રીજીના જીવનનો પરિચય આપતું પુસ્તક અમારા સંઘના ઉપકારી શ્રી **નેમિ-વિજ્ઞાન-કસ્તૂર-ચંદ્રોદય-અશોકચંદ્રસૂરિજી** મ.ના શિષ્ય પૂ.આ. મહારાજ શ્રી વિજયસોમચંદ્રસૂરિજી મ. ની પ્રેરણાથી તથા મહોપાધ્યાય શ્રી **વિનયસાગરજી**ના પ્રયત્નથી પ્રકાશિત થઈ રહ્યું છે.

ઉપરોક્ત પ્રકાશન કાર્યમાં **શ્રી વિલેપાર્લે શ્વે. મૂ. પૂ. જૈન સંઘ એન્ડ ચેરીટીઝ- પાર્લા,** મુંબઈ તરફથી સંપૂર્ણ આર્થિક સહયોગ પ્રાપ્ત થયેલ છે. જેથી તેઓશ્રીના અમે ખૂબ ખૂબ ઋણી છીએ.

આ જ રીતે ભવિષ્યમાં પણ અમારા સંઘને આવો લાભ આપે અને અમે પણ તે માટે તત્પર રહીએ. તે જ ભાવના સહ...

- શ્રી રાંદેર રોડ જૈન સંઘ, સુરત
એમ.એસ.પી.એસ.જી. ચેરીટેબલ ટ્રસ્ટ, જયપુર

पुरोवचन

श्रुतशुं दिल मान्यो...

ज्ञान-ध्यान-तप-जप-वैयावच्च इत्यादि अनेक गुणों से विभूषित, प्रभु वीर की उज्ज्वल परंपरा को अद्यावधि उष्मावंत रखने वाले अनेक श्रमण-श्रमणीरत्नों समय-समय पर श्री संघ को प्राप्त हुए हैं । हमें आनंद है की एसे ही एक श्रमणीरत्न सा. पुण्यश्रीजी के जीवनवृत्तांत को निदर्शितकरता हुआ यह काव्यग्रन्थ हमारे परमोपकारी पू.आ. श्री **नेमि-विज्ञान-कस्तूर-चंद्रोदय-अशोकचंद्रसूरिजी** म. के शिष्य पू.आ. **श्री विजयसोमचंद्रसूरिजी** म. की प्रेरणा-मार्गदर्शनानुसार एवं जयपुर, प्राकृतभारती एकादमी के महो. **विनयसागरजी** के प्रयत्न से प्रकाशित हो रहा है ।

उनके इस प्रकाशनकार्य में **श्री विलेपार्ले श्वे.मू.पू. जैन संघ एन्ड चेरीटीझ, पार्ला** स्थित संघने संपूर्ण आर्थिक सहयोग दीया । अतः हम उनके बहोत आभारी है ।

पूज्यश्री द्वारा हमें श्रुतभक्ति का एसा अवसर पुनः पुनः मीलता रहे और हम भी उन कार्यो के लिए तत्पर रहे यह भावना सह...

- रांदेर रोड जैन संघ, सुरत
एम.एस.पी.एस.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर

प्राक्कथन

महाकवियों ने ऋषभदेव आदि चौबीस तीर्थंकर, भरत आदि बारह चक्रवर्ती, अचल आदि नौ बलदेव, त्रिपृष्ठ आदि नौ वासुदेव, अश्वग्रीव आदि नौ प्रतिवासुदेव, गौतम स्वामी आदि गणधरों, युग के महापुरुषों तथा युगप्रधान जिनदत्तसूरि, मणिधारी जिनचन्द्रसूरि, कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्राचार्य, जिनकुशलसूरि, विजयहीरसूरि, युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि, विजयसेनसूरि, विजयदेवसूरि आदि जैनाचार्यों, श्रेष्ठतम उपासकों में दण्डनायक विमल, मन्त्री वस्तुपाल–तेजपाल, मन्त्री पेथड़ शाह, मन्त्री झांझण शाह, मन्त्री कर्मचन्द बच्छावत आदि पर महाकाव्य लिखे हैं। जैनेतर परम्परा में भी भगवान् विष्णु, भगवान् शिव, भगवान् कार्तिकेय, गणेश तथा धीरोदत्त एवं धीरललित नायकों एवं राजाओं पर महाकवियों ने महाकाव्य लिखकर अपनी भावाञ्जलि प्रस्तुत की है। भक्त कवियों ने महाशक्ति दुर्गा, काली, सरस्वती, लक्ष्मी आदि देवियों पर अपनी लेखिनी चलाकर सर्जन किया है।

उल्लेखनीय उपनिषद् कालीन विशिष्टतम अत्रि, गार्गी, मैत्रेयी, गौतमी, दमयन्ती, द्रौपदी आदि महानारियों के कथानक यत्र–तत्र विस्तार के साथ प्राप्त होते हैं किन्तु इन पर स्वतन्त्र रूप से महाकाव्य प्राप्त नहीं होते। नल को प्रधानता देकर नैषधीय चरित काव्य और पाण्डवों को प्रधानता देकर महाभारत इत्यादि महाकाव्य दृष्टिगत होते हैं किन्तु स्वतन्त्र रूप से नहीं। दमयन्ती कथा चम्पू, द्रौपदी स्वयम्वरम् और अभिज्ञान शाकुन्तल नाटक प्राप्त होते हैं, किन्तु दमयन्ती कथा चम्पू भी नल चम्पू के नाम से प्रसिद्ध है। हालांकि आप्तटीकाकार हरिभद्रसूरि ने अपने समस्त ग्रन्थों में याकिनी–महत्तरासूनु लिखकर साध्वी को महत्तम दर्जा अवश्य दिया है किन्तु इनका भी कोई स्वतन्त्र काव्य नहीं मिलता है। महासती सीता का चरित्र भी

रामायण में प्राप्त होता है किन्तु भगवान् राम की अर्धांगिनी के रूप में ही। राधा के सम्बन्ध में अनेक खण्ड काव्य नाटक इत्यादि भी प्राप्त होते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रारम्भ से ही महादेवियों को छोड़कर नारी जाति को उच्चतम स्थान देते हुए भी कोई महाकाव्य नहीं लिखा गया।

यद्यपि जैन लेखकों ने प्राकृत भाषा में धनेश्वरसूरि ने सुरसुन्दरी चरियम्, (रचना संवत् ११२५); महेन्द्रसूरि ने नर्मदासुन्दरी चरियम् (रचना संवत् ११८७); जिनभद्रसूरि ने मदनरेखा चरित्र (१२वीं शताब्दी) और महेश्वरसूरि ने – सीया चरिय; संस्कृत भाषा में जयतिलकसूरि ने मलयसुन्दरी चरित्र, मलधारी हेमचन्द्रसूरि एवं देवप्रभसूरि ने मृगावती कथा, जिनहर्षसूरि ने आरामशोभा कथा, तथा नाटक ग्रन्थों में विजयपाल रचित द्रौपदी स्वयंवर नाटक आदि अनेक कथा ग्रन्थ प्राप्त होते हैं किन्तु महाकाव्य के रूप में कोई ग्रन्थ प्राप्त नहीं होता है।

सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य का विहंगम अवलोकन करने पर अनुपम और नवीन कृति के रूप में नारी जाति पर महाकाव्य लिखने का सर्वप्रथम प्रयत्न मरुधररत्न आशुकवि पण्डित नित्यानन्द शास्त्री ने किया है। नित्यानन्द शास्त्री राम और हनुमान के परम भक्त एवं विप्र जाति के होते हुए भी एक जैन साध्वी पर महाकाव्य लिखने का प्रयत्न कर अभूतपूर्व दिगन्त व्यापिनी निर्देश दिया है कि नारी भी शक्ति–स्वरूपा है। वह महाकाव्य है–प्रवर्तिनी पुण्यश्री चरित महाकाव्य।

कवि का जीवन परिचय

पूर्व में इनके पूर्वज जैतारण में निवास करते थे। श्री माधव कवीन्द्रजी का विद्याध्ययन केन्द्र जयपुर रहा और यहीं तत्कालीन विद्वानों द्वारा प्रतिष्ठा भी प्राप्त की। जयपुर के पश्चात् श्री माधव कवीन्द्रजी ने अपना निवास स्थान जोधपुर बना लिया। इन्हीं के पुत्ररत्न थे आशुकवि पण्डित नित्यानन्दजी शास्त्री। इनका कुल दाधीच था और कात्सल्या गोत्र था। इनका जन्म सन् १८८९ में हुआ। इनके बड़े भाई का नाम भगवतीलालजी था। इन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा अपने पिता श्री माधव कवीन्द्रजी से प्राप्त की और उनकी अनुपस्थिति में बड़े भाई श्री भगवतीलालजी से प्राप्त की।

प्रारम्भिक शिक्षा घर में प्राप्त कर वैदिक पाठशाला, जोधपुर में अध्ययन करने लगे। इनके बड़े भाई इसी पाठशाला के प्रथमाध्यापक थे। पंजाब विश्व विद्यालय की विशारद परीक्षा उच्चतम अंकों से उत्तीर्ण की। अध्ययन हेतु जोधपुर से आप लाहौर चले गए। लाहौर में शब्द–शास्त्रधुरीण महामहोपाध्याय पण्डित शिवदत्त ने इनकी नैसर्गिक प्रतिभा को पहचाना और इनके सान्निध्य में ही ओरियन्टल कॉलेज से शास्त्रीय परीक्षा उत्तीर्ण की। महामहोपाध्याय पण्डित शिवदत्तजी ने इनको व्याकरण शास्त्र का विशिष्ट अध्ययन करवाया और काव्यमाला (निर्णयसागर प्रेस, बम्बई) के सम्पादन में सहयोगी भी बनाया। ओरियन्टल कॉलेज, लाहोर में अंग्रेजी का शिक्षण अनिवार्य होने से इन्होंने अंग्रेजी में भी विशिष्ट योग्यता प्राप्त की।

अध्ययन के पश्चात् ये पुनः जोधपुर लौट आए। इनके बड़े भाई भगवतीलाल जी ने इनका विवाह सम्पन्न करवाया। जीविकोपार्जन की दृष्टि से श्री शिवदत्तजी दाधीच की प्रेरणा से वेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित होने वाले कई ग्रन्थों का सम्पादन भी किया। महावीर कॉलेज, बम्बई के भी प्राध्यापक बने, वहाँ भी उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर से प्रकाशित होने वाले आत्माराम पंचाग आदि अनेक ग्रन्थों का सम्पादन भी आपने किया। साथ ही जैन मुनियों को संस्कृत भाषा का अध्यापन भी करवाते रहे।

सन् १९१२ में महाराजा सर प्रतापसिंहजी जोधपुर के अनुरोध पर इन्होंने राजपुत नोबल स्कूल में अध्यापन कार्य किया। महाराज उम्मेदसिंहजी जोधपुर ने भी इनसे विद्यार्जन किया था। सन् १९३८ में इनके ज्यैष्ठ भ्राता पण्डित भगवतीलालजी का स्वर्गवास होने के पश्चात् भगवतीलालजी के स्थान पर इनको पुस्तक प्रकाश–राजकीय हस्तलिखित पुस्तकालय के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जहाँ वे मृत्यु पर्यन्त कार्यशील रहे।

पण्डित नित्यानन्द शास्त्री रामभक्त हनुमान के अनन्य भक्त थे। महाकवि कालिदास के मेघदूत से प्रभावित होकर उन्होंने पादपूर्ति के रूप में हनुमद् दूतम् की भी रचना की थी। रामचरिताब्धिरत्नम् चित्रकाव्यात्मक

महाकाव्य लिखकर अपने उत्कृष्ट पाण्डित्य का परिचय दिया। चित्रकाव्य होने पर भी इस काव्य में रस, अलंकार, ध्वनि, या गुणों का तनिक भी अभाव नहीं है। पढ़ते हुए रसात्मक अनुभूति होती है। १४ सर्गों के इस महाकाव्य में प्रत्येक पद्य के प्रत्येक चरण के प्रथम अक्षर मूल रामायण के छन्दों से क्रमशः लिये गये हैं। इस काव्य में मूल रामायण इसी प्रकार प्रस्तुत की गई है। इसको पढ़ने से ऐसा प्रतीत होता है कि व्याकरण शास्त्र पर इनका असाधारण अधिकार था। यह ग्रन्थ पण्डित भगवतीलालजी शर्मा की टिप्पणी के आधार पर श्री मोहनलालजी शर्मा पाण्डेय हिन्दी व्याख्या की साथ आचार्य नित्यानन्द स्मृति संस्कृत शिक्षा एवं शोध संस्थान, कलकत्ता से संवत् २००५ में प्रकाशित हो चुका है।

शास्त्रिजी द्वारा निर्मित संस्कृत में अन्य रचनाएं हैं – आर्यामुक्तावली, बालकृष्णनक्षत्रमालादेवीस्तवनम्, आत्मारामपञ्चरङ्ग, विविधदेवस्तव संग्रह, मारुतिस्तव और हिन्दुला का संस्कृत अनुवाद। हिन्दी भाषा की प्रमुख रचनाएं हैं – ऋतुविलास, द्विजदशादर्पण, आदिशक्तिवैभव, उन्नति दिग्दर्शन, हनुमद् दूत, मुक्तककविताकलाप और श्री रामकथा–कल्पलता। दधिमति पत्रिका का सम्पादन भी इन्होंने किया था। अनेक संस्थाओं ने आशुकवि, कवि भूषण, कविरत्न, विद्या वाचस्पति आदि उपाधियों से उन्हें अलंकृत किया।

आशुकवि पण्डित नित्यानन्द शास्त्री के दो पुत्र थे – श्याम मनोहर एवं बालकृष्ण और पुत्री थी गिरिजा। इनके दौहित्र ओमप्रकाश आचार्य और अमरदत्त दाधिच विद्यमान है। इनका स्वर्गवास १९६१ ईस्वी में हुआ। (इनका जीवन परिचय श्री रामचरिताब्धिरत्नम् में श्री प्यारेमोहनजी शर्मा द्वारा लिखित जीवन परिचय से लिया गया है।)

पण्डित नित्यानन्द शास्त्री के बड़े भाई श्री भगवतीलालजी भी उच्चकोटि के विद्वान् थे। इनकी सर्वदा यही भावना रही की छोटे भाई नित्यानन्द की कीर्ति दिग्दिगन्त व्यापिनी हो। इस दृष्टि से उन्होंने स्वतन्त्र निर्माण न करके नित्यानन्दजी द्वारा रचित ग्रन्थों का गौरव प्राप्त करते रहे हैं। पण्डित नित्यानन्दजी रचित रामचरिताब्धिरत्नम् पर संस्कृत भाषा में

'साण' टीका भी लिखी है। खरतरगच्छीय श्री पूर्णसागरजी रचित उत्तमकुमार चरित की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि १९६५ में पण्डित भगवतीलाल ने मुनि पूर्णसागर की आज्ञा से उत्तमकुमार का वृत्तान्त लिखा –

बाणाङ्गनन्दचन्द्राब्दे पौषे मास्यसितेदले।
पञ्चम्यां रविवारे च, चरित्रं पूर्त्तिमभ्यघात्॥ १॥
मुनिपूर्णसागरस्याज्ञयोत्तमकुमार–वृत्तान्तम्।
विद्वद्भगवतिलालोऽनुदितवान् सुरगिरा सम्यक्॥ २॥

भगवतीलालजी के रग–रग में सरस्वती सेवा बसी हुई थी। विद्यार्थियों को सहयोग देना, अपना परम कर्त्तव्य समझते थे। कहा जाता है कि एक मात्र युवा पुत्री मृत्यु हो गई थी। पड़ौसियों को सूचना दें इससे पूर्व ही एक छात्र ने इनके कमरे का दरवाजा खटखटाया। अन्तर्मानस दुःख एवं उद्वेग से परिपूर्ण होने पर भी उन्होंने छात्र से पूछा – क्या कार्य है? छात्र ने कहा– गुरुजी! आज ही उस विषय की अन्तिम परीक्षा है। मेरा परीक्षा पत्र श्रेष्ठ हो जाए इसी दृष्टि से मैं आपके चरणों में आया हूँ। दुःख की वेला में भी छात्र की भावना को वे समझ गए। शवस्थित कमरे को बन्द कर दूसरे कमरे में बैठकर उसे पढ़ाने लगे। छात्र के चले जाने पर मृत्यु प्राप्त शव का क्रियाकलाप करने लगे। पड़ौसी ने पूछा – पण्डितजी! कुछ घण्टे पूर्व ही मृत्यु होने पर भी आप इस छात्र को पढ़ा रहे थे। भगवतीलालजी ने उत्तर दिया– आता है सो जाता ही है, किन्तु छात्र का भविष्य क्यों बिगड़े? यह थी उनकी सहृदयता, दूसरे के दुःख दर्द समझने की क्षमता।

शास्त्रीजी की मित्र–मण्डली और छात्रवृन्द

शास्त्रीजी की मित्र–मण्डली में कुछ नामों का उल्लेख अभीष्ट होने से यहाँ कर रहे हैं:– पण्डित इन्द्रराजजी आचार्य (निरीक्षक–संस्कृत पाठशाला), पोलो खिलाड़ी महाराजा प्रेमसिंहजी (जोधपुर), ठाकुर ओंकारसिंहजी (सेवा निवृत्त, आई. ए. एस.) इनके मित्र मण्डली में थे। घनिष्ट मित्रों में कवि कलानिधि देवर्षि भट्ट मथुरानाथ शास्त्री (जयपुर) कथा भट्ट जगदीशचन्द्रजी (जयपुर) आदि थे। प्रिय छात्रों में डॉ० तारा प्रकाशजी जोशी, (हिन्दी के कवि और सेवा निवृत्त आई. ए. एस.) डॉ०

वेंकट शर्मा डी. लिट (संस्कृत विभाव, जोधपुर विश्वविद्यालय), श्री सत्यप्रकाशजी जोशी (राजस्थानी कवि), श्री सीतारामजी लालस (राजस्थानी शबदकोश के रचयिता) आदि थे। तथा अमरदत्तजी दाधिच अपनी सदाचारिता के कारण इनके अत्यन्त कृपापात्र थे।

पण्डितजी की पुत्री का नाम गिरिजा देवी श्री बुद्धिप्रकाशजी आचार्य की धर्मपत्नी थी। इन्हीं के पुत्र श्री ओमप्रकाशजी आचार्य हैं जो कि पण्डितजी के दौहित्र लगते हैं। ओ. पी. आचार्य मुख्यतः चार्डट अकाण्टेड हैं और मुख्य रूप से मैनेजमेन्ट कन्सल्टी के सेवाएँ कोलकत्ता, दिल्ली आदि स्थानों से देते हैं। लेखा–व्यवसायी होने पर भी स्वर्गस्थ पण्डितजी की प्रेरणा से अपने नाना के समस्त ग्रन्थों का नयनाभिराम प्रकाशन करने के लिए कटिबद्ध हो गये हैं। आचार्य नित्यानन्द स्मृति संस्कृति शिक्षा एवं शोध संस्थान, कलकत्ता में स्थापित किया है और इसी संस्थान के माध्यम से श्रीरामचरिताब्धिरत्नम् का भी नयनाभिराम प्रकाशन किया है। पण्डित नित्यानन्द शास्त्रीजी की एक मात्र कृति पुण्यचरित महाकाव्य का जब उन्हें ज्ञात हुआ कि मेरे पास है तो वे इसके प्रकाशन के लिए मुझे प्रेरित करते रहे।

पुण्यश्री महाकाव्य की रचना

जोधपुर में पण्डित नित्यानन्द का श्वेताम्बर मूर्तिपूजक साधु–साध्वियों से घनिष्ठ सम्बन्ध रहा। निरन्तर विद्यादान करने में उन्होंने अपना सौभाग्य समझा। इनके पास अनेकों साधु–साध्वियों ने विद्यार्जन किया। मुक्त हृदय से वे उनको विद्या प्रदान करते थे। पुण्यश्रीजी की अनेकों साध्वियों को भी इन्होंने पढ़ाया होगा। सम्भवतः उन साध्वियों के अनुरोध पर ही इस काव्य की उन्होंने रचना की गयी होगी।

यह महाकाव्य अपूर्ण सा प्रतीत होता है क्योंकि इस काव्य में पुण्यश्रीजी के जीवन की १९६७ तक की घटनाओं का ही निरूपण है। पुण्यश्रीजी का स्वर्गवास १९७६ में जयपुर में हुआ था। १९६७ के बाद उनके चरित्र का वर्णन इसमें प्राप्त नहीं है। सम्भवतः साध्वीजनों के मुख से उन्होंने जितना सुना उतने ही अंश की उन्होंने काव्य में निरूपण किया है। आगे की घटनाएं बाद में लिखूंगा यह सोचकर नित्यानन्दजी ने इस

काव्य की प्रशस्ति भी नहीं लिखी। काव्य का जितना अंश लिखा गया था उतने ही अंश की अग्रज श्री भगवतीलाल ने भाषा टीका लिखी है।

जैन साध्वी पर महाकाव्य लिखते हुए भी वे अपने परम इष्ट देव हनुमान् को तनिक भी न भूल सके। इस महाकाव्य के प्रारम्भ में प्रथम सर्ग के प्रथम श्लोक में रामभक्त हनुमान् की भी श्लेष द्वारा में स्तुति की है। कवि–चातुर्य का आस्वादन कीजिए।

श्रीशालिनं नाशितशत्रुदर्पं, सिद्धार्थजातं विजितोत्कटाक्षम्।
प्लुतोरुसंसारसमुद्रमीशं, मरुत्सुतं पूज्यमुपैमि वीरम्॥


हनुमान् के पक्ष में अर्थ – लक्ष्मी की शोभा को धारण करने वाले, शत्रुओं के गर्व का हरण करने वाले, अर्थ–समूह को सिद्ध करने वाले, उन्मत्त अक्षकुमार (दशानन रावण का पुत्र) पर विजय प्राप्त करने वाले, विशाल समुद्र को लांघने वाले और ईश्वर–पूजनीय महावीर मरुत्सुत (पवनपुत्र) श्री हनुमान् की मैं शरण ग्रहण करता हूँ। ॥ १ ॥

श्री पुण्यचरित्र महाकाव्य एक महाकाव्य है। महाकाव्य के जो लक्षण प्रतिपादित किए गए हैं, उनसे युक्त है। रस, गुण, रीति, अलंकारों से समन्वित है। इसमें १८ सर्ग हैं। यह घटना बहुल महाकाव्य है तथापि रसनिष्पत्ति अविकल रूप से चलती रहती है। इस महाकाव्य के काव्य पक्ष पर प्रो० डॉ० सत्यव्रतजी ने स्वतन्त्र रूप से लिखा है, अतः पुनरुक्ति की आवश्यकता नहीं है। काव्य का उसका मैं सर्गानुसार सारांश प्रस्तुत है।

प्रथम सर्ग – इस सर्ग के प्रथम पद्य में भगवान महावीर को नमस्कार किया गया है। श्लेष के द्वारा कवि ने रामभक्त हनुमान् को भी नमन किया है। दूसरे पद्य में हंसवाहना सरस्वती देवी को और तीसरे पद्य में गुरु को नमस्कार किया गया है। चौथे पद्य से कथानक प्रारम्भ होता है। जम्बूद्वीप में भारतवर्ष है वहाँ संप्रति सप्तम एडवर्ड का राज्य चल रहा है। इसी भारतवर्ष में जैसलमेर नाम का नगर है। वहाँ इक्ष्वाकु वंशीय भाटी शाखा के वैरीशाल राजा राज्य कर रहे हैं। इसी राज्य के अन्तर्गत ग्रहाशर (गिरासर) नाम का ग्राम है। वहाँ ओसवाल जातीय पारीख गोत्रीय जीतमलजी निवास करते हैं, जो कि उस जागीरदार के सचिव के पौत्र

हैं। उनकी पत्नी का नाम कुंदन देवी है। उनके यहाँ विक्रम संवत् १९१५ वैशाख शुक्ला छठ सोमवार के दिन पुत्री का जन्म होता है और उसका नाम पन्ना कुमारी रखा जाता है।

काव्य निर्माता ने यहाँ पन्नीबाई का जन्म लग्न की लिया है। जिसके अनुसार वैशाखसुदि ६, सोमवार, विक्रम संवत् १९१५ सूर्योदय से ७ घटी १० पल पर इस बालिका का जन्म वृष लग्न में हुआ था। जन्म कुण्डली इस प्रकार बनती है:-



मारवाड़ प्रदेश के अन्तर्गत जोधपुर राज्य पर महाराजा तख्तसिहंजी का राज्य है। जोधपुर राज्य के अन्तर्गत फलौदी नाम का नगर है। वहाँ जेठमलजी झाबक निवास करते हैं। उनके सुपुत्र का नाम दौलतराम है। सामाजिक परम्परा के अनुसार विक्रम संवत् १९२७ आषाढ़ कृष्णा सप्तमी के दिन बाल्यावस्था में ही पन्ना कुमारी का दौलतराम के साथ विवाह सम्पन्न हो जाता है और पन्नाकुमारी अपने ससुराल पहुँच जाती है।

द्वितीय सर्ग – दैवदुर्विपाक से दौलतराम को अतिसार की भयंकर व्याधि होती है और विक्रम संवत् १९२७ आषाढ़ सुदि दशमी के दिन उसका स्वर्गवास हो जाता है अर्थात् विवाह के अठारहवे दिन ही नायिका पन्ना कुमारी को वैधव्य का असीम दारुण दुःख झेलना पड़ता है। पन्ना कुमारी के

संस्कार प्रारम्भ से ही धर्म की ओर उन्मुख थे। वह धर्माराधना में अपना समय व्यतीत करती है।

संयोग से फलौदी नगर में खरतरगच्छीय साध्वी उद्योतश्रीजी का आगमन होता है। यहाँ कवि ने गणधर सुधर्मा स्वामी से खरतरगच्छ के प्रमुख–प्रमुख आचार्यों का नाम देते हुए क्षमाकल्याणोपाध्याय तक गुरु–परम्परा का निरूपण किया है। इसी प्रसंग में से क्षमाकल्याणोपाध्याय का विस्तृत जीवन चरित्र दिया गया है, जो निम्न है –

बीकानेर राज्य में केसरदेसर नाम का ग्राम है। वहाँ मालू गोत्रीय श्रेष्ठी के यहाँ विक्रम संवत् १८०१ में इनका जन्म हुआ और अमृतधर्मोपाध्याय से १८१२ में दीक्षा ग्रहण कर उनके शिष्य बने। श्रीराजसोमोपाध्याय से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। किसी समय वाराणसी का एक श्रेष्ठ विद्वान् आया था उसके साथ शास्त्रार्थ में क्षमाकल्याणजी ने विजय प्राप्त की। राजसोमजी से न्याय, आगम, व्याकरण आदि का अध्ययन कर ये उद्भट विद्वान् बन गए। स्वप्नेश्वरी देवी की इन्होंने साधना की। गच्छनायक ने इनको उपाध्याय पद प्रदान किया। क्षमाकल्याणजी ने कल्याणजय और विवेकजय नाम के दो शिष्यों को दीक्षा प्रदान की। कल्याणजय का शिष्य ज्ञानानन्द हुआ और विवेकजय का शिष्य गुणानन्द हुआ। ज्ञानानन्द का शिष्य मयाचन्द और गुणानन्द का शिष्य मौक्तिकचन्द्र बना। मौक्तिकचन्द्र का शिष्य पन्नालाल और मुकुनचन्द बने। जैसलमेर में निवास करते हुए उन्होंने भैरव से परिपूजित सर्वतोभद्र महायन्त्र की टीका का निर्माण किया और इस यन्त्र को सिद्ध किया।

एक समय जोधपुर नरेश ने जैसलमेर पर चढ़ाई की हार के कगार पर पहुँचने की स्थिति में जैसलमेर के रावल क्षमाकल्याणोपाध्याय के पास पहुँचे और उनके समक्ष इस विषम परिस्थिति का उल्लेख करते हुए विजय के लिए मार्गदर्शन चाहा। उपाध्यायजी ने एक नगारा मंगवाकर उस पर सर्वतोभद्रयन्त्र लिखा। इस यन्त्र को लेकर महारावल डंके की चोट पर गर्जारव करते हुए युद्ध क्षेत्र में आगे बढ़े, यन्त्र के अमोघ प्रभाव से जोधपुर की शत्रुसेना पराजित हो गई। महारावल विजयी हुए और उपाध्यायजी के

परम भक्त हो गए। एक समय जैसलमेर की सभा में वहाँ के नरेश ने किसी ज्योतिषी से अपनी आयु के सम्बन्ध में प्रश्न किया। ज्योतिषी ने उनकी शेष आयु सात वर्ष बतलाई। संदेह हुआ और जैसलमेर नरेश ने उपाध्यायजी ने इस सम्बन्ध में पूछा – उपाध्याय जी ने स्वप्नेश्वरी देवी के सहयोग से उनकी शेष आयु १७ वर्ष बतलाई। रावलजी १७ साल जीवित रहे। वहाँ से उपाध्यायजी मक्सुदाबाद पधारे। संवत् १८४८ का चातुर्मास बालूचर में किया और और व्याख्यान में भगवती सूत्र का वांचन किया। संभवनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा करवाई। गुजरात को पवित्र करते हुए जोधपुर पधारे। जोधपुर नरेश मानसिंहजी उनके परम भक्त थे। वहाँ से महाराजा सूरसिंहजी के आग्रह पर बीकानेर पधारे। वहाँ से सूरत पधार गए। वहाँ से बुरहानपुर में विराजमान मनमोहन पार्श्वनाथ के दर्शन के लिए चले। मार्ग में एक कुएँ के निकट विश्राम किया। रास्ते में लूटेरों का भय था। उसी समय उनकी साधना के बल पर दो घुड़सवार भी उनकी रक्षा के लिए आ गए। वहाँ से वे बुहरानपुर पहुँचे। मनमोहन पार्श्वनाथ के दर्शन किए। वहाँ से सूरत पधारे। वहाँ शीतलनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा करवाई। वहाँ से पूना पधारे। १८६० का चातुर्मास वहाँ किया। वहाँ से बीकानेर पधारे। और रांगड़ी चौक के उपाश्रय में चातुर्मास किया।

गौतमीय महाकाव्य की टीका, आत्मप्रबोध, श्रीपालचरित्र (प्राकृत) की टीका और अनेक स्तोत्रों की रचना की। अष्टाह्निका, अक्षयतृतीया, चातुर्मासिक, मेरुत्रयोदशी और होलिका व्याख्यान की रचना की, तथा चतुर्विंशतिजिनचैत्यवंदन की रचना की।

अजमेर से तिलोकचन्दजी ने और बीकानेर से जुहारमलजी तथा राजाराम गिड़िया ने आपके उपदेश से शत्रुञ्जय तीर्थ की ससंघ यात्रा की। उनके साथ उपाध्यायजी ने चैत्रीपूर्णिमा के दिन शत्रुञ्जय तीर्थ के दर्शन किए।

संवत् १८६९ में भोजासर निवासी माल्हूगोत्रीय इन्द्रचन्द्र के पुत्र धर्मचन्द्र को दीक्षा प्रदान की और धर्मानन्द नाम रखा। स्वर्णाक्षरों में कल्पसूत्रों का लेखन करवाया। (जो आज भी – सुगनजी के उपाश्रय में

विद्यमान है।) संवत् १८७३ में इनका बीकानेर में ही स्वर्गवास हो गया। उसी दिन सव्रतिराय व्यास को जैसलमेर और लौद्रवा तीर्थ के बीच में दर्शन दिए, व्यासजी दो दिन बाद जैसलमेर आये, वहाँ पर आपश्री के स्वर्गवासी हो जाने की खबर सुनी तो अवाक् रह गए। उनकी दो दिन पूर्व प्रत्यक्ष दर्शन होने की बात ने सारे संघ को आश्चर्यचकित कर दिया।

इस प्रकार काव्य के अन्तर्गत खरतरगच्छीय उपाध्याय क्षमाकल्याणजी का जीवन चरित्र श्लोक संख्या २२ से ११० तक में गुम्फित किया है। यह इसीलिए भी आवश्यक था कि साध्वी उद्योतनश्रीजी क्षमाकल्याणजी की परंपरा में ही थी।

तृतीय सर्ग – उपाध्याय क्षमाकल्याणजी के शिष्य धर्मानन्दजी के पद पर श्री राजसागरजी एवं ऋद्धिसागरजी हुए। ऋद्धिसागरजी विचरण करते हुए जयपुर पधारे। वहाँ सरसा निवासी दूगड़ गोत्रीय सुखलालजी व्यापार हेतु आए हुए थे। मुनिजनों की वाणी सुनकर, प्रतिबोध पाकर दीक्षा ग्रहण की। सुखसागर नाम रखकर ऋद्धिसागरजी का शिष्य घोषित किया गया। इनका दीक्षा महोत्सव जयपुर निवासी माणिकचन्दजी गोलेछा ने किया था। इनकी योग्यता देखकर इनको गणिपद दिया गया। सुखसागरजी अपने शिष्य भगवानसागरजी के साथ विचरण करते हुए फलौदी पधारे। उस समय उद्योतश्रीजी भी वहीं विराज रही थीं।

पन्नीबाई के हृदय में दीक्षा ग्रहण करने की अभिलाषा उत्पन्न हुई और श्वसुर पक्ष और पितृ पक्ष को समझा–बुझाकर दीक्षा की अनुमति भी प्राप्त कर ली। १९३१ में बड़े महोत्सव के साथ दीक्षा ग्रहण की। नूतन दीक्षिता का नाम पुण्यश्री रखा गया।

चतुर्थ सर्ग – दीक्षानन्तर पुण्यश्रीजी उद्योतनश्रीजी के साथ खींचन, फलौदी, अजमेर, जयपुर, किशनगढ़ और अजमेर पधारी। वहाँ गुरुवर्या ने सिंहश्रीजी (शिवश्रीजी) को दीक्षा दी। विचरण के साथ इनका विद्याध्ययन कार्यक्रम भी चलता रहा। वहाँ से नागौर गई वहाँ भावश्री को दीक्षा प्रदान की। उत्तराध्ययन सूत्र का अध्ययन किया। नागौर में ही भगवती सूत्र का वाचन किया। वहाँ से बीकानेर होकर अजमेर, कृष्णगढ़

होकर वापिस अजमेर आई। अस्वस्थ होने के कारण पुण्यश्रीजी वहीं रही और उद्योतश्रीजी ने मक्षी तीर्थ की यात्रार्थ विहार किया। अजमेर से मेड़ता, लोहावट होकर फलौदी पधारीं। वहाँ वृद्धिश्री को और अमरश्री को खीचन में दीक्षा दी। चुन्नीलालजी की पत्नी को दीक्षा देकर शृङ्गारश्री नाम रखा। खूबचन्दजी की पुत्री को दीक्षा देकर सिरदारश्री नाम रखा। वहाँ से लोहावट, फलौदी होकर नागौर पधारीं। नागौर में हीरावाड़ी में स्थिरता की। वहाँ से जैसलमेर की यात्रा कर फलौदी, पाली, पधारी। वहाँ भगवती सूत्र और उपदेशमाला पर व्याख्यान दिया। वहाँ से फलौदी, लोहावट आदि स्थानों पर चातुर्मास करती हुई विचरण करने लगी। केसरश्री आदि को दीक्षा दी, उस समय तक इनकी ११ शिष्याएं बन गई थीं।

पञ्चम सर्ग: – वहाँ से पुण्यश्री फलौदी पधारीं। झवेरश्री और चम्पाश्रीजी को दीक्षा दी। वहाँ से चार साध्वियों के साथ नागौर होकर कुचेरा गईं। कुचेरा में अच्छी तपस्या हुई। संवत् १९४२ का चातुर्मास नागौर किया। वहाँ ज्ञातासूत्र और जम्बूचरित्र का व्याख्यान दिया। नागौर में पुण्यश्रीजी ज्वर से संतप्त रहीं। इधर, समुदाय नायक सुखसागरजी महाराज के अत्यधिक रुग्ण होने का समाचार प्राप्त हुआ। अस्वस्थ होते हुए भी उनके दर्शन के लिए नागौर से विहार किया। मार्ग में ही समाचार मिला कि सुखसागरजी महाराज का स्वर्गवास हो गया।

संवत् १९४३ में भगवानसागरजी ने छोगमलजी को सपत्नीक दीक्षित किया। छोगमलजी को सुखसागरजी का शिष्य घोषित कर छगनसागर नाम रखा और उनकी पत्नी का नाम चन्द्रश्री रखा। बाधु को दीक्षा देकर विवेकश्री नाम रखा। वहाँ से खीचन होकर लोहावट गईं। १९४३ का चातुर्मास फलौदी किया। व्याख्यान में राजप्रश्नीयसूत्र और सम्यक्त्वकौमुदी का वाचन किया। छगनसागरजी को वन्दन करने के लिए खीचन होकर नागौर आईं। वहाँ के श्रावकों ने सिद्धाचल की यात्रा के लिए घी का त्याग कर रखा था अतः ५० श्रावकों के साथ विहार कर मेड़तारोड़ आईं। वहाँ सिन्दूरप्रकरण पर व्याख्यान दिया। वहाँ से पाली, सिरोही होकर आबू पधारीं। वहाँ भगवान ऋषभदेव को नमन कर भावपूर्ण स्तुति की। वहाँ

से जीरावला तीर्थ होकर भरत ग्राम की ओर विहार किया। मार्ग में एक घुड़सवार आ रहा था। उसने शृङ्गारश्री के रूपसौन्दर्य से मुग्ध होकर उसका हरण करना चाहा। शृङ्गारश्री ने आर्तनाद किया। उस नाद को सुनकर पुण्यश्रीजी सामने आई और क्रोध से तमतमा उसकी कठोर रीति से भर्त्सना की। दैवानुयोग उस घुड़सवार को दिखाई देना बंद हो गया। आकर चरणों में गिरकर क्षमा मांगी। साध्वीवर्या ने उसे क्षमा किया। उसकी ज्योति पुनः आ गई। वहाँ से सिद्धाचल तीर्थ की ओर प्रस्थान किया।

षष्ठ सर्ग: – पुण्यश्रीजी के उपदेश से वैराग्यवान रेखावत ज्ञानमल्ल (सुजाणमल्ल) ने संवत् १९४४ में सिरोही में भगवानसागरजी से दीक्षा ग्रहण की और उनका नाम सुमतिसागर रखा गया। वहाँ से सिद्धाचल तीर्थ स्थित आदिनाथ भगवान को वन्दन किया। वहाँ से गिरनार तीर्थ की यात्रा कर अहमदाबाद आई। वहाँ विराजमान आत्मारामजी महाराज के दर्शन किए। वहाँ से वीसनगर, खैरवा और तारंगा होकर पालनपुर पहुँचीं।

छगनसागरजी महाराज के पास संस्कृत के अध्ययन के लिए तीन साध्वियों को फलोदी भेजा। पालनपुर चातुर्मास करते हुए राजप्रश्नीयसूत्र और सुरसुन्दरी चरित्र पर व्याख्यान दिया। वहाँ नागोर निवासी प्रतापसिंहजी भंडारी की पत्नी सुन्दरबाई की दीक्षा की अभिलाषा हुई। प्रतापसिंहजी से दीक्षा की अनुमति चाही तो उनकी शर्त थी कि 'तुम मेरा दूसरा विवाह करवा दो तो ही मैं तुम्हें अनुमति दूंगा।' सुन्दरबाई ने सुयोग्य कन्या के साथ अपने हाथों से उनका विवाह करवा दिया और अनुमति प्राप्त कर १९४६ में पुण्यश्रीजी से दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा नाम सुवर्णश्री (सोहनश्री) रखा गया। वहाँ से विहार कर चूंटेसर पधारी। वहाँ लक्ष्मीश्रीजी को वन्दन किया। वहाँ से कुचेरा, नागोर, होकर बीकानेर आईं। १९४७ का चातुर्मास बीकानेर किया। वहाँ से विहार कर नालंदाजी में विराजमान दादागुरुदेवों को नमस्कार कर अपनी जन्मभूमि गिरासर आई और अपने छोटे भाई चुन्नीलाल को प्रतिबोधित कर फलौदी आ गईं।

श्रीमूलचन्दजी की पुत्री रतनकुमारी ने भी दीक्षा की भावना प्रकट की। रतनकुमारी की सगाई हो चुकी थी। कुमारी की दीक्षा ससुराल पक्ष

से अनुमति मिलने पर ही सम्भव थी। ससुराल पक्ष आज्ञा देने को तैयार नहीं था। पंचायत इकट्ठी हुई। पंचायत ने अस्वीकार कर दिया। सरकारी न्यायाधीश ने भी बालिका को गिरफ्तार कर लिया। बालिका ने अनशन कर लिया। आखिर में संवत् १९४८ चैत्र सुदि पंचम को उसकी दीक्षा हुई और उसका नाम रतनश्री रखा गया। उसी दिन सगुनमलजी लोढ़ा की नवविवाहिता पत्नी लाभु ने भी दीक्षा ग्रहण की। लाभु का नाम लाभश्री रखा गया। दीक्षा ऋद्धिसागरजी ने प्रदान की थी। फलौदी में ही आदिनाथ भगवान का मंदिर का जीर्णोद्धार करवाकर प्रतिष्ठा भी करवाई। वहाँ से विहार कर खीचन होकर पाली आईं। वहाँ भगवानसागरजी के करकमलों से बालब्रह्मचारिणी भाणी की दीक्षा हुई और उसका नाम कनकश्री रखा गया। इसी के बीच अन्य भी कई दीक्षाएं हुई।

सप्तम सर्ग: – पुण्यश्रीजी ने संवत् १९४८ का चातुर्मास फलोदी किया। व्याख्यान में भगवती सूत्र और आत्मप्रबोध प्रकरण का वाचन किया। पश्चात् हजारीमल की दीक्षा हुई उनका नाम धनसागर रखा गया। हरिमल्ल की पत्नी फूलीबाई की भी दीक्षा हुई और उनका नाम धनश्री रखा गया। सूरजमलजी की पत्नी को दीक्षा देकर प्रतापश्री नाम रखा। पाली में छगनसागरजी महाराज के पास इन साध्वियों की बड़ी दीक्षा करवाई। वहाँ से नागोर होकर कुचेरा गई। शृङ्गारश्री को फलोदी भेजा। देवीचन्दजी की पत्नी फतेहकुमारी अपनी पुत्री सौभाग्य कुमारी जो कि बारह वर्ष की थी उसके साथ दीक्षा लेना चाहती थी। बाल दीक्षा के कारण अदालत में मामला पहुँचा और न्यायधीश ने सौभाग्य कुमारी की दीक्षा रोक दी। वहाँ से विहार कर पुष्कर होकर अजमेर आई और वहाँ संवत् १९५१ में फतेहकुमारी को दीक्षा देकर फतेहश्री नाम रखा। चातुर्मास वहीं किया। ज्ञातासूत्र और वर्द्धमानदेशना पर व्याख्यान दिया। वहाँ से विहार कर पीपलिया होकर सोजत आईं। वहाँ गौतमपृच्छा पर व्याख्यान दिया। पाली होकर जोधपुर आईं और माताबाई को दीक्षा देकर महतापश्री नाम रखा। वहाँ से फलोदी आईं। फलोदी में गुरुवर्याएं विराजमान थी उनको वंदन करने के लिए वहाँ गई। फलोदी में जयानन्दकेवलीरास का व्याख्यान

दिया, उस समय वहाँ पर आत्मारामजी महाराज के शिष्य हंसविजयजी विराज रहे थे। फूलचन्दजी गोलेछा ने अष्टाह्निका महोत्सव किया। धूलीबाई को दीक्षा देकर उज्ज्वलश्री नाम रखा। वहाँ से जैसलमेर की तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। उस संघ में पुण्यश्रीजी की माताजी एवं छोटा भाई चुन्नीलाल भी साथ थे। वहाँ से प्रयाण कर जैसलमेर पहुँचे और जिनमंदिरों में स्थापित जिनेश्वरदेवों की भक्तिपूर्वक वंदना की। थीरुशाह द्वारा निर्मापित चिन्तामणिपार्श्वनाथमंदिर, लौद्रवा का भी दर्शन किया। वहाँ से चलकर ब्रह्मसर में विराजमान दादा गुरुदेवों के चरणों की भी वन्दना की। अमरसर के जैन मंदिरों के भी दर्शन किए। वहाँ से वापिस संघ प्रयाण कर फलोदी आया।

खीचन निवासी श्रीनथमलजी गोलेछा (जो कि ग्वालियर के दीवान थे) ने महाराजश्री के दर्शन कर निवेदन किया कि मेरी बहिन जवाहरबाई सिद्धाचल तीर्थ की यात्रा के लिए संघ निकालना चाहती है इसमें आपको भी शिष्य मण्डली सहित पधारना होगा।

अष्टम सर्ग: – पुण्यश्रीजी के नेतृत्व में सिद्धाचल का यात्री संघ निकला। संघ चीला, ओसियां, जोधपुर, सिरोही, आबू, जीरावला पार्श्वनाथ, पालनपुर, महेसाणा, भोयणी, वीरमगाँव होकर तीर्थ पर पहुँचा और उल्लसित भावों से तीर्थ की वन्दना की। तपस्या, पूजा, प्रभावना खूब हुई। चातुर्मास वहीं किया। वहीं तीर्थ स्थान पर संवत् १९५२ में सौभाग्य कुमारी की दीक्षा हुई और प्रेमश्री नाम रखा।

वहाँ से विहार कर उपरियाला, शंखेश्वर, अणहिलपुर पाटण आईं। वहीं अपने छोटे भाई चुन्नीलाल को और हरीबाई को संवत् १९५३ में दीक्षा दी। चुन्नीलाल का नाम त्रैलोक्यसागर रखा और हरीबाई का नाम हर्षश्री रखा। चातुर्मास पाटण में ही किया। अपनी कई अन्य साध्वियों को फ़लोदी की ओर विहार करवा दिया और स्वयं पालनपुर आई।

चित्रकाव्य को अधम कोटि का काव्य माना गया है क्योंकि यह केवल शाब्दी क्रीड़ा तथा भाषायी उत्पीड़न तक सीमित है। तथापि चित्रकाव्य प्रगाढ़ वैदुष्य का परिचायक है। इससे कवि की ऊर्जा, प्रतिभा, वैय्याकरणिक और अनेकार्थिक कोषों के ज्ञान का परिचय अवश्य मिलता है। इन विषयों

के काव्यकार प्रतिष्ठित विद्वान् थे। अतः अलंकारों के साथ चित्रकाव्यों का प्रेम भी उनका यहाँ प्रस्फुटित हुआ है। सर्गस्थ ४२वाँ श्लोक छत्रबन्ध है और षोडशदल पद्मबन्ध और गोमूत्रिका बन्ध का भी यहाँ प्रयोग किया गया है। श्लोक संख्या ४४ से ५५ तक क्रमशः द्व्यक्षर, निष्कण्ठ, निस्तालव्य, निर्मूर्द्धन्य, निर्दन्त्य, निरोष्ठ्य, निर्नासिका, निः स्पर्श, निरन्तःस्थ, निरुष्मक, असंयुक्त और समुद्गयमक बद्ध श्लोकों में उन–उन वर्णों का परिहार करके अपनी काव्यप्रतिभा को उजागर किया है।

नवम सर्गः – संवत् १९५३ का चातुर्मास चरित्रनायिका का पाटण में ही हुआ। श्रावकों को योगशास्त्र का पाठन करवाया। व्याख्यान में उत्तराध्ययन सूत्र और उपदेशतरंगिणी का वाचन किया। वहाँ अष्टाह्निका महोत्सव हुआ। संवत् १९५४ का चातुर्मास पालनपुर हुआ। व्याख्यान में समवायाङ्गसूत्र और मुनिपतिचरित्र का वाचन किया। साध्वियों ने विशिष्ट तपस्याएं कीं। वहाँ महामारी का रोग फैला। प्रेमश्री का स्वर्गवास हुआ। मण्डाना होकर पाटण आईं। फलोदी संघ का विशेष आग्रह होने के कारण वहाँ से विहार किया। मार्ग में देवेन्द्र ग्राम में शान्तिनाथ भगवान्, थराद में महावीर स्वामी, सांचोर में महावीर स्वामी के दर्शन कर और तलवाना, ढूंढाली, बालोतरा होकर मेवानगर पहुँची। वहाँ पार्श्वनाथ भगवान की भावपूर्वक वन्दना की। वहाँ से विहार कर लोहावट आईं। १९५५ में फूलीबाई को दीक्षा देकर विद्याश्री नाम रखा। वहाँ से फलोदी आईं। १९५५ का चातुर्मास वहीं किया।

दशम सर्गः – फलोदी में साध्वीवर्ग ने उग्र तपस्याएं कीं। सोनीबाई गोलेछा, घीयाबाई वैद, गौरजाबाई लूणावत और वीरबाई को दीक्षा प्रदान कर क्रमशः नाम रखे– सौभाग्यश्री, ज्ञानश्री, गौतमश्री और विजयश्री। वहाँ से कुछ साध्वियों को नागोर भेजा। संवत् १९५६ में वाधुबाई, माडुबाई, माडुबाई, जतनबाई को दीक्षा प्रदान कर क्रमशः नाम रखे– हुल्लासश्री, माणिक्यश्री, हीरश्री और पद्मश्री। मृगा बाई को दीक्षा देकर मोहनश्री नाम रखा। वहाँ से लोहावट आईं। चातुर्मास वहीं किया। जयानन्दकेवली चरित्र पर व्याख्यान दिया। संवत् १९५६ में पालनपुर

वासिनी जीविकाबाई को दीक्षा देकर दयाश्री नाम रखा। मोहनश्रीजी की पुत्रवधू और पौत्रियों राजबाई, गुलाबबाई बौर धनकुँवर को १९५६ में दीक्षा प्रदान की और क्रमशः नाम रखे–रेवन्तश्री, जीवनश्री और कमलश्री। संवत् १९५६ में ही गणनायक भगवानसागरजी का स्वर्गवास हुआ। धनश्रीजी और विजयश्री का भी स्वर्गवास हुआ। संवत् १९५७ का चातुर्मास फलौदी किया। साध्वीवर्ग ने विशिष्ट तपस्याएं कीं। छोगमलजी झाबक और पूनमचन्दजी वैद ने ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया। वहाँ से लोहावट आईं। दीपिबाई को दीक्षा देकर दीपश्री नाम रखा। शृङ्गारश्रीजी को साध्वियों के साथ बीकानेर भेजा। वहाँ से जोधपुर आईं। १९५८ का चातुर्मास जोधपुर किया। औपपातिकसूत्र और परिशिष्ट पर्व पर व्याख्यान दिया। साध्वीवर्ग ने विशिष्ट तपस्याएं की। उमरावकुमारी ने दीक्षा की प्रतिज्ञा ली। दुल्हराजजी भणसाली ने ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया। संवत् १९५८ में नानीबाई को दीक्षा देकर नवलश्री नाम रखा। मृगीबाई को दीक्षा देकर प्रेमश्री नाम रखा। जड़ावबाई को दीक्षा देकर ज्योतिश्री नाम रखा। चन्दनीबाई को दीक्षा देकर देवश्री नाम रखा।

एकादश सर्ग: – संवत् १९५८ में मेघराजी गोलेछा की धर्मपत्नी को दीक्षा देकर चन्दनश्री नाम रखा और फलोदी के वदनमलजी कानूगा की धर्मपत्नी भावुबाई और सुगनमलजी कानूगा पत्नी मगनीबाई की भी दीक्षा हुई। इनके क्रमशः नाम भक्तिश्री और मेघश्री रखे गये।

फलोदी निवासी श्री फूलचन्दजी गोलेछा सिद्धाचलजी का यात्री संघ निकाल रहे थे। उन्होंने पुण्यश्रीजी से साथ पधारने का निवेदन किया, किन्तु साध्वीजी ने कहा कि हम सब लोगों की इच्छा केसरियानाथजी के दर्शन करने की है अतः हम साथ नहीं चल सकते। विहार के मध्य में पंचतीर्थी और जीरावला की यात्रा करते हुए उदयपुर पहुँचे। मण्डवारिया के यात्री संघ के साथ १८ साध्वियों को साथ लेकर १९५९ में केसरियानाथ के दर्शन किए। भक्ति और श्रद्धा पूर्वक भगवान की स्तुति की। वहाँ से विहार कर उदयपुर आयीं।

रतलाम के प्रसिद्ध सेठ चन्दनमलजी बाफणा की पत्नी रूपकुमारी के आग्रह पर सुवर्णश्रीजी को रतलाम भेजा। स्वयं ने १९५९ का

चातुर्मास उदयपुर ही किया। हरिविक्रमचरित्र और शालिभद्रचरित्र पर व्याख्यान दिया। साध्वीवर्ग ने विशिष्ट तपस्याएँ की। सिरोही होकर आघाट क्षेत्र की यात्रा कर आनन्दित हुई। असातावेदनीय के उदय से ज्वर से पीड़ित हुई। कुछ स्वस्थ होने पर पुनः केसरियानाथ आई। मेरुत्रयोदशी का आयोजन करवाया और वह आज भी चल रहा है। पुनः उदयपुर आई। एक रात्रि में उन्हे स्वप्न आया कि कोई मुनि सम्बोधित करके कह रहा है कि 'तुम दीक्षेच्छु को दीक्षा प्रदान किए बिना कैसे विहार कर रही हो?' स्वप्न का रहस्य समझ में नहीं आ रहा था। उसी समय जावरा निवासी छाजेड़ उज्ज्वलचन्द की पुत्री ठमीबाई उनकी सेवा में आई और उसने कहा कि मैं दीक्षा लेने आई हूँ। स्वप्न को फलीभूत देकर बहुत प्रसन्न हुई। माघ सुदि सप्तमी को दीक्षा देकर उसका नाम चेतनश्री रखा। वहाँ से विहार कर सादड़ी होकर राणकपुर आई, तीर्थ के दर्शन किए। शृङ्गारश्रीजी भी उनके पास आ गई। सादड़ी में ही संवत् १९६० में छोगमलजी बाफणा की पत्नी गोरजा बाई और समीरमलजी गोलेछा की पत्नी छगनबाई को दीक्षा देकर क्रमशः गुणश्री और हितश्री नाम रखा। अजमेर और जोधपुर की विनती होने के कारण शृङ्गारश्रीजी को अजमेर और सुवर्णश्रीजी को जोधपुर भेजा। वृद्धिचन्दजी बोथरा की पत्नी माणकबाई को दीक्षा देकर माणकश्री नाम रखा। स्वर्णश्रीजी ने जोधपुर में सूरजराजजी की पुत्री उमराव बाई को संवत् १९६० में दीक्षा प्रदान की और उमंगश्री नाम रखा। दीक्षा के समय रजोहरण के लगने से फोड़ा शान्त हो गया।

द्वादश सर्गः – सादड़ी चातुर्मास में विपाकसूत्र और भावना अधिकार में षट्पुरुषचरित्र का व्याख्यान दिया। साध्वीवर्ग ने विशिष्ट तपस्याएं कीं। चातुर्मास पश्चात् सुवर्णश्रीजी विहार कर वहीं आ गई और उनकी इच्छानुसार उन्हें आबू तीर्थ की यात्रा करने के लिए भेज दिया। इधर पाटण निवासी फतेहचन्दजी की धर्मपत्नी जीवाबाई को १९६० में दीक्षा दी और जयश्री नाम रखा। जालोर चातुर्मास किया। सुवर्णश्रीजी को फलोदी और विवेकश्रीजी को आहोर चातुर्मास के लिए भेज दिया।

सुवर्णश्रीजी ने १९६१ में मगनमलजी कोचर की पत्नी सुगनबाई को दीक्षा देकर मुक्तिश्री नाम रखा।

जालोर चातुर्मास में हरिविक्रम चरित्र पर व्याख्यान दिया। साध्वी और श्राविका वर्ग ने विशिष्ट तपस्याएं की, अट्ठाई महोत्सव हुआ। इधर फलोदी निवासी रेखचन्दजी गोलेछा की पत्नी चम्पाबाई दीक्षा अभिलषिणी थी। जालोर में दीक्षा महोत्सव निश्चित हुआ और १९६१ में दीक्षा देकर वल्लभश्री नाम रखा। सुवर्णश्रीजी ने फलौदी के चुन्नीलालजी ललवानी की पत्नी चन्दाबाई और खीचन के माणिकलालजी बोथरा की पत्नी वीराँबाई को दीक्षित पर क्रमशः चम्पाश्री और विनयश्री नाम रखा। जालोर से पुण्यश्रीजी विहार कर बागरा होकर सिवाणा आई। पुण्यश्रीजी ने कनकश्रीजी को जोधपुर भेज दिया। वहाँ से विहार कर देलन्दर आई। संवत् १९६२ में सोभागमलजी निमाणी की पत्नी लाधुबाई को दीक्षा देकर लब्धिश्री नाम रखा। वहाँ से बरलूट होकर जाबाल और पाडीव पधारी और १९६२ का चातुर्मास सिरोही किया। विवेकश्रीजी को जालोर चातुर्मास के लिए और फतेहश्रीजी को देलन्दर चातुर्मास के लिए भेजा। सिरोही के केसरीमलजी की पत्नी मूलीबाई को दीक्षा देकर मोतीश्री नाम रखा। सिरोही चातुर्मास में आपके साथ १४ साध्वियाँ थी।

त्रयोदश सर्गः – संवत् १९६२ के सिरोही के चातुर्मास में उपदेशतरङ्गणी पर व्याख्यान दिया। साध्वीवर्ग ने उत्कृष्ट तपस्याएं की। आसोज बदि नवमी को उज्ज्वलश्री का स्वर्गवास हुआ। जालोर निवासी हासीबाई को मिगसर शुदि एकादशी को दीक्षा देकर हंगामश्री नाम रखा। जोधपुर वासी सूरजराजजी भण्डारी की धर्मपत्नी और पुत्री दीक्षा ग्रहण हेतु फलोदी से यहाँ आ गई थीं। लाभश्रीजी की माता भी दीक्षा ग्रहण हेतु जोधपुर आई हुई थीं। वहाँ पाँच दीक्षाएं महोत्सव के साथ सम्पन्न हुई। यह दीक्षा महोत्सव श्री यशमुनिजी महाराज के कर–कमलों से सम्पन्न हुआ। सूरजराजजी का नाम सौभाग्यमुनि और अन्य का नाम मेघमुनि रखा गया और तीनों दीक्षिताओं का नाम क्रमशः अमृतश्री, कल्याणश्री और जीतश्री रखा गया। यह दीक्षा महोत्सव १९६२ मिगसर शुदि छठ को सम्पन्न

हुआ। जोधपुर से लाभश्रीजी ने सिरोही की ओर विहार किया और विवेकश्री भी सिरोही आ गई। १९६३ में हुकमचन्दजी छाजेड़ ने अपने पुत्र सहित छगनसागरजी महाराज के पास फलोदी में दीक्षा ग्रहण की और उनके नाम पूर्णसागर और क्षेमसागर रखे गये।

पुण्यश्रीजी ने विवेकश्रीजी को जाबाल और कनकश्री को डोडुआ ग्राम भेजा और स्वयं कालीन्द्रि में चातुर्मास किया। व्याख्यान सुवर्णश्रीजी दिया करती थी। विशिष्ट तपस्याएं हुईं। जो संघ में वैमनस्य चला आ रहा था, उसको अपने प्रभाव से समाप्त किया। कालीन्द्रि और सिरोही के संघ ने इन्हें मानपत्र भी प्रदान किया। वहाँ से जाबाल पधारीं। विशिष्ट तपस्याएं हुई। मोतीलालजी आदि चार श्रावकों ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत को धारण किया। जाबाल निवासी इन्द्रचन्द्रजी की धर्मपत्नी सोनीबाई को दीक्षा प्रदान कर सत्यश्री नाम रखा। सिरोही निवासी चिमनाजी की पत्नी कुंकुमबाई की दीक्षा १९६३ में फलौदी में हुई। वहाँ से शिवगंज की ओर विहार किया और चातुर्मास वहीं किया।

चौदहवाँ सर्ग – सुवर्णश्रीजी को चातुर्मास के लिए जालोर भेजा और लाभश्रीजी को आहोर भेजा। इसी वर्ष आषाढ़ सुदि दशमी को लोहावट में त्रैलोक्यसागरजी ने रूपसागरजी को दीक्षा प्रदान की। **शिवगंज** के १९६३ के चातुर्मास में उत्तराध्ययन सूत्र पर व्याख्यान दिया और भावनाधिकार में स्थूलिभद्र चरित्र का वाचन किया। साध्वियों ने उत्कृष्ट तपस्याएं कीं। कई श्रावकों ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया।

शिवगंज से विहार कर कोटड़ा आई और वहाँ भगवान ऋषभदेव के दर्शन कर प्रमुदित हुई। श्रद्धा पूर्वक भगवान की भाव–गर्भित स्तुति की। वहाँ से विहार कर पावटा होकर तखतगढ़ आई। वहाँ स्वयं की गुरुवर्या मगनश्रीजी के स्वर्गवास के समाचार मिले। शिवगंज के श्रीसंघ की शिवगंज पधारने की विनती को स्वीकार कर २८ साध्वियों के साथ शिवगंज आईं। प्रेमचन्दजी पोरवाल की धर्मपत्नी नन्दबाई को १९६३ पौष बदि ८ को दीक्षा दी। उस समय वहाँ मोहनलालजी महाराज के सुशिष्य यशमुनिजी आ गए थे। अतः दीक्षा उन्हीं के करकमलों से हुई। नन्दबाई का दीक्षा

नाम मणिश्री रखा गया। वहाँ से विहार कर बीजापुर के भगवान महावीर और नाणां के जीवितस्वामी महावीर को सविधि वन्दन कर सेवाड़ी होकर घाणेराव आईं। १९६३ फाल्गुन सुदि ३ को वहाँ प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। वहाँ से विहार कर कोशिलाव आई और वहाँ श्रीपालरास का वाचन किया। कोशिलाव में ज्ञात हुआ कि कुंकुमश्रीजी अत्यन्त बीमार है अतः शिवगंज की ओर विहार किया। मार्ग में ही उंदरी गाँव में संवाद मिला कि कुंकुमश्री का स्वर्गवास हो गया है। शिवगंज आईं, कुछ दिन निवास कर बांकली आई। वहाँ १९६४ में गंगाबाई और फलोदी के हेमराजजी लुंकड़ की पत्नी माडुबाई को दीक्षा देकर गंगाश्री और यमुनाश्री नाम रखा। जोधपुर वाले चन्दनमल जी बुरड की हार्दिक प्रार्थना को स्वीकार कर १९६४ आषाढ़ बदि ५ को जोधपुर पहुँची।

पञ्चदश सर्ग: – उस समय जोधपुर में त्रैलोक्यसागरजी महाराज विराजमान थे। उनके दर्शन कर पुण्यश्रीजी अत्यन्त आनन्दित हुईं। ११ साध्वियों के साथ चातुर्मास जोधपुर किया। सौभाग्यश्री आदि को जयपुर, रत्नश्रीजी आदि को तिवरी और गौतमश्रीजी आदि को नागोर भेजा।

व्याख्यान में ज्ञातासूत्र और भावनाधिकार में स्थूलिभद्रचरित्र का वाचन किया। खूब तपस्याएं हुईं। जोधपुर निवासी मीठालालजी भणसाली की पत्नी जतनबाई, हस्तीमलजी गिड़िया की पुत्री फूलबाई और नागपुर निवासी सहसकरणजी मरोठी की पत्नी राजकँवरबाई को १९६४ मिगसर वदि ५ को दीक्षा देकर उनके क्रमशः नाम रखे– जतनश्री, भावश्री और सूर्यश्री। इधर गौतमश्रीजी ने नागोर में जवरीचन्दजी सिंघी की पत्नी धन्नीबाई और मघराजजी भणसाली की पुत्री सोभागबाई को दीक्षित कर धनश्री और शुभश्री नाम रखा था। यह समाचार पत्र द्वारा पुण्यश्रीजी को ज्ञात हो गया था। चातुर्मास पूर्ण होने पर वहाँ से विहार कर बाणार होकर कापरड़ा तीर्थ आई। वहाँ पार्श्वनाथ के दर्शन कर अत्यन्त प्रमुदित हुईं। वहाँ से विहार कर पीपाड़, रीयां होकर फलोदी पार्श्वनाथ आईं। वहाँ कीर्तिसागरजी के लोहावट में चन्द्रश्रीजी के स्वर्गवास के समाचार प्राप्त हुए। पौष बदि ५ को वापिस पीपाड़

आईं। वहीं नागोर निवासी चुन्नीलालजी काष्ठिया की पत्नी अचरजबाई को दीक्षित कर शान्तिश्री नाम रखा।

पीपाड़ में ही रतलाम के सेठ सोभागमलजी और चाँदमलजी बाफणा की धर्मपत्नियाँ रतलाम के लिए विनती करने को आईं। वहाँ से फागुन वदि १ को रतलाम के लिए विहार किया। जैतारण, ब्यावर, भीलवाड़ा, वसीग्राम, चित्तोड़, निम्बाहेड़ा, जावद, नीमच, मन्दसोर और जावरा होती हुई वैशाख शुदि १४ के दिन रतलाम पधारीं। उनके स्वागत में वहाँ बड़े आडम्बर से प्रवेशोत्सव हुआ। प्रवेशोत्सव में रतलाम नरेश सज्जनसिंहजी स्वयं सम्मिलित हुए थे। पुण्यश्रीजी का धर्मोपदेश सुनकर महाराजा सज्जनसिंहजी ने अपने रतलाम के राज्य मे 'मत्स्यमारणनिषेध' का फरमान निकाल दिया और जो इसकी आज्ञा का उल्लघंन करेगा वह दण्डित होगा। श्री यशोमुनिजी महाराज भी अपने शिष्यगणों के साथ रतलाम पधारे थे और लालश्री की बड़ी दीक्षा भी उनके कर–कमलों से हुई थी। रतलाम की बाफणा परिवार की सेठानियों ने भी बड़े ठाठ–बाठ के साथ १९६५ आषाढ़ बदि १० को उद्यापन किया। इस उद्यापन महोत्सव में लाखों रुपये व्यय हुए। रतलाम से रत्नश्रीजी को जावरा और ज्ञानश्रीजी को सैलाना चातुर्मास के लिए भेजा। स्वयं ने १९६५ का चातुर्मास रतलाम किया।

षोडश सर्ग: – रतलाम के चातुर्मास में मध्याह्न के समय रत्नपाल का रास सुनाती थीं। रतलाम की सेठाणी श्री रूपकुँवरबाई ने १७ उपवास और साध्वियों ने भी विशिष्ट तपस्याएं की थीं। चातुर्मास के पश्चात् मक्षी पार्श्वनाथ के दर्शन किए। वहाँ से इन्दौर आ गई। उज्जैन के पूनमचन्दजी सावणसुखा की भावना माण्डवगढ़ का यात्री संघ निकालने का था अतः संघ में सम्मिलित होकर माण्डवगढ़ के भगवान सुपार्श्वनाथ के दर्शन किए। वहाँ पूनमचन्दजी सावणसुखा को संघपति की माला पहनाई गई। वहाँ से इन्दौर आकर १९६६ का चातुर्मास वहीं किया। संघ के आग्रह से लाभश्रीजी को सादड़ी, रत्नश्रीजी को वदनावर, ज्ञानश्रीजी को उज्जैन, विनयश्रीजी को मन्दसौर भेजा। व्याख्यान में रत्नपालचरित्र और यशोधरचरित्र का

प्रवचन होता था। अनेक प्रकार की विविध तपस्याएं भी हुईं। वहाँ महामारी का आक्रमण हुआ और जनता में हाहाकार मचा किन्तु पर्युषण पूर्व में उन्होंने विहार नहीं किया। वहीं उन्हें दुःखद संवाद मिला की गणनायक छगनसागरजी महाराज का १९६६ भादवा शुदि ६ के दिन स्वर्गवास हो गया। श्रावकों के अत्याग्रह से आश्विन वदि प्रतिपदा को विहार कर इन्दौर होकर उज्जैन आईं। वहाँ से पुनः रतलाम आईं। मुनिपतिचरित्र पर प्रवचन दिया। फलौदी से संवाद प्राप्त हुआ कि जेठमलजी संकलेचा की पत्नी पानबाई और अमरचन्दजी कानूगा की पत्नी चिड़ीबाई ने दीक्षा ग्रहण की है और उनके नाम क्रमशः प्रधानश्री और चन्द्रश्री रखे गए हैं। रतलाम से विहार कर सैलाना पधारीं और वहाँ दशवैकालिक सूत्र पर व्याख्यान दिया। वहाँ से पुनः स्वयं तो साध्वियों के साथ रतलाम आ गईं और सौभाग्यश्री को मन्दसोर भेजा।

सप्तदश सर्गः – कच्छीवीसा ओसवाल लक्ष्मणसीजी की पुत्री बब्बूबाई ने अनेक प्रकार से प्रयत्न करके दीक्षा की आज्ञा प्राप्त की और १९६७ वैशाख शुदि ११ को दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा–नाम विजयश्री रखा गया। इसके साथ ही राजकोट निवासी शिवलालजी डोशी की पुत्री प्राणकुँवर ने भी दीक्षा ग्रहण की जिसका दीक्षा नाम प्राणश्री रखा गया। दीक्षा प्रसंग पर सुवर्णश्रीजी भी वहाँ आ गई थीं। उस समय पुण्यश्रीजी के साथ ३५ साध्वियों का समुदाय था।

यहाँ पर भी उन्हें दुःखद समाचार ज्ञात हुआ कि संवत् १९६८ वैशाख वदि ८ के नाडलाई में मुनि पूर्णसागरजी का स्वर्गवास हो गया है।

एक बार समस्त साध्वियों ने अत्यन्त आग्रह के साथ अनुरोध किया कि हे भगवती! हे गुरुणीजी! हे तपस्वी! छगनसागरजी महाराज का हम जीवन चरित्र सुनना चाहते हैं, कृपा करके सुनाएं। उन्होंने चरित्र का वर्णन करते हुए कहा–

फलौदी निवासी सागरमलजी गोलेछा के पुत्र थे और इनका नाम छोगमल था। अत्यन्त आग्रह के साथ उन्होंने विवाह किया था। उन्हें एक पुत्री हुई थी। पति–पत्नी दोनों ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया था।

दीक्षा की भावना प्रबल हुई और यह निर्णय लिया की जब तक दीक्षा नहीं होगी तब तक मैं घी का त्याग करता हूँ। अन्त में उनकी भावना सफल हुई और संवत १९४२ वैशाख शुदि १० के दिन राजसागरजी महाराज से दीक्षा ग्रहण की। स्थानसागरजी के उपदेश से इन्होंने दीक्षा ग्रहण की थी और सुखसागरजी के शिष्य बने थे। इनकी पत्नी ने भी साथ ही दीक्षा ग्रहण की तथा उसका नाम चन्द्रश्री रखा गया था। चौबीस वर्ष दीक्षा पालन के पश्चात् संवत् १९६६ में आषाढ़ शुदि १४ से दीर्घ तपस्या प्रारम्भ की। १३ उपवास जल–रहित किए। ३४ वें उपवास तक व्याख्यान देते रहे। अन्त में ५२ उपवास पूर्ण कर भादवा शुदि ६ को उनका स्वर्गवास हुआ। ऐसे महान् तपस्वी छगनसागरजी महाराज हुए हैं।

चातुर्मास हेतु विवेकश्रीजी को जावद, रत्नश्रीजी को मन्दसोर, विद्याश्रीजी को मणासा, सौभाग्यश्रीजी को जावरा, ज्ञानश्रीजी को सैलाना और कमलश्रीजी को वदनावर भेजा और स्वयं ने १९६७ का चातुर्मास रतलाम किया।

अष्टादश सर्ग: – संवत् १९६७ के चातुर्मास तक का ही पुण्यश्रीजी का यह महाकाव्य उनकी विद्यमानता में ही लिखा गया है। अट्ठारहवें सर्ग में कवि पुण्यश्रीजी की पूर्ववर्ती गुरुणी–परम्परा का वर्णन प्रस्तुत करता है।

एक समय पुण्यश्रीजी ने अपनी गुरुवर्या को निवेदन किया कि भगवति! हम अपनी पूर्व–परम्परा जानना चाहते हैं कृपया उस पर प्रकाश डालिए। गुरुवर्या ने कहा – फलोदी में मणिचन्दजी गोलेछा की धर्मपत्नी नानीबाई रहती थी। पति के निधन से वैराग्य जाग्रत हुआ और दीक्षा ग्रहण की इच्छा हुई। तीन पुत्र, पाँच पौत्र, और तीन पौत्रियों के मोह को छोड़कर मक्षी पार्श्वनाथ की यात्रा के लिए वहाँ से प्रयाण किया और जोधपुर में विराजमान रूपश्रीजी के पास संवत् १९१८ में दीक्षा ग्रहण की, नाम उद्योतश्री रखा गया। कुछ समय जोधपुर रहीं। १९२२ का चातुर्मास अजमेर, १९२१ का चातुर्मास किशनगढ़ और १९२० का चातुर्मास फलोदी किया। वहाँ सुखसागरजी महाराज का स्वर्ण संयोग मिला। उनसे डेढ़ वर्ष तक शास्त्रज्ञान प्राप्त

किया। वहीं फलौदी में सरदारमलजी झाबक की पत्नी ने १९२४ मिगसर वदि दशमी को दीक्षा ग्रहण की। इनका दीक्षा नाम लक्ष्मणश्री (लक्ष्मीश्री) रखा गया। १९२५ का चातुर्मास जयपुर, १९२६ का चातुर्मास फलोदी, १९२७ का बीकानेर, और १९२८ का चातुर्मास पाटण किया। १९२९ का चातुर्मास अहमदाबाद, तथा १९३० का चातुर्मास नागौर में किया। वहीं पर सुखसागरजी महाराज से शास्त्रों का अध्ययन किया।

गच्छीपुरा निवासी शिवदानमलजी चतर की पुत्री और नागोर निवासी श्रीचन्दजी दफ्तरी की पत्नी ने दीक्षा ग्रहण की और दीक्षा नाम मग्नश्री रखा गया। यही मग्नश्रीजी विहार करती हुईं फलोदी आईं और गणनायक श्री सुखसागरजी महाराज के दर्शन कर अत्यन्त हर्षित हुईं। यही मग्नश्रीजी पुण्यश्रीजी की गुरुवर्या थी। इन्हीं गुरुवर्याओं के चरित्र वर्णन के साथ कवि ने यह काव्य पूर्ण किया।

चरित्रनायिका का शेष जीवन चरित्र

कवि नित्यानन्दजी शास्त्री ने इस महाकाव्य में नायिका का १९६७ के रतलाम चातुर्मास तक का ही वर्णन किया है। जबकि पुण्यश्रीजी १९७६ तक विद्यमान रही हैं। अतः प्रवर्तनी सज्जनश्री लिखित **पुण्य जीवन ज्योति** से आगे के जीवन चरित्र का सारांश प्रस्तुत किया जा रहा है।

रतलाम चातुर्मास पूर्ण कर वहाँ से विहार कर प्रतापगढ़ आईं। १९६८ का चातुर्मास प्रतापगढ़ ही किया। इसी समय रतलाम से गणाधीश त्रैलोक्यसागरजी का पत्र आया कि हम वहीं आ रहे हैं, तुम वहीं ठहरो। इनके प्रवेशोत्सव पर प्रतापगढ़ नरेश रघुनाथसिंहजी राज्याधिकारियों सहित पधारे थे। प्रतापगढ़ से विहार कर मन्दसोर आईं। ज्ञानश्रीजी और विद्याश्रीजी को शत्रुञ्जय की यात्रा के लिए भेजा। रत्नश्रीजी को ग्वालियर भेजा। इसी समय कोटा के दीवान बहादुर सेठ मन्दसोर आए औरं कोटा चातुर्मास के लिए विनती की। पुण्यश्रीजी ने स्वीकार किया। वहाँ से विहार कर मणासा, कुकड़ेश्वर रामपुरा होकर भानपुर आईं। यहाँ पर गम्भीरमलजी कानूगा की पुत्री

का दीक्षा महोत्सव का वरघोड़ा निकल रहा था। वहाँ के हाकिम को संदेह हुआ। जूलूस को रोका, बालिका से प्रश्नोत्तर किए। अन्त में उनकी स्वीकृति प्राप्त कर १९६८ ज्येष्ठ शुक्ला ६ को दीक्षा देकर सिद्धिश्री नाम रखा।

१६ साध्वियों के साथ वहाँ से विचरण करती हुई कोटा दादाबाड़ी में पधारी। वहाँ से रामपुरा बाजार तक का प्रवेशोत्सव असामान्य था। १९६९ का चातुर्मास कोटा में ही हुआ। बहुत ठाट–बाट रहा।

ग्वालियर के दीवान सेठ नथमलजी कोटा आए और ग्वालियर के लिए विनती की। कोटा से विहार कर श्योपुर आई। बीच में रघुनाथपुर के जागीरदार कुलभानुसिंहजी ने आपकी बड़ी भक्ति की। उन्होंने, बड़ी ठकुरानी और छोटी ठकुरानी साहबा ने इनसे कई नियम प्रत्याख्यान भी लिए और आगामी चातुर्मासों में इनके दर्शन के लिए भी आते–जाते रहे।

वहाँ से विहार कर ग्वालियर पहुँची। यहाँ का प्रवेशोत्सव राजकीय सम्मान के साथ हुआ। पुण्यश्रीजी के साथ उस समय २९ साध्वियाँ थी। ग्वालियर नरेश श्रीमाधवरावजी शिन्दे, राजमाता सखिया राजे, बड़ी महारानी चिनकुराजे और छोटी महारानी गजराराजे आदि राजपरिवार के सदस्यों ने इनका बहुत सम्मान किया और पर्व दिवसों में निरामिष भोजन करने की प्रतिज्ञा भी ली। खूब तपस्याएं हुई। वहीं फलोदी निवासी मन्नालालजी सिंघी की पत्नी सोनीबाई को दीक्षा देकर सज्जनश्री नाम रखा। जयपुर का अत्याग्रह होने के कारण जयपुर की ओर प्रस्थान किया। धौलपुर होकर आगरा आईं। वहीं शिवगंज निवासिनी श्राविका को १९७१ में दीक्षा देकर चारित्रश्री नाम रखा। भरतपुर होकर जयपुर पधारी। दीवान नथमलजी गोलेछा के कटले में ठहरी। जयपुर का प्रवेशोत्सव दर्शनीय और वर्णनीय था। पूज्य शिवजीराजजी महाराज भी जयपुर में ही विराजमान थे। उन्हीं की अध्यक्षता में पाँच दीक्षाएं हुईं। सुजानमलजी लोढ़ा की पत्नी चन्दाबाई, मिलापचन्दजी मोदी की पत्नी इन्द्रबाई, फलोदी निवासी गम्भीरमलजी कानूगा की पुत्री नेजीबाई, गम्भीरमलजी कानूगा की पुत्री

मनोहर कुमारी, गम्भीरमलजी कानूगा की पत्नी माडीबाई को १९७२ वैशाख शुदि १० को दीक्षा देकर इनके क्रमशः नाम इस प्रकार रखे– चरणश्री, इन्द्रश्री, नीतिश्री, मनोहरश्री और मयणाश्री। यह महोत्सव मोहनवाड़ी में हुआ था। पालीताणा में विराजमान स्वर्णश्रीजी के पत्र से ज्ञात हुआ कि ज्येष्ठ वदि ५ को जोधपुर निवासी विजयमलजी सिंघवी की पत्नी अनोपकुँवर को दीक्षा देकर वसन्तश्री नाम रखा है। जयपुर निवास करते हुए साध्वियों का शास्त्रीय अध्ययन शिवजीरामजी महाराज करवा रहे थे और व्याकरण आदि साहित्य का अध्ययन पण्डित शिवप्रसादजी, पण्डित दुर्गाप्रसादजी, पण्डित अम्बालालजी और पण्डित मनोहरलालजी शास्त्री करवा रहे थे।

संवत् १९७२ में क्षेमसागरजी, वीरपुत्र आनन्दसागरजी और वल्लभसागरजी का चातुर्मास भी जयपुर ही हुआ। पूज्य शिवजीरामजी महाराज का स्वर्गवास संवत् १९७२ कार्तिक शुक्ला पंचमी को हुआ। विजयश्रीजी की अस्वस्थता के कारण ७३ और ७४ का चातुर्मास भी जयपुर ही हुआ। इसी समय लोहावट से समाचार मिला कि आषाढ़ शुदि पूनम को गणाधीश त्रैलोक्यसागरजी का स्वर्गवास हो गया। इधर जयपुर में प्लेग महामारी का ताण्डव प्रारम्भ हुआ, किन्तु आपने कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व नगर से बाहर जाना स्वीकार नहीं किया। इसी बीच फलोदी से समाचार प्राप्त हुआ कि प्रगुरुवर्या वयोवृद्धा लक्ष्मीश्रीजी का कार्तिक अमावस्या को स्वर्गवास हो गया। १९७४ माघशुदि १३ को फलोदी निवासी गुलराजजी की पत्नी केसरबाई की दीक्षा हुई और दीक्षा नाम उपयोगश्री रखा गया। प्लेग की बीमारी का आक्रमण कम होने पर पुनः जयपुर में आई और संयोग से घुटने के दर्द से पीड़ित हो गई। उपचार चला, अस्वस्थता से १९७५ का चातुर्मास भी जयपुर ही किया। लोहावट निवासी सोहनमलजी दूगड़ की पुत्री रायकुँवर की दीक्षा १९७५ वैशाख सुदि १० को लोहावट में हुई। नाम पवित्रश्री रखा गया। अगवरी निवासी गजीबाई ने दीक्षा ग्रहण की और गीतार्थश्री नाम रखा गया।

गणाधीश हरिसागरजी, क्षेमसागरजी और वीरपुत्र आनन्दसागरजी

कोटा आए और जैसलमेर निवासी ललवानी परिवार की एक वैरागिनी को दीक्षा देकर अनुपमश्री नाम रखा।


संवत् १९७६ का चातुर्मास भी अस्वस्थता के कारण जयपुर ही हुआ। पुण्यश्रीजी को घुटने के दर्द के अतिरिक्त अर्श तथा श्वास की बीमारी भी हो गई। रुग्णता और वेदना बढ़ती हुई। इसी समय गणाधीश हरिसागरजी, वीरपुत्र आनन्दसागरजी आदि भी जयपुर पधार गये थे और दर्शन देने नियमित रूप से पधारते थे। १९७६ में पालनपुर निवासी निहालचन्दजी के पुत्र को दीक्षा देकर कवीन्द्रसागरजी नाम रखा। पुण्यश्रीजी की वेदना बढ़ती गई। अनेक प्रकार के उपचार कराने पर भी वेदना शान्त नहीं हुई। अन्तिम समय में सुवर्णश्रीजी को अपने स्थानापन्न घोषित कर संघ से क्षमायाचना की। संवत् १९७६ फाल्गुन शुक्ला १० के दिन इनका जयपुर में ही स्वर्गवास हो गया। इस समय आपके साथ में ४० साध्वियाँ विद्यमान थीं। संघ ने महोत्सव के साथ मोहनवाड़ी में इनका अग्नि संस्कार किया और वहाँ पर भव्य समाधि–मन्दिर भी बनवाया।

पुण्यश्रीजी ने आगमों का अध्ययन श्री राजसागरजी महाराज और गणाधीश सुखसागरजी महाराज से किया था। पुण्यश्रीजी आगमों की ज्ञाता थी। भगवती और आदि सूत्रों पर निर्भीक होकर व्याख्यान दिया करती थी। प्रवचन पटु थी। मधुर भाषिणी थी। स्वच्छ एवं निर्मल हृदय धारिका थी। नेत्रों में तपोतेज का प्रभाव था, सहृदया थी, मिलन सारिणी थी। जनता के हृदय को अपनी ओर आकृष्ट करने वाली थी। साधना के बल पर क्रूर कृत्य करने वालों को तर्जित कर श्राप देने की क्षमता भी रखती थी, किन्तु हृदय से क्षमा की धारिका थी। तप और साधना में लीन रहती थी। कर्मों की निर्झरा करना ही उनके जीवन का लक्ष्य था।

शिष्या प्रशिष्या परिवार

पुण्यचरित महाकाव्य की रचना विक्रम संवत् १९६७ में हुई। तब तक उन्होंने स्व–करकमलों से अथवा आज्ञा से ८२ साध्वियों को दीक्षा प्रदान की थी। स्वर्गवास के पूर्व यह संख्या ११६ पर पहुँच चुकी थी।

इनमें कई इनकी शिष्याएँ थी, कई प्रशिष्याएँ थी और कई शिष्यों की प्रशिष्याएँ भी थी। इस साध्वी वर्ग में कई विदुषी और प्रखर व्याख्यान दात्री भी थी। तथा समय के अनुसार समाज का संचालन करने वाली थी। श्री उद्योतश्रीजी महाराज की परम्परा में श्री लक्ष्मीश्रीजी एवं श्रीमगनश्रीजी की ये शिष्या थी। इनके पश्चात् जो इनकी वंश परम्परा चली वह इस प्रकार है:-



आज भी इस परम्परा में महत्तरा चम्पाश्रीजी महाराज की शिष्य प्रशिष्याओं में सूर्यप्रभाश्रीजी और विमलप्रभाश्रीजी आदि ठाणा २२; साध्वीजी विचक्षणश्रीजी की शिष्य प्रशिष्याओं में चन्द्रकलाश्रीजी, चन्द्रप्रभाश्रीजी, मनोहरश्रीजी, सुरञ्जनाश्रीजी, मणिप्रभाश्रीजी, प्रवर्तिनी सज्जनश्रीजी की

शिष्या–प्रशिष्याओं में शशिप्रभाश्रीजी; पवित्रश्रीजी शिष्य प्रशिष्याओं में दिव्यप्रभाश्रीजी आदि लगभग १२० साध्वियाँ आत्मसाधिका बनकर समाज कल्याण कर रही हैं। इनमें से कई प्रभावशालिनी, व्याख्यान–दात्री और विशेष योग्यता धारक भी हैं।

पुण्यश्रीजी के चरण और मूर्तियाँ

मोहनबाड़ी, जयपुर में भव्य समाधि मन्दिर में पुण्यश्रीजी के चरण स्थापित किए गए। जिसका लेख निम्न प्रकार है–

पूज्यपाद गुरुवर्या श्रीमती पुण्यश्रीजी महाराज साहबा के चरणों की प्रतिष्ठा वीर संवत् २४४७, विक्रम संवत् १९७७ के वैशाख शुक्ला ६ शुक्रवार के रोज समस्त श्री संघ के करवाई।

यहीं पर संवत् २००६ में उनकी मूर्ति भी स्थापित की गई। जिसका लेख निम्न है:–

स्वनामधन्या पुण्यशालिनी प्र० श्रीमती पुण्यश्रीजी महाराज सा० (जन्म १९१५ वैशाख शुक्ला ६, दीक्षा १९३१ वै० शु० ११, स्वर्ग १९७६) फा० शु० १० का विदुशी साध्वीरत्न श्रीमती विचक्षणश्रीजी म० सा० के उपदेश से सेठ उमरावसिंहजी वैराठी की धर्मपत्नी चि: शान्तिचन्द्रजी मातेश्वरी श्रीमती मीनाबाई ने बनवाकर स्थापित करवाया। विक्रम सं० २०१६ माघ १, जून १४ प्रतिष्ठितं खरतर ग० भ० श्रीजिनधरणेन्द्रसूरिजी।

एक मूर्ति दानबाड़ी कोटा में भी विद्यमान है, जिसका लेख निम्न है:–

पूज्येश्वरी पुण्यमूर्ति ख्यातिप्राप्ता गुरुवर्य्या प्र० श्रीमती पुण्यश्रीजी म० सा० का यह पट्ट श्रीमती अनुपमश्रीजी विचक्षणश्रीजी म० के उपदेश से श्रीमान् से० पवित्र कुमार सिंह जी, अशोक कुमार सिंह जी बापना ने अपने स्व० पिता दी० ब० सेठ केसरीसिंहजी सा० के श्रेयोर्थ स्थापित किया। सं. २०१३ फाल्गुन कृ. ७ गुरुवार कोटा, राजस्थान

इसी प्रकार एक मूर्ति चम्पाश्रीजी के उपाश्रय फलौदी में भी विद्यमान है जिसका लेख प्राप्त नहीं कर सका।

संवत् १९७५ वैशाख सुदि ६ को श्रीजिनकुशलसूरिजी की मूर्ति आपने प्रतिष्ठापित की थी। जिसका लेख मेरे द्वारा सम्पादित प्रतिष्ठा लेख संग्रह द्वितीय भाग लेखाङ्क ६९२ पर प्रकाशित है।

मुझे एक विज्ञप्ति पत्र भी प्राप्त हुआ है। श्रीपुण्यश्रीजी महाराज जब मन्दसौर नगर विराज रही थीं, उस समय में आहोर से श्रीसंघ ने आहोर पधारने के लिए विनती पत्र लिखा है। यह पत्र १९६८ में लिखा गया है। अन्त में समाज के प्रमुखों के हस्ताक्षर हैं। समग्र पत्र दोहा, चौपई, ढाल आदि में लिखा गया है। यह पत्र संशोधन–संपादन कर परिशिष्ट में दिया है।

छन्द–योजना

व्याकरण, कोष, काव्य और लक्षणशास्त्र के समान छन्दोविधान में भी कवि नित्यानन्दजी का पूर्ण एकाधिपत्य था। छन्दःशास्त्र के प्रचलित समस्त छन्दों पर वे सहजभाव से रचना कर सकते थे।

सामान्यतः महाकाव्यों के लक्षणों में प्रतिपादित किया गया है कि प्रत्येक सर्ग एक ही छन्द में निर्मित किया जाता था और उपसंहार विभिन्न छन्द में एक या दो श्लोकों में पूर्तिरूप किया जाता था किन्तु, कवि ने सामान्यतया इस नियम का पालन पहले, ग्याहरवें, पन्द्रवें, सोलहवें सर्ग में एक–एक श्लोक; दसवें, तेरहवें सर्ग में दो श्लोक; छठे, नवमें, बारहवें सर्ग में तीन श्लोक; दूसरे, पाँचवें, सातवें के उपसंहार में चार श्लोक; सतरहवें सर्ग के उपसंहार में छः पद्य; आठवें सर्ग के उपसंहार मे दस पद्य; चतुर्थ सर्ग के उपसंहार में नौ पद्य और चौदहवें सर्ग के उपसंहार में १२ पद्यों का प्रयोग किया है। अट्ठारहवां सर्ग ४० श्लोकों का है जिसमें कवि ने श्रुतबोध के समस्त छन्दों का उपयोग करते हुए चालीस ही विभिन्न छन्दों में सर्ग का निर्माण किया है। सम्भव है कि यह महाकाव्य घटना बहुल होने के कारण, साधु–साध्वी नाम, श्रावक–श्राविका नाम और नगर–ग्रामों के

नामों की बहुलता होने के कारण सुविधा की दृष्टि से विभिन्न छन्दों में रचना की हो! तथापि यह निःसन्देह कह सकते हैं कि विभिन्न पचास छन्दों में निर्माण करना कवि के अभूतपूर्व कौशल का परिचय देता है। प्रयुक्त विभिन्न छन्दों के नामों के लिए परिशिष्ट द्रष्टव्य है।

प्रकाशन का इतिहास

विदुषी साध्वीवर्या श्री सज्जनश्रीजी (प्रवर्तिनी सज्जनश्रीजी) ने पुण्यजीवन ज्योति' के नाम से विक्रम संवत् २०१७ में प्रकाशित की है। यह प्रकाशन 'पुण्य सुवर्ण ज्ञानपीठ जयपुर' की ओर से हुआ है। आत्म निवेदन पृष्ठ ५ पर लेखिका ने लिखा है:– 'पण्डित नित्यानन्द जी कृत पुण्यश्री चरित्र महाकाव्य की एक हस्तलिखित प्रति उनके समक्ष थी। और उसी को आधार मानकर विक्रम संवत् १९६७ तक की घटनाएं इस पुस्तक में अंकित की गई है। शेष जीवन वृत्त उन्होंने अपनी तरफ से लिखा है।' वे लिखती हैं कि–

'सुश्राविका श्रीमती शिखरू बाई ने डेढ़ सौ रुपये में इसे खरीद कर मुझे दिया। आद्योपान्त अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि चरित्र संस्कृत की शब्दछटा से युक्त है परन्तु अधूरा है। उसमें केवल वि० सं० १९६७ तक की घटनाएं ही अंकित हैं। इस अपूर्ण चरित्र को प्रकाशित करना कुछ उचित नहीं लगा। दूसरे इसका उपयोग केवल संस्कृत भाषाविज्ञ ही कर सकते थे। मेरा विचार हुआ कि इसे आधुनिक शैली से राष्ट्रभाषा हिन्दी में लिखकर प्रकाशित किया जाय तो उत्तम हो। ××× संस्कृत चरित्र के अनुवाद की एक कापी उनके संग्रह में से भी प्राप्त हुई, पर उसकी भाषा ठीक नहीं थी और वह केवल अनुवाद मात्र था। उसे भी प्रकाशित करने का किसी का मन नहीं हुआ।

जैनेतर एवं उद्भट विद्वान् ने महाकाव्यों की परम्परा में जैन प्रवर्तिनी साध्वी पर एक महाकाव्य लिखा। उस महाकाव्य को मूल में रखते हुए अपनी शैली में उसका अनुवाद भी देती तो अधिक श्रेयस्कर रहता। फिर भी उन्होंने सामान्य जनता के लिए अपनी उपदेशपरक व्याख्यानात्मक शैली में

'पुण्य जीवन ज्योति' लिखकर उनके जीवन की झलक से सबको अवगत कराया और अपनी पूर्व प्रवर्तिनी गुरुवर्या के प्रति श्रद्धा भक्ति प्रदर्शित की।

सन् १९७५ में किसी विक्रेता से यह पुस्तक मैंने क्रय की और वर्षों से मैं यह स्वप्न संजोए बैठा था कि विश्व में नारी के ऊपर जिसमें भी जैन साध्वी पर यह सर्वप्रथम महाकाव्य है, इसका प्रकाशन अवश्य ही होना चाहिए। किन्तु समय परिपक्व नहीं हो पाया था, इसीलिए यह ग्रन्थ आज तक प्रकाशित न हो सका। अब विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत हो रहा है।

प्रति–परिचय

इस प्रति का साईज ३०.५–१२.५ से.मी है। पत्र संख्या १०९ है। काश्मीरी कागज पर लिखी गई है। त्रिपाठ है। त्रिपाठ होने से प्रति पृष्ठ मूल की छः पक्तियाँ है और अनुवाद की सात पक्तियाँ हैं अर्थात् कुल पक्तियाँ १३ हैं, कहीं–कहीं १४ भी हैं। प्रति पंक्ति मूल के अक्षर ४४ से ४६ तक हैं और अनुवाद के अक्षर ५२ से ५६ तक है। मध्य भाग में महाकाव्य लिखा गया है और ऊपर तथा नीचे कविवर के ज्येष्ठ भ्राता विद्याभूषण श्री भगवतीलाल शर्मा कृत पुरानी हिन्दी में अनुवाद दिया गया है। लेखन प्रशस्ति इस प्रकार है:–

(मूल) इति श्रीयोधपुरस्थ दाधिमथकासल्योपाख्या– धीरधुरीणं– माधवात्मजाशुकवि पं० नित्यानन्दशास्त्रिकृते पुण्यचरिते शुभाङ्केऽष्टादशः सर्गः समाप्तः॥ लि० ह० बालारामसाधोः॥

(अनुवाद) तात्पर्यदर्शनेनैव टीकातात्पर्यबोधिनी।

कृता मयेति पठनावसरे ज्ञेयमुत्तमैः॥ १॥

इति श्रीग्रन्थकारज्येष्ठसोदरेण योधपुरीयश्रीवैदिकपाठशाला– प्रथमाध्यापकेन विद्याभूषणेन पण्डित श्रीभगवतीलालशर्मणा कृता श्रीपुण्यचरिताष्टादशसर्गभाषाटीका समाप्ता॥ १८॥ श्री श्री श्री॥

(लेखन) ललितरामस्य पुत्रेण बालारामेति वैष्णवः।

लिखितं पुण्यचरितं ऋष्यर्त्वेकेन्दुवत्सरे (१९६७)॥ १॥

चैत्रमासे शितेपक्षे द्वादश्यामिन्दुवासरे।
श्रीश्रीपुण्यलक्ष्म्यर्थे लिखितं पुस्तकं मया॥ २॥
यदि मम चक्षुभ्रमकारणेनाशुद्धिः वर्त्तते तद्बुधाः क्षाम्यन्तु॥
अहं बालकोस्मि॥ श्रीः॥ श्रीकल्याणमस्तु॥

जिस समय पण्डित नित्यानन्दजी शास्त्री ने संवत् १९६७ में यह महाकाव्य लिखा उस समय श्री भगवतीलालजी ने अनुवाद लिखा और उसकी प्रतिलिपि श्री बालाराम साधु ने की। अतः इसे इस महाकाव्य का प्रथमादर्श मान सकते हैं। यत्र-तत्र शुद्धिकरण करते हुए संस्कृत और भाषा में टिप्पणियाँ भी दी गई हैं। संस्कृत की टिप्पणियों को हमने प्रत्येक सर्ग के अन्त में ही दी है। यह प्रति प्रायः शुद्ध हैं। प्रतिलिपिकार बालाराम भी सामान्य संस्कृतज्ञ मालूम होता है।

पण्डितजी के परिवार वालों या उनके दौहित्रों– पण्डित श्री अमरदत्तजी और श्री ओ.पी. आचार्य के पास भी इसकी अन्य प्रति नहीं है। अतः इसे महाकाव्य की एकमात्र प्रति मान सकते हैं।

अन्य प्रति

महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी विरचित **चैत्यवन्दन चतुर्विंशतिका** हिन्दी अनुवाद सहित, हिन्दी अनुवादिका – साध्वी बुद्धिश्रीजी, प्रकाशक– श्री हरिसागर जैन पुस्तकालय, लोहावट, प्रकाशन सन् – विक्रम संवत् १९९३ के अन्तर्गत महामहोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी का संक्षिप्त परिचय देते हुए पण्डित नित्यानन्दजी शास्त्री रचित इस महाकाव्य के दूसरे सर्ग के ११ पद्यों के भी उद्धरण दिए हैं। जो निम्न हैं:–

उद्धरण	प्रस्तुत काव्य
श्लोकाङ्क	
१२, १३, १४, १५, १६,	२३, २४, २५, २६,
१७, २०, ४२, ४६, ६०, ६१	२७, २८, ३१, ५३,
	५७, ७१,७३

इन उद्धरणों में क्वचित् पाठान्तर भी दृष्टिगोचर होते हैं। जो निम्न हैं:–

पद्य–१२, च.–३, सद्विप्रजातौ	श्रीओसवंशे
पद्य–१३, च.–३, धर्मामृत स्नानविवृद्लालसो	राजनसएकादशऐव..
पद्य–१६, च.–३, भूमिं नखाग्रैर्विलिखत्सु	पृथ्वीतलं चाकलयत्सु
पद्य–१७, च.–१, निर्मषणः	तस्मिन् क्षणे

इससे प्रतीत होता है कि अनुवादिका को इसकी अन्य प्रति भी प्राप्त थी जिसके कि उन्होंने उद्धरण दिए हैं। वर्तमान में उद्धृत पाठ वाली हस्तलिखित प्रति प्राप्त नहीं हैं।

महोपाध्याय क्षमाकल्याणजी के जीवन चरित्र की सामग्री श्री शास्त्रीजी को कहाँ से प्राप्त हुई थी? इस सम्बन्ध में इसी पुस्तक के पृष्ठ १० पर टिप्पणी में साध्वीजी ने लिखा है:–

"लेखक महोदय ने इस चरित का परिचय महामहोपाध्यायजी महाराज के पोते चेले श्री सुमति मण्डनोपाध्याय प्रसिद्ध नाम श्री सुगनजी महाराज से ओर बीकानेर के भण्डारों से बड़ी शोध खोज के बाद आलेखित किया था।"

प्रस्तुत सम्पादन

प्रस्तुत सम्पादन में प्रतिलिपिकार बालारामवैष्णव लिखित एक मात्र प्रति प्राप्त होने से इसमें पाठान्तर इत्यादि नहीं दिए जा सके हैं। इसके सम्पादन में जो पद्धति अपनायी गई है वह निम्न हैं:–

१. अनुस्वार और विसर्ग कतिपय स्थानों पर प्रतिलिपिकार ने ध्यान नहीं रखा है अतः व्याकरण सम्मत् और छन्द सम्मत् यत्र–तत्र अनुस्वार और विसर्ग का प्रयोग भी किया गया है।

२. जहाँ भी शब्दों की रूपसिद्धि में सन्देह उत्पन्न हुआ है वहाँ मूल प्रति में दिये हुए स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए शुद्ध रूप कोष्ठक में दिया गया है।

३. प्रत्येक सर्ग और श्लोकों के प्रारम्भ में छन्दों के नाम दिए गए हैं।

४. पण्डित भगवती लाल कृत टिप्पणी भी यथा स्थान ही टिप्पणी के रूप में दी गई है।

परिशिष्ट

यह ग्रन्थ सहृदय पाठक भी सहज भाव से समझ सकें, इसीलिए इसके साथ निम्न ९ परिशिष्ट भी दिए गए हैं:-

(१) प्रथम परिशिष्ट में सर्ग ८ श्लोक ४२-४३ के चित्रबद्ध काव्य दिये है।

(२) द्वितीय परिशिष्ट में शब्दकोष दिया गया है। इस महाकाव्य में प्रयुक्त प्रत्येक शब्द का चयन कर, शब्द का लिंग निर्वचन, शब्द का अर्थ और सर्ग एवं श्लोकांक दिए गए हैं। इस परिशिष्ट में कई शब्दों के लिंगनिर्वचन रिक्त रह गए हैं उसको विद्वद्गण पूर्ति करने का प्रयत्न करें।

(३) तृतीय परिशिष्ट २ खण्डों में विभाजित है क तथा ख। परिशिष्ट ३क में कवि प्रयुक्त प्रत्येक सर्गस्थ छंदों का नामोल्लेख, सर्ग और श्लोकांक के साथ किया गया है।

परिशिष्ट ३ ख में कवि द्वारा प्रयुक्त समस्त छन्दों की तालिका अकारानुक्रम से दी गई है और छन्द नाम से साथ सर्ग और श्लोकों की संख्या अंकित है।

(४) परिशिष्ट ४ में काव्य में प्रयुक्त साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका और नगर ग्रामों की अकारानुक्रम से तालिका दी गई है।

(५) परिशिष्ट ५ में कवि ने महाकाव्य के अन्तर्गत यत्र-तत्र तारकों के समान जो सुभाषित प्राप्त होते हैं उसमें से चयन कर कुछ सुभाषित सर्गानुक्रम से अनुवाद सहित दिये हैं।

(६) परिशिष्ट ६ में कवि नित्यानन्द शास्त्री द्वारा प्रयुक्त महाकाव्य के अन्तर्गत यमक, श्लेष, उपमा, चित्रकाव्य आदि के कारण कई श्लोक अत्यन्त दुरुह हो गए हैं। अतः क्लिष्ट श्लोकों का अर्थ भी श्री भगवतीलालजी शर्मा कृत अनुवाद के आधार पर प्रस्तुत किया गया है।

(७) परिशिष्ट ७ भी दो खण्डों में विभक्त है। परिशिष्ट ७ अ में संवतात्मक शब्द निर्देश तालिका दी गई है और उसे स्पष्ट करने के लिए उन शब्दों के आगे अङ्क देकर संवत् भी दिखाया गया है। सर्ग श्लोक भी अंकित हैं।

परिशिष्ट ७ ख में महाकाव्य में प्रयुक्त अंक परक शब्दानुक्रमणिका दी गई है।

(८) परिशिष्ट ८ में आहोर संघ ने मंदसोर विराजित प्रवर्तिनी पुण्यश्रीजी को जो आहोर पधारने का विनती पत्र भेजा था, उसकी प्रतिलिपि यथा लिखित रूप में दी गई है।

(९) परिशिष्ट ९ में कालन्द्रि एवं सिरोही संघ ने जो पुण्यश्रीजी सोहनश्रीजी को सम्मान पत्र दिया था उसकी प्रतिलिपि दी गई है।

आभार

चारित्रचूडामणि परम शान्तमूर्ति पूज्य गुरुदेव श्री **जिनमणिसागरसूरिजी** महाराज के अपूर्व वात्सल्य और अमोघ आशीर्वाद का ही फल है कि उनका सान्निध्य पाकर मैं साहित्य सेवी बन सका।

मुझे परम हर्ष है कि शासनसम्राट आचार्य श्री **विजयनेमिसूरीश्वरजी** महाराज की परम्परा में पूज्य आचार्य श्री **विजयविज्ञानसूरिजी** महाराज के कृपापात्र पूज्य आचार्य श्री **विजयकस्तूरसूरिजी** महाराज के शिष्य जिनशासन शृंङ्गार पू. आ. श्री **विजयचंद्रोदयसूरिजी** म. सा. के गुरुलघुबंधु सूरिमन्त्राराधक श्री **विजयअशोकचन्द्रसूरिजी** महाराज के शिष्यरत्न व्याकरणाचार्य श्री **विजयसोमचन्द्रसूरिजी** महाराज ने इस महाकाव्य की महत्ता को समझा और इसके संशोधन–सम्पादन एवं प्रकाशन का सम्पूर्ण कार्य सहज भाव से स्वीकार किया। मुनि श्री सुयशचन्द्रविजयजी एवं मुनि श्री सुजसचन्द्रविजयजी महाराज ने इस कार्य में उन्हें पूर्ण सहयोग दिया, इसलिए मैं इन आचार्यदेवों एवं मुनिवरों का सादर अभिनन्दन करता हूँ।

पूज्य आचार्यश्री के उपदेश से श्री **जैन श्वेताम्बर रान्देर रोड जैन संघ, सूरत** द्वारा यह प्रकाशन हो रहा है। अतः इस संस्था के कार्यकर्ता भी धन्यवाद के पात्र हैं।

मेरे अन्तरङ्ग मित्र संस्कृत के प्रौढ़ विद्वान् डॉ० सत्यव्रत एम.ए., पी.एच.डी., डी. लिट्., प्रिन्सीपल (वर्तमान आनरेरी प्रोफेसर वी.वी.आर.आई. एच.) श्रीगंगानगर ने मेरे अनुरोध को स्वीकार कर जो वैदुष्यपूर्ण विस्तृत भूमिका लिखी है जिससे इसका महाकाव्यत्व उजागर हुआ है उसके लिए भी मैं उनको पुनः पुनः साधुवाद प्रदान करता हूँ।

अन्त में आयुष्मान मंजुल, पुत्रवधू नीलम, पुत्र विशाल, पौत्री तितिक्षा और पौत्र वर्धमान के स्नेहसमर्पण और सहयोग के लिए अनन्त साधुवाद और आशीर्वाद।

मैं आशा करता हूँ कि देववाणी के रसिक विद्वज्जन इस अनूठे महाकाव्य का अध्ययन एवं रसास्वादन कर भविष्य में समीक्षात्मक अध्ययन भी प्रस्तुत करेंगे जो कि अनुसंधित्सुओं के लिए मार्गदर्शक होगा।

म. विनयसागर

पुण्यचरित महाकाव्य : समीक्षात्मक अनुशीलन

पण्डित नित्यानन्द शास्त्री का पुण्यचरित अर्वाचीन युग की उल्लेखनीय काव्यकृति है। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि यह सम्भवतः अकेला बृहत्काय काव्य है जिसमें किसी जैन साध्वी के जीवनवृत्त को काव्य का विषय बनाया गया है। पुण्यचरित के अठारह सर्गों में प्रवर्तिनी पुण्यश्री के लगभग समूचे जीवनचरित को परिष्कृत पदावली में निरूपित करने का उपक्रम है, किन्तु उस चरित का स्वरूप इतना सीमित तथा रसहीन है कि उसे चरित-काव्य मानने में हिचक हो सकती है। इसमें चरितकाव्य की विविधता अथवा समग्रता का अभाव है किन्तु विवरण की तथ्यात्मकता की दृष्टि से यह पूर्णतया विश्वसनीय है। यह बात भिन्न है कि एकरूप घटनावली की अन्तहीनता के कारण पाठक के धैर्य को निरन्तर अग्निपरीक्षा से गुज़रना पड़ता है।

पुण्यचरित का स्वरूप

पुण्यचरित को शीर्षक में महाकाव्य नाम से अभिहित किया गया है किन्तु इसे यह गौरवशाली संज्ञा कवि द्वारा दी गयी है अथवा इसे लिपिकार ने प्रक्षिप्त किया है, यह स्पष्ट नहीं है। कलेवर तथा प्राणवान् सम्प्रेषण की दृष्टि से पुण्यचरित को महाकाव्य कहने का प्रलोभन हो सकता है किन्तु इसकी रचना में महाकाव्य के अधिकतर धर्मों का पालन नहीं किया गया है, यद्यपि कवि की इसे महाकाव्य का रूप देने की व्यग्रता पर्याप्त मुखर है।

पुण्यचरित का आकार महाकाव्य के विस्तृत फलक के अनुरूप है। इसका प्रतिपाद्य अठारह सर्गों में विभक्त है, अतः भामह की भाषा में इसे 'महद्' कहने में आपत्ति नहीं हो सकती। इसका आरम्भ तीन पद्यों के मंगलाचरण से होता है, जो शास्त्र के अनुसार 'नमस्कारात्मक है [१]। प्रथम पद्य में महावीर प्रभु तथा कवि के इष्टदेव पवनसुत हनुमान् की श्लेषविधि से स्तुति की गयी है [२]। पुण्यचरित का इतिवृत्त संयमधन साध्वी पुण्यश्री के जीवनवृत्त पर आधारित

होने के नाते जैन परम्परा में अज्ञात नहीं है। इस दृष्टि से इसे स्थूल रूप में प्रख्यात (इतिहासकथोद्भूत) तथा सदाश्रित कहा जा सकता है,[२अ] परन्तु वह महाकाव्योचित भव्यता तथा वैविध्य से शून्य है। धर्म-प्रभावना को अर्पित होने से उसे उदात्त कहना भी अनुपयुक्त नहीं होगा, किन्तु वह उदात्तता महाकाव्य की उदात्तता नहीं है। पुण्यश्री का समूचा जीवन विहार, दीक्षा, उपदेश, तथा शास्त्रवाचन की चौहद्दी में बन्द है। निस्सन्देह दीक्षित साध्वी की यही चारितर्थता है किन्तु मात्र इन कर्मों तक सीमित रहने के कारण काव्य का इतिवृत्त शुष्कता की पर्तों में दब गया है। इस प्रकार का आत्मकेन्द्रित एवम् अवरुद्ध कथानक महाकाव्य की प्रकृति के अनुरूप नहीं है। सुगठित तथा सोद्देश्य कथानक का अभाव पुण्यचरित के महाकाव्यत्व को आहत करता है।

महाकाव्य की कथावस्तु को समृद्ध बनाने के लिये काव्यशास्त्र में जिन चन्द्रोदय, वन-विहार, जलकेलि, सुरतक्रीडा आदि वस्तुव्यापार के वर्णनों का विधान किया गया है [३], पुण्यचरित में उनका लगभग पूर्ण अभाव है। परन्तु काव्य में कुछ ऐसे प्रसंग-प्रसूत वर्णनों का समावेश है, जो भव्यता एवं प्रभावोत्पादकता में उपर्युक्त रूढ़ वर्णनों से कहीं अधिक मार्मिक एवं महत्त्वपूर्ण हैं। उनसे इतिवृत्त को सम्पन्नता मिली है और विविधता भी। इस दृष्टि से पुण्यश्री के क्रोध (५. ५२-५६), धावक (९. २६-२९), महामारी (१६. १९-२९) तथा तख्तसिंह (१. ४९-५१) के वर्णन उल्लेखनीय हैं।

विश्वनाथ ने धीरोदत्त गुणों से युक्त अभिजात क्षत्रिय अथवा देवता को महाकाव्य के लिये उपयुक्त नायक माना है [४]। पुण्यचरित नायिकाप्रधान रचना है। बद्धमूल परम्परा की अवहेलना कर नारी को-वह भी दीक्षित साध्वी को-काव्य के सर्वोच्च (नायक) पद पर आसीन करना साहस-पूर्ण कार्य था। काव्यकार ने ऐसा करके एक ओर अपनी स्वतन्त्रवृत्ति का परिचय दिया है और दूसरी ओर नारी की गरिमा के प्रति आस्था व्यक्त की है। स्त्री होते हुए भी पुण्यश्री में वे प्रायः सभी गुण विद्यमान हैं, जो धीरोदात्त नायक के लिये अपेक्षित हैं। उसका व्यक्तित्व महाकाव्य की गरिमा के अनुरूप ही है।

रस की दृष्टि से पुण्यचरित की संतोषजनक स्थिति नहीं है। काव्यशास्त्रियों ने महाकाव्य के विराट् फलक पर अङ्गाङ्गीभाव से विविध रसों

के परिपाक का विधान किया है [५]। पुण्यचरित के सपाट इतिवृत्त में मानव-हृदय की विविध भावनाओं के सरस चित्रण का अधिक अवसर नहीं है। इसलिये इसमें जिन रसों का यत्किंचित् पल्लवन हुआ है, उनमें से किसी में इतनी प्रगाढता नहीं है कि उसे अंगीरस के पद पर आसीन किया जा सके। सामान्य रूप से शान्तरस को काव्य का प्रधान रस माना जा सकता है, यद्यपि इसमें महाकाव्योचित गम्भीरता नहीं है। करुण तथा वीर गौण रूप में उसके पोषक हैं। यह बात अलग है कि उनका पल्लवन भी अन्तर्विरोध तथा कृशता से ग्रस्त है। चतुर्वर्ग में से पुण्यचरित की रचना का उद्देश्य धर्मसिद्धि है, और इसके निर्वाह में काव्य पूर्णतया सफल है। समूचा काव्य धर्मप्रभावना की बलवती भावना से परिचालित है। संवेग, प्रव्रज्या तथा शास्त्रोपदेश के अन्तहीन वर्णनों की परिणति जैनधर्म की श्रीवृद्धि में होती है। जैन धर्म की मान्यता के अनुरूप ही पुण्यचरित में कुछ अलौकिक तत्त्वों का समावेश है, जो सिद्धान्त तथा व्यवहार में अमान्य नहीं हैं।

महाकाव्य का जो आभ्यन्तर तत्त्व पुण्यचरित में सर्वत्र व्याप्त है, वह इसकी गरिमामयी भाषा है [६]। काव्य की भाषा सामान्यतः प्राजंल है पर उसमें परिष्कार की प्रवृत्ति आद्यन्त दिखाई देती है। इससे पुण्यचरित की भाषा में काम्य निखार आया है और वह भावाभिव्यक्ति का सजीव माध्यम बन गयी है। काव्य में जो कुछ भी मनोरम तथा रुचिर है, उसका श्रेय अधिकतर इसकी कान्त तथा परिमार्जित पदावली को है। अधिकांश महाकाव्यों की भांति पुण्यचरित में अंलकरण तथा पाण्डित्य-प्रदर्शन की प्रवृत्ति प्रभूत मात्रा में दिखाई देती है। चित्रकाव्य का साग्रह निवेश इसी विद्वता-प्रदर्शन की भावना से प्रेरित है। भाषा को समृद्ध तथा भावाभिव्यक्ति को विशद बनाने के लिये काव्य में उभयविध अलंकारों का प्रयोग किया गया है [७]। पुण्यचरित में छन्दों का प्रयोग शास्त्र के अनुकूल है। प्रत्येक सर्ग में एक छन्द का प्राधान्य है, जो अन्त में परिवर्तित हो जाता है। अन्तिम सर्ग में विविध छन्दों की योजना भी शास्त्र में मान्य है [८]।

महाकाव्य के आन्तरिक तथा बाह्य धर्मों में से कुछ के अभाव तथा कुछ के आधे-अधूरे निर्वाह के कारण पुण्यचरित को महाकाव्य मानने में झिझक होती है। यह ज्ञातव्य है कि इसे किसी भी सर्ग की पुष्पिका में

'महाकाव्य' नहीं कहा गया है। केवल बहुत शिथिल अर्थ में इसे महाकाव्य कहा जा सकता है। पुण्यचरित आत्मा-विहीन सुन्दर शरीर से अधिक भिन्न नहीं है।

इतिवृत्त-विमर्श

पुण्यचरित के प्रतिपाद्य का विस्तृत विवरण प्राक्कथनकार ने दिया है। उसकी आवृत्ति अनाश्यक है, किन्तु उसकी प्रकृति एवं स्वरूप से अवगत होने के लिये उसका विमर्श अप्रासंगिक नहीं है।

प्रथम सर्ग की विषय-समृद्धि उल्लेखनीय है। इसमें आरम्भिक औपचारिकताओं के अतिरिक्त चरितनायिका के जन्म से लेकर विवाह तक के वृत्त का ७४ पद्यों में निरूपण किया गया है। आधारभूमि के रूप में देश (भारत), नगर (जैसलमेर, फलौदी, गिरासर) तथा मारवाड़ के शासक तख्तसिंह के वर्णनों से विषय को मांसल बनाया गया है। इन विभिन्न विषयों का सर्ग में वर्णन इसलिये सम्भव हुआ है कि ये सभी वर्णन संक्षिप्त तथा संतुलित हैं। कोई भी वर्णन तीन-चार पद्यों से अधिक नहीं है। किन्तु विषय-प्राचुर्य के होते हुए भी सर्ग के सभी वर्णनों में काव्यात्मकता ढूंढना निरर्थक है। तख्तसिंह का चित्रण प्रभावशाली है। चरितनायिका के शैशव, यौवन तथा विवाह के ऐसे प्रसंग थे जिनमें वात्सल्य तथा श्रृंगाररस का परिपाक सम्भव था पर कवि उसके प्रति उदासीन है।

द्वितीय सर्ग के प्रथम नौ पद्यों में कथानक द्रुतगति से आगे बढ़ता है। इनमें पत्नी (पुण्यश्री का दीक्षा-पूर्व नाम) के श्वशुरालय में आगमन, अतिसार से उसके पति के, विवाह के मात्र दस दिन बाद, निधन और दोनों परिवारों के शोक-विलाप का वर्णन है। नवें पद्य में पत्नी की विरक्ति का संकेत है।

पत्नी के पति दौलतसिंह के देहावसान पर उसके स्वजनों का विलाप स्वाभाविक था। परन्तु आश्चर्य है, पति की मृत्यु पर नवोढा के शोकसंताप का प्रच्छन्न संकेत भी नहीं है। इसे उसकी वीतरागता का द्योतक मानना उचित नहीं होगा, यद्यपि इसका परोक्ष-सा संकेत प्रथम सर्ग में किया गया है[९]। परन्तु उक्त स्थिति में नववधू का आचरण विचित्र तथा अविश्वसनीय प्रतीत होता है।

सर्ग के शेषांश में खरतरगच्छ के उद्भव और उसके आचार्यों के विवरण के अन्तर्गत उपाध्याय क्षमाकल्याण के जीवन वृत्त का सविस्तार निरूपण है। यह चरितवर्णन आपातत: पत्नी की जिज्ञासा के शमनार्थ किया गया है, परन्तु स्वयं जिज्ञासा यहाँ अस्वाभाविक प्रतीत होती है। यह विस्तृत वर्णन कोरा विषयान्तर है। इसका केवल इतना औचित्य है कि उद्योतनश्री क्षमाकल्याण की शिष्य-परम्परा में थीं।

तृतीय सर्ग में यद्यपि उद्योतनश्री और पत्नी के फलौदी में विद्यमान होने का प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं है किन्तु प्रकारान्तर से प्रतीत होता है कि वे दोनों वहीं थीं (२१-२३)। पता नहीं किस प्रेरणा अथवा भ्रम से कवि ने यहाँ दस पद्यों में (२४-३३) वसन्त ऋतु का वर्णन किया है। यह न प्रसंग से प्रसूत है और न इसके लिये यहाँ कोई स्थान है। यह स्पष्टत: काव्यशास्त्रीय विधान की पूर्ति के लिये यहाँ आरोपित किया गया है।

इसी सर्ग में पत्नी प्रव्रज्या ग्रहण कर पुण्यश्री बन जाती है और संयम के पथ पर अग्रसर होती है।

चतुर्थ सर्ग में नवदीक्षित पुण्यश्री के विहार, तपश्चर्या, चातुर्मास तथा उनके द्वारा दी गयी दीक्षाओं का इतना जटिल वर्णन है कि उसे व्यवस्थित करना भी सम्भव नहीं है। यह सर्ग पुण्यश्री के आरम्भिक धार्मिक क्रियाकलाप की नीरस सूची है। परिष्कृत भाषा उस नीरसता को कुछ सीमा तक कम करने में सफल हुई है पर उसमें काव्यत्व नाम को भी नहीं है। इसे चरित केवल इस अर्थ में कहा जा सकता है इन सब का पुण्यश्री से सम्बन्ध है। इसके बाद काव्य की धारा दीक्षा-विहार आदि की संकरी प्रणालिका में बहती दिखाई देती है।

अन्य घिसे-पिटे विवरण के अतिरिक्त पंचम सर्ग में केवल दो उल्लेखनीय प्रसंग हैं। भगवान् आदिनाथ की स्तुति (५. ३७-४३) भावप्रवणता तथा आत्मसमर्पण-पूर्ण विनय से ओतप्रोत है। साध्वी शृङ्गारश्री के घर्षण की कुचेष्टा करने वाले अश्वारोही के प्रति पुण्यश्री का क्रोध उनके आध्यात्मिक तेज और चारित्रिक ओज का द्योतक है।

छठे सर्ग की महत्त्वपूर्ण घटनाओं में पुण्यश्री द्वारा अहमदाबाद में आत्मारामजी महाराज के दर्शन करना शामिल है। नागौर-निवासी सुन्दरबाई,

शर्त के अनुसार, दीक्षित होने से पूर्व अपने प्रति प्रतापसिंह का स्वयं एक सुयोग्य कन्या से विवाह करवाती है। रतनकुमारी को प्रव्रज्या ग्रहण करने के लिये अनशन करना पड़ता है।

सातवाँ सर्ग भी पहले जैसे वर्णनों से भरपूर है। चिन्तामणि पार्श्वनाथ मन्दिर (लोद्रवा) के वर्णन में कविकल्पना की क्षीण-सी छटा दिखाई देती है। अमरसर ग्राम में पुण्यश्री के निवास के वर्णन में शब्दीक्रीडा का चमत्कार है।

अष्टम सर्ग का उल्लेखनीय भाग आदिदेव का स्तवन है। यह स्तोत्र दो भागों में विभक्त है। प्रथम भाग में ऋषभनाथ की भावपूर्ण स्तुति है। द्वितीय भाग चित्रकाव्य से आच्छादित है। यह भाषायी उत्पीडन कवि के बहुविध पाण्डित्य का परिचायक भले हो, हृदय के मृदु भावों को चित्रकाव्य की कारा का बन्दी बना देना किसी प्रकार भी उचित नहीं है।

नवें सर्ग में कवित्वपूर्ण अंश कुछ अधिक हैं, जो नीरस विवरण में सौन्दर्य का संचार करते हैं। पुण्यश्री का संक्षिप्त वर्णन (९. २१-२५) प्रांजल तथा रुचिर है। यद्यपि इसमें साध्वीश्री के विहारादि का ही निरूपण है, किन्तु सरस पदावली तथा कवि-कौशल के कारण यह सजीव हो उठा है। फलौदी के संघ द्वारा प्रेषित धावक (जांघिक) का शब्दचित्र यथार्थ तथा आकर्षक है। भगवान् महावीर का स्तोत्र (९. ३९-४४) सर्ग का कदाचित् सबसे श्रेष्ठ तथा कवित्वपूर्ण अंश है। छः पद्यों की इस स्तुति में भगवान् का समूचा स्वरूप साकार है। नवें सर्ग जैसे सरस तथा समर्थ वर्णन काव्य में अन्यत्र नहीं हैं।

अगले तीन सर्गों का विषय भी विहार-दीक्षादि तक सीमित है, किन्तु ग्यारहवें और बाहरवें सर्ग में इनका वर्णन प्रभावी तथा प्रांजल शब्दावली में किया गया है जिससे शुष्क विवरण में भी रोचकता का आभास होता है।

तेरहवें सर्ग की एकमात्र विशेषता यह है कि इसकी रचना अन्त्यानुप्रास में हुई है। बीच-बीच में यमक की भी योजना की गयी है।

चौदहवें सर्ग के विवरण में कुछ मार्मिक उपमाएँ दिखाई देती हैं। विविध स्रोतों से गृहीत अप्रस्तुत विशेष उल्लेखनीय हैं।

पन्द्रहवें सर्ग का प्रतिपाद्य तो पहले जैसा है किन्तु इस में विवरण की बहुलता है। बावन पद्यों की गागर में कवि ने विषय-समृद्धि का जलाशय भरने का सराहनीय प्रायास किया है।

इन्द्रपुर (इन्दौर) में फैली महामारी का हृदयस्पर्शी चित्रण सोलहवें सर्ग की विशेषता है।

सतरहवें सर्ग में मुख्यत: मुनि छगनसागर के जीवन वृत्त का निरूपण है। यह साध्वियों के अनुरोध पर किया गया है, यद्यपि यहाँ न इस अनुरोध का कोई औचित्य है, न जीवन चरित की कोई प्रासंगिकता है। क्षमाकल्याण के जीवनवृत्त की भाँति यह भी बलात् आरोपित है। ४९ पद्यों के सर्ग में २७ पद्य इस पर व्यय कर देना संतुलन के अभाव का द्योतक है। फिर भी इसमें मुनि के चरित की कुछ रेखाएं ही उजागर हुई हैं।

सतरहवें सर्ग के साथ काव्य समाप्त हो जाता है। अठारहवाँ सर्ग काव्य का **परिशिष्ट** है। इसमें पूर्ववत् साध्वियों के अनुरोध पर पूर्ववर्ती श्रमणियों के वर्णन का उपक्रम है। इसमें वस्तुत: उद्योतनश्री तथा उनकी शिष्या मग्नश्री का चरित ही संक्षेप में वर्णित है। विभिन्न साधु-साध्वियों के चरितवर्णन के प्रति कवि का यह अनुराग अनावश्यक है। काव्य में इसकी उपयोगिता भी नहीं है। इस सर्ग की विशिष्टता यह है कि कवि ने इसमें अपने छन्दशास्त्र के पाण्डित्य का जम कर प्रदर्शन किया है। चालीस पद्यों में ३९ छन्दों का प्रयोग कम आश्चर्यजनक नहीं है वह भी काव्यधारा को अखंडित रखकर।

रस-योजना

मानव-हृदय की सूक्ष्म अनुभूतियों के मनोयोगपूर्वक चित्रण से सहृदय को रसचर्वणा कराना काव्य का चरम लक्ष्य है- **सद्य: परनिर्वृतये। वाक्यं रसात्मकं काव्यम्** का तात्पर्य अन्ततोगत्वा यही है कि काव्य-कृति रस की उच्छलता से ओतप्रोत होती है। काव्य एवं रस के अटूट सम्बन्ध के कारण दोनों को पर्याय मानना बहुत स्वाभाविक था [९अ]। महाकाव्य के बृहत् फलक पर भाव-वैविध्य तथा स्थिति-बाहुल्य के अनुरूप विविध रसों के परिपाक की विस्तृत सम्भावनाएँ होने के कारण भामह ने उसमें समस्त रसों के पृथक्-पृथक् चित्रण का विधान किया है [९०]। भामह की व्यवस्था का अभिप्राय यह है कि आनन्दमय होने के कारण सभी रस महाकाव्य में प्रगाढ रसात्मकता की सृष्टि करने में समान रूप से समर्थ हैं। इसके विपरीत आनन्दवर्धन की निर्भ्रान्त मान्यता है कि अन्य रसों की अपेक्षा किसी एक रस के गहन तथा व्यापक

चित्रण से काव्य में उत्कर्ष का आधान होता है [११]। रसों की इस अङ्गाङ्गीभाव की कल्पना से कवि की स्वतन्त्रता सीमित हुई है। उसे और सीमित करते हुए विश्वनाथ का विधान है कि शृङ्गार, वीर और शान्त में से ही किसी एक रस को महाकाव्य के प्रमुख (अङ्गी) रस के रूप में चित्रित किया जाना चाहिये। आश्चर्य है, इस कठोर अनुशासन का निष्ठापूर्वक पालन किया गया है।

पुण्यचरित के रसचित्रण में महाकाव्योचित गहनता नहीं है। इसके शुष्क विवरण में मानव-हृदय के विविध भावों के लिये अधिक अवकाश नहीं है, न उनके चित्रण में कवि की विशेष रुचि है। पत्नी के शैशव तथा विवाह के चित्रण में कवि ने किस प्रकार वात्सल्य और शृङ्गार के पल्लवन के प्रति उदासीनता दिखाई है, इसका संकेत पहले किया गया है। यदि शृङ्गार को पत्नी की संयमवृत्ति के अनुरूप न भी मानें, उसकी बालकेलियों के निश्छल चित्रण के द्वारा वात्सल्य की सृष्टि करने में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था।

पुण्यचरित अनगिनत मुमुक्षुओं के संयमग्रहण करने के विवरणों से आच्छादित है, परन्तु आश्चर्य है उनमें से किसी के भी संवेग का यथेष्ट निरूपण काव्य में नहीं हुआ है। उनके दीक्षा-पूर्व शम के सम्यक् विश्लेषण से शान्त रस अपनी समग्र प्रगाढता के साथ उदित होकर अङ्गीरस के सर्वोच्च पद पर प्रतिष्ठित हो सकता था। कवि ने इन सम्भावनाओं का भी सदुपयोग करना उचित नहीं समझा। केवल पत्नी (और बब्बू) के प्रव्रज्या ग्रहण करने से पूर्व उसकी मनःस्थिति का हल्का-सा चित्रण किया गया है। जीर्ण पत्तों को झड़ता देख पत्नी का हृदय भौतिक पदार्थों तथा सांसारिक सुखों की नश्वरता के बोध से भर जाता है। उसके लिये अब संसार भुजंग से भी अधिक भयावह है। वह भवसागर से अपने उद्धार के लिये आतुर है।

पर्णानि जीर्णानि तरोर्विशीर्णा-न्यभ्यर्णतोऽथो निरवर्णयत्सा।
तूर्णं च निर्णीतवती स्थिरं नो कुत्राऽपि कस्याऽपि कुतोऽपि किञ्चित्॥ ३. ३४॥
अथ सैत्य तदा न्यगदीदिति ता-न्निबिभेमि भवाद्भुजगादिव भोः।
न हि तद्गतभोगभरान्नु कि-मिति संयमनात्तमपास्य रमे॥ ३. ३७॥
व्रतिनीमवदच्च सती कुरु भोः श्रमणे! श्रवणे श्रवणेष्टवचः।
कलुषोद्भवतो भवतो लघु तारय तारय तारय माम्॥ ३. ३५॥

संवेग के इस चित्रण से शान्तरस का पल्लवन हुआ है परन्तु उसमें तीव्रता का अभाव है। अतः इसे काव्य का प्रमुख रस मानना उचित नहीं होगा। पुण्यचरित के लेखक को शान्त-सहित नौ रसों का विधान मान्य है [१२], किन्तु वैराग्यप्रधान काव्य में भी शान्तरस के समुचित परिपाक में विफल रहना उसकी बहुत बड़ी चूक है। अधिक कौशल तथा सतर्कता से शान्त पुण्यचरित के प्रधान रस के रूप में विकसित हो सकता था।

काव्य में करुणरस का चित्रण भी अनमना-सा प्रतीत होता है। विवरण में कई साधुओं तथा साध्वियों के निधन का उल्लेख है, परन्तु किसी की भी मृत्यु पर शोक प्रकट नहीं किया गया है। सम्भवतः वह साधु-मार्ग की व्यवस्था के विपरीत था। अतः निधन की सूचना ही संवेदना का पर्याय बन गयी है। मुनि पूर्णसागर के स्वर्गमन पर पुण्यश्री को परम खेद का अनुभव अवश्य होता है। इसी में कारणरस का बीज माना जा सकता है (खेद परममयासीदेत-न्मुनिरत्नहान्या सा, १७. १९)

नवविवाहित दौतलसिंह के आकस्मिक निधन पर परिजनों के विलाप में करुण रस का अपेक्षाकृत अधिक स्पष्टता तथा तीव्रता से चित्रण हुआ है। किन्तु यह केवल दो पद्यों तक सीमित है और इनमें रोदन-क्रन्दन को ही करुण रस का पर्याय मान लिया गया है। इसमें संवेदनाओं को उभार कर हृदय को द्रवित करने की क्षमता नहीं है॥ इस दृष्टि से यह भवभूति के 'हा हा देवि! स्फुटति हृदयम्' वाले करुण रस के जितना निकट है, कालिदास के 'बभूव रामः सहसा सबाष्पः' वाली करुणा को मार्मिकता से उतना ही दूर है।

हा पुत्र! हा पुत्र! वचः प्रदीयते कस्मान्न मे कुत्र गतोऽसि पुत्र! हा।
इत्यादिरोदध्वनिरध्वगानपि प्रक्रन्दयामास समन्ततस्ततः॥ २. ६॥
तन्मृत्युवृत्तान्तविबोधनोत्तर - मेव प्रगाढं जितमल्लसद्मनि।
जामातरागच्छ कुतः प्रयासि हा! हा! हेति रोदो व्यथयन्मनोऽभवत्॥ ७॥

पुण्यचरित के एकरूप इतिवृत्त में वीररस की अभिव्यक्ति के लिये स्थान नहीं है। जोधपुर-नरेश तथा जैसलमेर के रावल के युद्ध के वर्णन में कवि ने वीररस-चित्रण में अपना कौशल प्रदर्शित करने की चेष्टा की है, किन्तु वह वीररस के स्थायीभाव उत्साह को दीप्त कर उसका प्रभावपूर्ण निरूपण

करने की बजाय अधिकतर वीररसात्मक रूढ़ियों और चमत्कारों के गोरखधन्धे में उलझा रहा है। युद्ध के आरम्भ होते ही कबन्धों के नर्तन तथा योद्धाओं के भुजाभुजि, कचाकचि द्वन्द्वों का वर्णन हास्यास्पद प्रतीत होता है। जैन काव्यों में **वीररस** के चित्रण की यही शैली है। पुण्यचरित का लेखक भी उसके पाश से मुक्त नहीं हो सका है। और ढक्का पर अंकित यन्त्र को रावल की विजय का श्रेय देने से युद्ध की गम्भीरता ही नष्ट हो गयी है। कवि के करुण की तरह वीररस भी हृदय को प्रभावित करने में समर्थ नहीं है।

इत्थं प्रचण्डां चतुरङ्गिणीं चमूं बिभ्रद् द्रुतं योधपुरेशिताऽऽगमत्।
रुन्धेस्म कामं युगपच्च तत्पुरं स्वर्भानुरुच्चैरिव चन्द्रमण्डलम्॥ २. ४७॥
क्रुद्धस्ततो निस्सरतिस्म रावलः शीघ्रं यथैवाऽतिमहातराबलः।
अस्त्रैश्च शस्त्रैश्च सुवेगकारिणा चक्रे समं युद्धयकारिकाऽरिणा॥ २. ४८॥
कण्ठेषु हारा इव चेतरेतरं वीरैः प्रहारा ददिरे रणाजिरे।
युद्धैकबन्धाऽर्पितमानसाः परे शौर्यं कबन्धा अपि चारु चक्रिरे॥ २. ४९॥
कैश्चित्तदाऽयोधितरां भुजाभुजि कैश्चित्तथा संयुयुधे नखानखि।
अन्यैरसङ्ग्राम्यत तत्र तोमरा-तोमर्यथाऽन्यैर्युयुधे कचाकचि॥ २. ५०॥
प्राक्क्रोशतो भूपतिवर्य! वाद्यतां ढक्कां प्रगाढं सुदृढेन चेतसा।
यन्त्रप्रभावात्खलु कान्दिशीकतां दुर्हृद्बलं यास्यति नाऽत्र संशयः॥ २. ५६॥

काव्य में कतिपय चमत्कारी घटनाओं के द्वारा अद्‌भुत रस का पल्लवन करने का प्रयत्न दिखाई देता है। यन्त्रांकित नगाड़ा बजाने से शत्रुसेना छिन्न-भिन्न हो जाती है (२. ५४)। क्षमाकल्याण उपाध्याय की रक्षा के लिये कहीं से दो घुडसवार प्रकट होते है (२. ७०)। दीक्षा के समय रजोहरण के स्पर्श से उमरावबाई का फोड़ा शान्त हो जाता है (१२. ३६-३८)। ये सब विस्मयजनक हैं और विस्मय अद्‌भुतरस का स्थायीभाव है। नारायण पण्डित अद्‌भुत को ही एकमात्र रस मानने के पक्ष में थे [१३]।

पंचम सर्ग में पुण्यश्री के क्रोध के चित्रण में रौद्ररस की सशक्त अभिव्यक्ति हुई है। कामान्ध अश्वारोही ने ज्यों ही साध्वी शृङ्गारश्री का स्पर्श करने का दुस्साहस किया, प्रवर्तिनी कोप से तमतमा उठी। अंगीठी की तरह क्रोध से दहकती हुई उसने उसकी दारुण तर्जना की। साध्वी की नेत्राग्नि से

दग्ध वह उसके सिंहनाद से अचेत हो गया। उसे ज्ञात हो गया कि श्वान सुरप्रतिमा का स्पर्श नहीं कर सकता।

अथ कोपानलतप्ता तनुवहन्ती सती हसन्तीव।
सन्दष्टोष्ठपुटा सा तर्जन्या तर्जयन्ती च॥ ५. ५२॥
जाज्वल्यमाननयन-ज्वलनज्वालाभिरुज्वलज्वलितम्।
ज्वलयन्ती जाजल्पामासैवं सिंहनादेन॥ ५. ५३॥
आः पाप! पापदृष्टिं साध्व्यां सञ्चारयन्न जिह्रेषि।
न हि कुक्कुरः कथमपि स्प्रष्टुं शक्तः सुरप्रतिमाम्॥ ५. ५४॥

पुण्यचरित में विभिन्न रस, स्वतन्त्र रूप से, पृथक् पृथक् स्थित हैं। यह व्यवस्था भामह के सिद्धान्त के अधिक निकट है।

काव्य में रस की स्थिति जो भी हो, उसमें 'भाव' का सोत्साह निरूपण किया गया है। काव्यशास्त्र की शब्दावली में देव आदि के प्रति रति को भाव की संज्ञा दी गयी है [१४]। देवता के प्रति 'रति' भक्ति के रूप में प्रकट होती है, जो हृदय का निश्छल उद्‌गार है। पुण्यचरित में कई स्थानों पर जिनेश्वर की भक्तिपूर्वक स्तुति की गयी है। ये स्तोत्र 'भाव' के प्रतिरूप हैं।

अर्बुदाचल-स्थित आदिदेव ऋषभनाथ की स्तुति भावप्रवणता तथा विनय से तरलित है। सरस भाषा तथा सुरुचिपूर्ण अलंकारों ने उसे और कमनीय बना दिया है। ऋषभदेव शम की प्रतिमूर्ति, गुणों की निधि, प्राणिमात्र के त्राता, मङ्गलविधायक तथा सद्‌बुद्धि के दायक हैं। उनके प्रति यह अनुनय भक्ति-भाव से परिपूर्ण होने के नाते 'भाव' का उदाहरण है।

वृन्दारकवृन्दारक - वृन्दारदारकल्पितैरपि यः।
नाऽङ्गेङ्गितैररङ्गी-दभिषङ्गं तं गृणाम्यृषभम्॥ ५. ३८॥
कान्तं सुगुणनिशान्तं पान्तं तनुधारिणोऽध्यवनि शान्तम्।
विहितकुबुद्धिनिशाऽन्तं तमिनं वन्दे सदनिशाऽन्तम्॥ ५. ४०॥
क्षेमङ्करं नितान्तं प्रियङ्करं सङ्करम्यधिस्वान्तम्।
भद्रङ्करं नृणां तं तीर्थङ्करमाद्यमतिशान्तम्॥ ५. ४१॥
संतारय संसारात्संसारय मोहमाशु महसाऽऽरात्।
सम्भारय हृदि दयनं सञ्चारय देव! सूदयनम्॥ ५. ४२॥

भगवान् महावीर का स्तोत्र (९. ३९-४४) काव्य का कवित्वपूर्ण अंश है। छः पद्यों की इस स्तुति में भगवान् का स्वरूप मूर्तिमान् हो गया है। वे मोक्ष-वृक्ष के स्वादु फल के कीर हैं, उनकी चरणधूलि से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं, वे भवसागर का दूसरा तट हैं, उन्होंने काम सरीखे प्रचण्ड वीर को भी पछाड़ दिया है। वे काम को जीत कर भी पूर्ण काम हैं। मान त्याग कर भी मान से परिपूर्ण हैं। ऐसे महामहिम देव की सम्यक् स्तुति करना भी सम्भव नहीं है।

मोक्षक्षोणीरुट्फलास्वादकीरं;
पादाम्भोरुट्पांसुसम्पूतधीरम्।
संसाराम्भोराशिसत्पारतीरं;
वन्दे वीरं निर्जितानङ्गवीरम्॥ ९. ३९॥
यत्पादेषु प्रायशो वन्दमान
देवेन्द्राणां मस्तका मेचकाभाः।
उत्फुल्लाम्भोजन्मसंसङ्गिभृङ्ग-
भङ्गीमङ्गीकुर्वते पूर्णपूर्णाम्॥ ९. ४१॥
कामं जित्वाऽप्यस्ति यः पूर्णकामो;
मानं मुक्त्वाऽप्यस्ति यो मानयुक्तः।
त्यक्त्वा चेच्छां भाति यो नीरुचिर्नो
तादृक्षं त्वां शक्नुयात्को नु नोतुम्॥ ९. ४४॥

प्रकृति-चित्रण

कथानक की समृद्धि के लिये महाकाव्य में जो वस्तु व्यापार के वर्णन आवश्यक हैं, उनमें प्रकृतिचित्रण का स्थान सर्वोपरि है। प्रकृतिचित्रण आरम्भ से ही संस्कृत कवियों का प्रिय विषय रहा है और इसकी परम्परा आज भी अविराम प्रचलित है। प्रकृति-चित्रण से काव्य में एक ओर विविधता का समावेश होता है, दूसरी ओर वह कोरे कथानक से श्रान्त पाठक को विश्रान्ति प्रदान करता है। जहाँ कालिदास आदि प्राचीन कवियों का प्रकृति चित्रण उनके निश्छल प्रकृति प्रेम का द्योतक है और उनकी कृतियों का स्वाभाविक अवयव प्रतीत होता है, माघ आदि परवर्ती कवियों के हाथ में आकर उसने रूढ़ि का रूप धारण कर लिया है। पुण्यचरित के परम्परोन्मुख कवि ने काव्य में प्राकृतिक

सौन्दर्य का चित्रण करने का उपक्रम किया है। प्रकृतिचित्रण के नाम पर पुण्यचरित में केवल वसन्त ऋतु का वर्णन किया गया है (३. २४-३३)। यह न प्रसंग से उद्भूत है, न इसकी काव्य में कोई सार्थकता है। यह स्पष्टतः शास्त्र के परिपालन के लिये जबरदस्ती काव्य में ठूंस दिया गया है। दस पद्यों के इस वर्णन में नवीन भावों की अभिव्यक्ति तो सम्भव नहीं थी, किन्तु यह रोचकता और लालित्य से शून्य नहीं है। पुण्यचरित का वसन्त वर्णन बहुधा यमक पर आधारित है। यमक की शाब्दी क्रीडा द्वारा ऋतु-वर्णन की परम्परा का कालिदास से ही आरम्भ हो गया था [१५]। इस दृष्टि से पुण्यचरित का प्रणेता कालिदास, माघ आदि प्राचीन कवियों तथा कीर्त्तिराज, पुण्यकुशल आदि जैन कवियों के पगचिह्नों पर चलता दिखाई देता है।

पुण्यचरित में वसन्त का परम्परागत शैलियों में चित्रण किया गया है। कवि ने वसन्त को मानवी रूप देने में विशेष रूचि ली है।

उसके लिये प्रकृति (वसन्त) निर्जीव पदार्थ नहीं है बल्कि वह मानवीय भावनाओं से स्पन्दित है और विभिन्न स्थितियों में मनुष्य के समान ही आचरण करती है। वसन्त के मानवीकरण से उसमें रम्यता का आधान हुआ है। अनुप्रास के सुरुचिपूर्ण प्रयोग से वर्णन का सौन्दर्य और खिल उठा है। कवि का वसन्त सम्राट् का रूप धर कर प्रकृति के प्रांगण में अवतरित होता है। जब वसन्तराज दिग्विजय के लिये प्रयाण करता है, तब मलयमारुत उसके सेनानी का दायित्व निभाता है। उसके (सेनापति के) आदेश से भ्रमरों के सैनिक चारों और अपना-अपना मोर्चा संभाल लेते हैं। आम्रलता पत्तों के हाथ मटका कर अपने अभिनय से वसन्त के सम्राट् का स्वागत करती है और वसन्तराज की सभा का प्रमुख सदस्य कोकिल, आम्रवृक्ष पर बैठ कर, जब अपनी स्वरमाधुरी चतुर्दिक् बिखेरता है, तो उज्ज्वल पंखों वाले हंसों के स्वर भी फीके पड़ जाते हैं।

मधुनृपे त्रिजगद्विजयोद्यते मलयवायुरभूद् ध्वजिनीपतिः।
भ्रमरसैन्यगणं कथमन्यथा प्रशमनुत्तमनुन्त स सर्वतः॥ ३. २५॥
मधुनृपं चलपल्लववल्लरी मृदुकराङ्गुलिराम्रलता तदा।
सुनटनैर्मदयन्त्यतिजातिका-ऽवगणिका गणिका समतां दधौ॥ ३. २८॥
सुसहकारमवाप्य वसन्तराट् सदसि बिभ्रदनीचसदस्यताम्।
विशदपक्षभृतोऽप्यजयत्परान् स किल कोकिलकोविद एककः॥ ३. २६॥

कवि ने प्रकृति को उद्दीपक रूप में अंकित करने की शैली का भी रुचिपूर्वक प्रयोग किया है। कोमल पत्तों से लदी माधवी को देखकर पथिकों का धैर्य छूट जाता है। मलयसमीर से विरहियों के हृदय में भड़की कामाग्नि, सूर्य की किरणों से होड़ करती हुई, और प्रबल हो उठती है। मनुष्यों की तो बात क्या, कामकला में निष्णात कोकिल भी अपनी उत्कण्ठित प्रिया के साथ कामकेलि में लीन हो जाता है।

इह दधौ स्फुटमुत्करपत्रिका-शमनदूत्युपमां किल माधवी।
यदवलोकनतः कथमन्यथा सुपथिकाः पथि कातरतां गताः॥ ३. २७॥
मलयमारुतधुक्षित उच्चकै-र्विरहिणां हृदये स्मरपावकः।
रविरुगुष्णतयेव सहेर्ष्ययैधततमां तत माङ्गलिको मधोः॥ ३. ३१॥
सकलकेलिकलाकृतकौशलः कलकलं कलयत्किल कोकिलः।
कलिकलोत्कलिकाकुलकान्तया स किलति स्म रतिस्मरकेलितः॥ ३. ३२॥

वसन्त का यह मनोरम वर्णन भले ही पुण्यचरित के विवरण के मरुथल में शाद्वल जैसा प्रतीत हो, यह अनुपयुक्त स्थान पर आरोपित है।

चरित्र-चित्रण

पुण्यचरित में असंख्य पात्रों का जमघट है। सुदूरवर्ती तथा अज्ञात ग्राम-खेटों के इन पात्रों का, जिनका कहीं अन्यत्र उल्लेख भी नहीं होगा, सामान्य-सा उल्लेख काव्य में सुरक्षित हैं किन्तु वह मात्र उनके प्रव्रज्या ग्रहण करने तक सीमित है। उनके व्यक्तित्व की अन्य एक भी रेखा काव्य में प्रस्फुटित नहीं हुई है। जिस रूप में वे काव्य में अंकित है, वे नाम से अधिक कुछ नहीं है। अतः चरित्रचित्रण की दृष्टि से पात्रों की इस सेना का काव्य में कोई महत्त्व नहीं है।

एक मात्र पात्र, जिसके चरित्र का काव्य में कुछ विकास हुआ है, वह पुण्यश्री है। पुण्यश्री के गौरव का अनुमान इसी बात से किया जा सकता है कि वह काव्य की चरितनायिका अथवा प्रमुख पात्र है। काव्यलेखक ने पुण्यश्री को चरितनायिका बनाकर एक ओर काव्यशास्त्रीय विधान की अपर्याप्तता के प्रति असन्तोष व्यक्त किया है, दूसरी ओर एक अभिनव परम्परा का सूत्रपात किया, जिसका कुछ परवर्ती कवियों ने अनुसरण किया है।

पुण्यश्री यद्यपि नायिका है किन्तु उनमें उन गुणों का अभाव नहीं है, जिन्हें धीरोदात्त नायक के लिये आवश्यक माना गया है। उसका जन्म अभिजात वैश्य कुल में हुआ। उसने विवाह किया किन्तु वह पति की मृत्यु के कारण दस दिन में ही समाप्त हो गया। पत्नी बाल्याकाल से ही धर्मोन्मुख थी और विवाह का नाम तक सुनना नहीं चाहती थी (१. ६२-६४)। उसके लिये सांसारिक भोग आकर्षण-विहीन थे। यह उसकी शमवृत्ति ही थी कि वह पति की मृत्यु के दारुण दु:ख में भी विचलित नहीं हुई। वस्तुत: दौलतसिंह के निधन के पश्चात् उसकी विरति और प्रबल हो गयी और अन्तत: उसने प्रव्रज्या ग्रहण कर सांसारिक सुख-भोगों को सदा के लिये तिलाञ्जलि दे दी। पुण्यश्री का दीक्षोत्तर जीवन धर्मप्रभावना को अर्पित है। अपने धर्मोत्साह से उन्होंने पता नहीं कितने लोगों का उद्धार किया, कितनों को धर्मबोध दिया, कितनों को जैन धर्म में दीक्षित किया, कितनों को शास्त्रज्ञान दिया और इस प्रकार धर्मोत्थान के पुनीत कार्य में निष्ठापूर्वक योगदान किया।

वे अपनी अनुयायी साध्वियों तथा श्रावकों के हित के प्रति सदा सजग हैं। उन्होंने कुछ संघों के विवाद शान्त किये, कुछ के अनुरोध पर उनके साथ सिद्धाचल आदि तीर्थों की यात्रा की और उदारतापूर्वक विभिन्न संघों के निमन्त्रण स्वीकार किये।

काव्य में उनके व्यक्तित्व का दूसरा पक्ष भी देखने को मिलता है। जब एक कामान्ध उनकी अनुयायी शृङ्गारश्री का धर्षण करने का दुस्साहस करता है, उनका तृतीय नेत्र खुल जाता है। वे क्रोध से तमतमा कर उसका ऐसा भीषण तर्जन करती है कि उसकी घिग्घी बन्ध जाती है। उनके शाप से वह वस्तुत: अन्धा हो जाता है। यह दारुण क्रोध संयमी साध्वी के लिये अनुचित प्रतीत हो सकता है, परन्तु जिस कारण यह उद्दीप्त हुआ, उस दृष्टि से यह अस्वाभाविक नहीं है।

पुण्यश्री के व्यक्तित्व में कुलीनता, धर्मपरायणता, आत्मसंयम, समर्पण तथा दृढता का मनोरम समन्वय है।

वर्णन

पुण्यचरित में शास्त्रविहित वर्णनों के लिये तो अधिक स्थान नहीं है

किन्तु वह कुछ ऐसे वर्णनों से समृद्ध है, जो परम्परागत विषयों से अधिक सार्थक तथा रोचक हैं। धावक तथा महामारी के वर्णन तो यथार्थता और नवीनता के कारण उत्तम वर्णनों से होड़ कर सकते हैं। संस्कृत महाकाव्यों में वस्तुव्यापार वर्णनों की पुरानी परम्परा है। आरम्भ में ये इतिवृत्त से उद्भूत अथवा उसके अवयव थे, किन्तु कालान्तर में ये कवियों के साध्य बन गये। पुण्यचरित के कुछ वर्णन सजीवता तथा भव्यता के कारण उल्लेखनीय हैं।

१. जैसलमेर

पुण्यचरित के आरम्भ में नगर-वर्णन की रूढि का पालन किया गया है। जैसलमेर का संक्षिप्त वर्णन कवि के वर्णन-कौशल का परिचायक है। केवल पांच पद्यों में (१. ५-९) नगर के स्वरूप का यथातथ्य निरूपण करने का प्रशंसनीय प्रयास किया गया है। यह बहुधा तथ्यपूर्ण है किन्तु नगर-वर्णन की परम्परागत पद्धति से सर्वथा मुक्त नहीं है। परिष्कृत भाषा तथा यमक की योजना से वर्णन में और निखार आया है। जैसलमेर शत्रु के लिये शल्य के समान अग्राह्य और मेरु की भाँति समृद्ध है। उसके उत्तुंग भवन अपनी भव्यता से देवों के चित्त को भी आकृष्ट करते हैं। उसकी हाट की छटा निराली है।

जैसलमेर का शासक शौर्य, समृद्धि, प्रजावात्सल्य तथा न्यायपरायणता का साक्षात् पुंज है। उसके तेजस्वी मुखमण्डल को शत्रु देखने का भी साहस नहीं कर सकते, जैसे उल्लू सूरज की तरफ आँख नहीं उठा सकते। उसकी भुजा का उपधान पाकर लक्ष्मी धरा के समान उसके पास स्थिर रूप से रहती है (१. ११-१५)।

जये रिपूणां किल शल्यतुल्यं मेरूपमं तत्र पुरं चकास्ति।
राजत्सुवर्णं विबुधानुयातं शुभेन नाम्ना जयशल्यमेरुः॥ १. ५॥
यस्मिन्स्फुरत्साधु निकेतनानि सुशोभया साधुनि केतनानि।
हरन्ति खेलत्सुमनोजनाना-ङ्गनानि चेतः सुमनोजनानाम्॥ १. ७॥
शुभापणा यत्र हि पण्यवीथ्यः सत्पण्यपालीभृत आपणाश्च।
पण्येषु शोभाः परमा विभान्ति शोभासु पूर्णं च मनोहरत्वम्॥ १. ९॥

२. तख्तसिंह

जोधपुर नरेश तख्तसिंह का शब्दचित्र, संक्षिप्त होता हुआ भी, तथ्यात्मक तथा प्रभावशाली है। यह वस्तुतः उसकी शब्दमयी प्रतिकृति है। इसमें उसके

तेज, पराक्रम, प्रजावात्सल्य तथा अन्य गुणों का बहुत सहज चित्रण है। वह सूर्य के समान परम तेजस्वी है, पृथ्वी उसे स्वामी के रूप में पाकर धन्य है, वह प्रजा के लिये पितृतुल्य है, सब उसके स्नेह के भाजन हैं। जहाँ शत्रु उसकी उपस्थिति मात्र से भीत होते हैं, वहाँ विद्वज्जन उसकी नयशीलता पर मुग्ध हैं। उसे प्रजा सन्तान के समान प्रिय है। वह वस्तुतः पृथ्वी पर चलता-फिरता सुरपति इन्द्र है।

यो राजते सूर्य इवोरुतेजाः स्तौति स्वयं तातमिव प्रजा यम्।
भूर्येन सद्भर्तृकतां दधाति कदापि न द्रुह्यति कोऽपि यस्मै॥ १. ४९॥
यस्माद्भयं विद्विष आप्नुवन्ति नयं बुधा यस्य समाद्रियन्ते।
यस्मिन्गुणानां निकरो निवासं निरन्तरो साधुतया व्यनक्ति॥ १. ५०॥
स भूमिपालः किल देवराज-तुल्यस्थितिः सम्प्रति तखसिंहः।
करोति राज्यं प्रकृतीः प्रिणाति स्वसन्ततीर्वा कलयत्यमन्दम्॥ १. ५१॥

३. विहार

२६. सुन्दर आम्रवृक्ष को प्राप्त कर वसन्तरूप राजा की सभा में उच्च सभासद पद को धारण करता हुआ एवं विशाल पक्ष को धारण करने वाले हंसों पर विजय प्राप्त करने वाला पण्डित एक मात्र कोकिल ही है।

२७. वसन्त ऋतु में विकसित पत्रों वाली वासन्ती लता ने निश्चय से यमराज की दूति की उपमा को ग्रहण की। अन्यथा मार्ग में रही उस वासन्ती को देखने से ही पथिकजन कैसे कायर हो जाते?

२८. उस समय चलते हुए पत्ते और मंजरी रूप कोमल हस्तांगुली वाली, जाति लता को तिरस्कार करने वाली और अपने सुन्दर नृत्यों से वसन्त रूप राजा को प्रसन्न करती हुई आम्रलता ने मानो गणिका स्वरूप को धारण किया।

२९. वसन्त रूप राजा की सेना से उड़ाई हुई श्वेत धूली से कुछ श्वेत कान्ति वाले और ऊपर बैठे हुए भ्रमरों से काली कान्ति वाले ऐसे तरुण स्त्री के नेत्र के समान कमल ने रसिक प्राणियों के मन को हरण कर लिया।

३०. इस वसन्त ऋतु में नवीन पत्ते रूप वस्त्र से सुशोभित और पुष्प रूप शस्त्रों को धारण करने वाले वृक्ष रूप योद्धाओं के साथ कामदेव रूप राजा के द्वारा जय के लिए चढ़ाई करने पर क्या पुरुष विजय को प्राप्त कर सकेगा?

३१. वियोगियों के हृदय में मलयाचल पर्वत के पवन से प्रज्ज्वलित काम रूपी अग्नि सूर्य कान्ति की उष्मा की ईर्ष्या से ही वसन्त के मङ्गल को फैलाता हुआ तीव्रता से बढ़ा।

३२. समस्त प्रकार की क्रीडा-कलाओं में कुशल कोलाहल करते हुए, और रति-काम से - क्रीडा कराये गये कोयल ने प्रणयकलह और उत्कंठा से भरी हुई अपनी स्त्री के साथ क्रीडा की।

३३. कमलयुक्त सरोवर के जल से शोभित, अच्छे धान्य (गेंहू) से सुशोभित और पुष्पों के फैले हुए गन्ध वाला, सुगन्धित तथा जिसकी रमणीयता देवों द्वारा भी इच्छित है ऐसा वह वसन्त ऋतु सार युक्त होकर चारों तरफ फैला।

४३. शान्तिनाथ जिनेश्वर की प्रतिष्ठा के उत्सव से वृद्धि प्राप्त कर उत्सव महोत्सव के रूप में परिणत हो गया। वाद्य बजते थे और दुःख को हरण करने वाला सुन्दर संगीत होता था। उस समय सती के वाम नेत्र ने और स्त्री ने मनोहारी नृत्य किया। अर्थात् सती के वाम नेत्र का स्फुरण हुआ।

सर्ग ४

१२. उस समय पुण्यश्री साध्वी के अति गौरवपूर्ण तप ने गुरुणीजी के निर्मल चित्त को प्रसन्न किया। इसीलिए उस सती साध्वी ने नरक

का विनाश करने के लिए प्रयत्न किया। जैसे सिंह रुरु जाति के मृगों के समूह को नाश करने का प्रयत्न करता है।

सर्ग ५

१६. विहार रूप कार्य करने पर भी कार्य का फल प्राप्त न कर अकृतार्थ वह साध्वी वहाँ से प्रस्थान कर अमावस्या को फलौधी पहुँची। वहाँ पर गुरुरूप चन्द्र के अस्त होने पर और अन्य साधु रूप नक्षत्रों के चले जाने पर वह प्रातःकाल के समान शोभित हुई।

२४. वहाँ पर सज्जनों के चित्त में वास प्राप्त करने वाली केसरश्री ने सोलह उपवास किए। जिस प्रकार केसर से युक्त पुष्प की सुगन्ध सर्वत्र फैलती है उसी प्रकार उस साध्वी का नूतन गुण गन्ध सर्वत्र फैल गया।

२७. भावानाधिकार में साध्वीजी के मुख रूपी चन्द्र से निर्गत सम्यक्त्व कौमुदी (चाँदनी) ने प्रत्येक प्राणियों (चातक) को सुख प्रदान किया। क्या दिन में कौमुदी (चन्द्र-ज्योत्सना) का होना आश्चर्य नहीं है?

३१. कृतकृत्य साध्वीजी ने वहाँ जाकर उन मुनिराज को वन्दना की और अपना जीवन सफल माना। वहाँ साध्वीजी १७ दिन तक रही, जिससे उनके दुर्दिनों की हानि हो गई।

३८. देव समूहों के प्रमुख देवेन्द्र के पास जाने वाली मनोहर अप्सराओं के द्वारा की हुई अंगचेष्टा से भी जो भगवान पराभव को प्राप्त नहीं हुए ऐसे उन ऋषभदेव भगवान की मैं स्तुति करती हूँ।

३९. हे क्रोध रूप अग्नि को बुझाने में जल समान! हे पूज्य! अर्थ सहित होने पर भी त्यागी आप मुझे कभी जडपन (जडत्व) को मत पहुँचाइए और मुझे हर्ष के अतिशय से (बहुत्व से) युक्त कीजिये।

४०. मनोहर, सद्गुणों के आवास समान, पृथ्वी निवासी शरीरधारक प्राणियों का रक्षण करने वाले, शान्त, कुबुद्धि रूप रात्रि का अन्त

करने वाले सूर्य समान, तथा सत्य और नित्य निश्चय वाले ऋषभदेव भगवान को मैं नमस्कार करती हूँ।

४१. नित्य आपदाओं से रक्षा करने वाले, प्रिय, मनुष्यों का कल्याण करने वाले, अतिशान्त, आदि तीर्थंकर ऐसे ऋषभदेव स्वामी को मैं हृदय में धारण करती हूँ।

४२. हे देव! हमें संसार से पार करो, अपने तेज से शीघ्र ही हमारे मोह के अंधकार को दूर करो, अपने हृदय में हमारे प्रति करुणा को धारण करो और शुभ उदय का विस्तार करो।

४३. आपके जन्म मात्र से मतिहीन युगलिक मनुष्य भी धर्म के जानकार हो गए। वैसे भी अग्नि के उत्पन्न होने पर क्या शीत रह सकती है? कतई नहीं।

४४. इस प्रकार साध्वी के मुख रूपी कमल से निःसृत स्तुति रूपी मकरन्द का भक्तगण रूप भ्रमरों ने अत्यन्त आनन्द के साथ आस्वादन किया।

५३. शृङ्गार रस में डूबे हुए शृङ्गारश्री का अपहरण करने वाले उस दुष्ट को जाज्वल्यमान नेत्र रूप अग्नि की ज्वालाओं से जलाती हुई वह साध्वी सिंहनाद के समान गर्जना करती हुई इस प्रकार बोली।

६४. शुभ कथाओं के कथन-सुनन में रक्त होकर, कहीं शीघ्र और कहीं धीरे चरणों को रखती हुई, सम्यक् बुद्धिवाली, प्रहर को नहीं जानती हुई वह साध्वीजी चैत्र शुक्ला चतुर्थी को सिद्धाचल तीर्थ पहुँच गई।

सर्ग ६

३३. बजाए जाते हुए डमरु, प्रणव आदि वाजित्रों से शोभित एवं पटहों की ध्वनि से शब्दायमान ऐसा ऊँट, हाथी, घोड़ो सहित वहाँ पर श्रेष्ठ पुरुषों का मेला लगा हुआ था।

३४. वह श्रेष्ठ साध्वी पुण्यश्रीजी ने कल्याण के स्थानभूत उन दोनों दादागुरु के चरण-कमलों को देखकर कमलों को याद किया। बाद में शीघ्र ही लक्ष्मी से शोभित अपनी जन्मभूमि ग्रहासर को पधारी।

४६. साध्वियों की परम प्रिय और अपनी कार्य की सिद्धि के लिए प्रयत्न करती हुई उस बाई ने उपवास सहित अत्यन्त शीत से युक्त शिशिर ऋतु में भी वस्त्रों का त्याग कर अपने शरीर को शीघ्र ही कृश कर दिया।

सर्ग ७

२६. प्रचण्ड सूर्य के तपने पर मार्ग में चलती हुई और प्यास को सहन करने वाली वे साध्वियाँ निर्मल होती हुई भी काली पड़ गईं और भूख के कारण उनके उदर की अग्नि भी वेग के साथ उद्दीपित हो गई।

३७. जेसलमेर संघ द्वारा कराये गए जीर्णोद्धार से मानो नूतन जन्म (निर्माण) ही पाये हुए और ऊँचे शिखर के व्याज से आकाश में अपनी कान्ति की नकल करने वाले चंद्र को ही जीतने के लिए उच्चता को प्राप्त हुए उन्नत जिनभवन को उन्होंने देखा।

३८. उस मंदिर के दूर से ही अच्छी तरह दर्शन करते हुए साध्वीजी ने भीतर जाकर शोक के नाश करने वाले, सहस्रफणवाले, प्रकाशमान चिन्तामणि पार्श्वनाथ को निश्चिन्त होकर दर्शन कर वन्दन किया।

४०. दोष रहित चन्द्र के समान मुखवाली साध्वीजी सायंकाल को अमरसर पहुँची। वहाँ दुःखरूपी खारी मिट्टी को उड़ाने में पवन समान प्रभु का आश्रय लेकर, ताप रहित होकर, प्रातःकाल की प्रतीक्षा में भुजा पर सिर रखकर उन साध्वीजी ने रात्रि व्यतीत की।

४२. क्या ये अमृतरूप शरीरधारक के शरीर के नौ द्वार हैं? क्या मेरु पर्वत के समान इस दुर्ग पर इकट्ठे हुए नव ग्रह शोभित होते हैं? क्या आनन्द सहित यहाँ नव नन्द निवास करते हैं? इस प्रकार यह ९ मंदिर चित्त को तर्क मार्ग पर ले जाते हैं, अर्थात् दुर्ग के ये ९ मंदिर ऐसा सोचने के लिए मजबूर करते हैं।

४३. बड़े आश्चर्य की बात है कि सुधा/अमृत (श्वेत कली) युक्त होने से चन्द्रमा की नकल करते हुए अनिश (बिना रात्रि) लोक में शोभा देते हैं, वास्तव में अनिश (निरन्तर) शोभा ही देते हैं।

पुनः- चंद्र के सदृश होकर इन (सूर्य) से शोभा पाते हैं, वास्तव में इन (प्रभु) से शोभित होते हैं।

पुनः- चंद्र के सदृश होते हुए भी सदैव नवत्व को धारण करते हैं। चंद्र तो नवत्व (नवीनता) किसी समय ही धारण करता है और वे हमेशा नवत्व (नवसंख्या) धारण करते ही है।

४४. बुद्धिमान लोग ९ जिन मंदिरों को देखकर यह तर्क करते हैं कि क्या कुबेर ने अपना धनद नाम सार्थक करने के लिए ९ निधियों के खजाने यहाँ लाकर रख दिए हैं?

४५. शत्रुञ्जय पर्वत पर शोभित ९ टूंकों के समान जैसलमेर के किले पर रहे हुए इन ९ जिनमंदिरों को प्रसन्नता से देखने वाली और प्रवेश कराने के लिए सन्मुख आए हुए भक्तों से वन्द्यमान ऐसी साध्वी ने नगर में प्रवेश किया।

सर्ग ८

७. जिस प्रकार वन में लता भ्रमरों से युक्त होती हैं, पानी और छाया सहित होती हैं और अच्छे फूलों से शोभायमान होती हैं उसी प्रकार पादचारी ६ साध्वियाँ और जवारीबाई सहित, श्रेष्ठ कान्ति या अपनी छाया वाली, अच्छी जानकार वह साध्वीजी लता के समान शोभित हुई। परन्तु यह आश्चर्य है कि साध्वीजी वाहन-रहित थी और वह लता पत्र-रहित नहीं होती है। अथवा अपत्रासा इस शब्द से 'साध्वीजी भय रहित थी' ऐसा अर्थ भी ग्रहण किया जा सकता है।

८. साध्वीजी बगल के भीतर रजोहरण को दबाकर, कम्पायमान पैरों पर पड़ते हुए कपड़ो से सुशोभित पवन की गति के समान शीघ्र ही चली। पवन की गति भी तृणों से धूलि को हरण करने वाली और वृक्ष एवं वृक्ष निवासी पक्षियों को कम्पित करती हुई ही चलती है।

९. जवारीबाई भी गाँव-गाँव में प्रभावना करती हुई, पूजा करवा-करवा कर और गुरु के वचनों को रंजन करती हुई अर्थात् मानती हुई जाती थी।

१५-१६. वहाँ पर जवारीबाई ने हर एक श्रावकों के घर में अत्यन्त मीठे, स्नेह (घृत) से भरपूर, सेर के प्रमाण वाले अर्थात् बड़े सुन्दर, गोलाकृति से मनोहर और चंचल नेत्रों को लोभ करवाने वाले मोदक बांटे और इसके साथ ही अपने आगमन के हर्ष का भी वितरण किया।

३२. वह साध्वीजी अपने साथ १६ साध्वियों को लेकर सिद्धाचलजी को रवाना हुई, जैसे छोटी नदियों को लेकर कोई बड़ी नदी समुद्र के पास जाती है।

३५. इन सब साध्वियों में शिरोमणि समान शोभित और दीर्घ नेत्रों वाली वह साध्वीजी निर्भय एवं प्रसन्न होकर मंदिर के भीतर गई।

३६-३७. कामदेव पर विजय प्राप्त करने वाले, सुवर्ण के समान आकृति वाले, चमकती हुई वस्तुओं में प्रतिबिम्बित, श्रेष्ठ रीति से सिंहासन पर बैठे हुए,

दूर से ही प्रणाम करते हुए भी भक्तजनों का सिंहासन में प्रतिबिम्ब पड़ने के बहाने से अपने ही चरणों का आश्रय पाए हुए हों ऐसा दिखाते हुए....

४२. हे श्रेष्ठ पुण्य (शुभ कर्म) को करने वाले! नेत्रों को सफलता प्रदान करने वाले! हे प्रभो! मेरे लिए अत्यन्त शोभा युक्त मुक्तिरूप नगरी के मार्गों को स्थिर करो।

४३. हे कामदेव के शत्रु! दूध और जल के सार को ग्रहण करने वाले अर्थात् गुण-दोष का विचार करने वाले! श्रेष्ठ! संसार में रहे हुए भयभीत प्राणियों के दुःख का हरण करने वाले! धीर! और उत्कृष्ट रूप से रक्षा करने वाले प्रभो! आप हमारी रक्षा करो।

४४. हे मेरे मौनीमन! परिपूर्णत: इस जिनेन्द्र का स्मरण कर और पाप एवं मान को दूर करने वाले तथा उन्नति को करने वाले इस जिनेन्द्र को नमस्कार कर।

४५. हे श्रावक और मुनियों की प्रीति - बुद्धि-सिद्धि और ऋद्धि की वृद्धि करने वाले! और देवों के राजा इन्द्र की स्तुति को स्वीकार करने वाले! हे जिनेन्द्र! मेरी वृत्ति को निर्मल करो। (इस श्लोक में कण्ठस्थानीय अक्षर एक भी नहीं है।)

४७. और भी महाधन्य, संन्यास और न्याय मार्ग में चलने वाली साध्वियों ने भी गुरुणीजी ने जब जो और जिस प्रकार किया तब, वह वैसा ही उन्होंने भी किया। (इस श्लोक में मूर्द्धास्थानीय एक भी अक्षर नहीं है।)

४८. प्रकाशित दर्पण में प्रतिबिम्ब के समान शोभा वाली जवारी बाई ने भी पुण्यश्रीजी कृत समस्त क्रिया को किया। (इस श्लोक में दन्तस्थानीय एक भी अक्षर नहीं है।)

४९. चातुर्यसहित सर्व अक्लिष्ट वाणी से स्तुति करने वाली उन सब साध्वियों ने मानो नहीं माते हुए हर्ष को मुख से वमन किया। (इस श्लोक में एक भी ओष्ठस्थानीय अक्षर नहीं है।)

५०. उनके कहे हुए श्लोकों के अंतिम वाक्य से सहमत मन्दिर ने भी दृढ़ता व्यक्त करने के लिए मानो प्रतिध्वनित किया। (इस श्लोक में एक भी नासिकास्थानीय अक्षर नहीं है।)

५१. इस तरह से प्रभु की स्तुति करने वाली उस साध्वी के मुख से नि:सृत स्तुति को सुनने वाले भक्त समूह ने भी सेवन किया और स्वर एवं रस के साथ प्रभु की स्तुति भी की। (इस श्लोक में ककार से लेकर मकार पर्यन्त स्पर्श संज्ञक एक भी अक्षर नहीं है।)

५५. साध्वीजी ने उत्सव और निवास अङ्गीकार कर पुरुषों की श्रेणी को हर्ष प्रदान किया और अपने लम्बे वस्त्रों को दूर न फैलाकर चुपचाप धर्मशाला में गई।

५६. इस प्रकार धर्मशाला में जाकर अपनी नित्य क्रिया में युक्त और सत्कार करने वाले श्रावक आदि वर्गों के कार्य को सिद्ध करने में तत्पर वह साध्वीजी पदपंक्ति के समान शोभित हुई। पदपंक्ति भी क्रिया को धारण करने वाली एवं कर्त्ता, कर्म, करण से युक्त ही होती है।

५९. रत्नश्री साध्वी ने आश्विन मास के समीप काल में अर्थात् आश्विन महीने में १५ उपवास किये और लोगों ने भी समस्त प्रकार से शीघ्र ही प्रभु की सेवा की।

६३. सर्वदा प्रभु के पास रहते हुए देश के आश्रय में निवास करने पर भी अतृप्त और अच्छे हित करने वाली साध्वीजी स्वयं ही व्रतों को धारण करते हुए वहाँ ही रही।

६५. इस प्रकार आत्मा से खुद को कैसे भी मनाकर विहार करने की इच्छा वाली उस निष्काम साध्वीजी ने दिनों को प्रहरों के समान बिता दिये।

६६. 'हे लोगों! मलिन पाप में तुम क्रीडा मत करो।' ऐसा उपदेश देती हुई साध्वीजी ने माघ मास के कृष्ण पक्ष में विहार किया।

७२. सूर्य की मूर्ति के जैसे उन साध्वीजी ने शब्द रहित सभा में अपने उपदेश रूपी किरण से लोगों को ज्ञान रूपी प्रकाश से युक्त कर दिया।

७३. चन्द्रमा की मूर्ति के समान साध्वीजी ने कमल रूप अपने गृहस्थावस्था के भाई चुन्नीलाल को वैराग्य युक्त (रागरहित) कर दिया।

७४. उसके बाद पाटणीया गाँव में प्रभु का दर्शन कर साध्वीजी पाटण की धर्मशाला में रही, जैसे लक्ष्मी कमल में निवास करती है।

७६. अनेक प्रकार के तप की आपदाओं को दिखलाने वाली, दीक्षा के लिए समर्थ उस बाई को पहले से ही हर्ष की लक्ष्मी प्राप्त हुई। इसीलिए नेत्रों के लिए प्रिय उस प्रभु के पद कमल की भ्रमरी रूप बाई ने उत्सव के समय ही हर्षश्री ऐसा नाम प्राप्त किया।

८. विज्ञ पुरुषों से प्राप्त होने लायक और अज्ञ लोगों से दुर्लभ, अपने सिंहनाद से पीड़ाओं का नाश करने वाली और आठ दिन के उपवास करने वाली वह साध्वीजी मानो नागदमनीय औषध के गुण को धारण करती हुई शोभित हुई। नागदमनी भी कुपित सर्प के जहर को जला देती है। वह विज्ञजनों को लब्ध होती है और मूर्खो को अलभ्य होती है। साथ ही जहर की पीड़ा को दूर करने वाली भी होती है।

१९. दु:ख को नाश करने वाली और दीक्षा लेकर अपने शरीर की आशा नहीं करते हुई प्रेमश्री ने स्वबुद्धि से सब के साथ क्षमापना कर, सात पहर का अनशन स्वीकार कर शरीर को कृश बना दिया।

२०. १५ वर्ष की अवस्था वाली उस प्रेमश्री ने अढाई वर्ष तक अपने पवित्र चरित्र का पालन कर आश्विन शुक्ला छठ को स्वस्थ एवं रोगरहित अवस्था में लक्ष्मी को उत्पन्न करने वाले स्वर्ग को प्राप्त किया। आश्चर्य है कि स्वस्थ (रोग रहित) रहते हुए भी वे स्वर्ग को प्राप्त हुई।

२५. वहाँ पर पहुँचे हुए सत्य, सौम्य, असदृश और छोटी-बड़ी साध्वियों में ध्वजारूप वह साध्वीजी ने चतुरता पूर्वक धर्म को समझाते हुए, चतुराई को पहुँचाते हुए और अन्तरंग शत्रुओं को जीतते हुए शेष काल को पूर्ण किया।

३०. पास आकर आपस की एडी के सहारे दोनों जूते खोलकर, जूतों के सम्पर्क से आर्द्र हुए अंगुलियों के समीप भाग और एडियों से मेंहदी लगाया हुआ ही मानो उसने धर्मशाला में प्रवेश किया।

३१. भीतर जाकर झुकने के समय मकर मुख के समान होते हुए गोडे को उठाने के समय कट् शब्द से युक्त वह आदमी गुरुणीजी को प्रणाम कर कोने में गांठ और वस्त्रों को रखकर बैठ गया।

४२. हे सत्त्वशील! धीर! महावीर स्वामी! मानरहित आप सेवक जनों के अन्त:करण में पुन:पुन: निवास करते रहो, जिससे कि भक्त लोग शीघ्र ही गौरव अर्थात् उत्कर्ष को प्राप्त हो जाएं।

४३. अनेक प्रकार की मन्दता को दूर करने वाले हे श्री महावीर! आपने पूर्व काल में भी इन्द्राणियों के विलासों का बहिष्कार करते हुए और श्रमण धर्म का पालन करते हुए उस मुक्ति रूप स्त्री को भोगने (प्राप्त करने) की इच्छा की। यह ठीक भी है कि श्रेष्ठ पुरुष प्रयत्न पूर्वक श्रेष्ठ वस्तु को ही प्राप्त करना चाहते हैं।

४८. अत्यन्त आनन्दपूर्वक मंदिर में जाकर इन्द्रों से नमित चरण कमल वाले और सिर पर रहे हुए सर्पाधिराज से शोभित ऐसे मुनियों के प्रभु श्री पार्श्वनाथ स्वामी की वन्दना की।

सर्ग १०

२१. उस समय उन साध्वीजी ने आठ उपवासों की तपस्या करते हुए प्रतिदिन अच्छी तरह से भक्तों का व्याख्यान आदि से सत्कार किया और एक महीने का उपवास करती हुई तथा शास्त्रों का अर्थ करती हुई हुल्लासश्रीजी ने अंधकार के समूह का नाश किया।

३४. चंद्रमा के जैसे साधु भगवानसागरजी महाराज के इष्टस्थान को पहुँचने पर नक्षत्रों की पंक्ति के समान जीवनश्रीजी साध्वी भी चार महीना और चार दिन तक साधुत्व धर्म का पालनकर देवलोक को गई।

सर्ग ११

११. चैत्र वदि एकादशी के शुभ दिन उन लोगों के साथ दयावाली वह साध्वी आनन्द के साथ उदयपुर पधारी। जिस प्रकार सूर्य की कान्ति किरणों के साथ उदयाचल पर्वत पर जाती है।

१४-१५. अनिन्दित गुरुणीजी महाराज ने शीघ्रता से मंदिर के भीतर जाकर देदीप्यमान देह प्रभा वाले अपारशान्ति से युक्त, स्वर्ण के उज्ज्वल सिंहासन पर विराजमान, अष्टकर्मशत्रुओं का नाश करने वाले, प्रिय, नाशरहित शरीरवाले और 'स्वभाव से मनोरम भगवान के इस सुन्दर शरीर को मेरे अतिरिक्त कोई दूसरा आश्रय न करे' ऐसा ही मानो मानकर केसर से चारों तरफ से आश्रय लिये हुए अर्थात् केसर से सर्वाङ्ग अभिलिप्त जिनराज के हर्ष के साथ दर्शन किए।

१६. हे तीर्थनाथ! आपके अग्निशिखा (केसर) से लिप्त शरीर को भय और शंका के साथ देखकर दीनता को प्राप्त कामदेव शीघ्र ही भाग गया। उस समय कामदेव द्वारा आपके शरीर पर पत्रिपात (बाण फेंकने) की तो बात ही क्या करें? अर्थात् वह कामदेव बाण नहीं फेंक सका। अग्निशिखा (अग्नि) में पत्रिपात अर्थात् पक्षिपात होना भी दुर्लभ है।

१७. जो कि जगत में ज्ञानस्वरूप अर्थात् ज्ञानी-इस विरुद से प्रसिद्ध होने पर भी साक्षात् पिशुन - मूर्ख (केसर) से नित्य सम्पर्क रखते हुए भी विद्वानों से स्तुति किए जाते हैं। ऐसे वे श्री केसरियानाथजी महाराज किस गुणी आदमियों के द्वारा वर्णित किए जाते हैं? अर्थात् कोई भी उनका वर्णन नहीं कर सकता है।

१८. हे स्वामिन्! हे मुनिराज! मैं आपको नमन करती हूँ, आपके चरणों का आश्रय लेती हूँ, आपको घर के समान हृदय में धारण करती हूँ। हे दयावान! हे मुक्तिसाधक! हे अविनाशी! केसरियानाथ भगवान! आप रक्षा करो, रक्षा करो। इस प्रकार हर्षविभोर होकर साध्वीजी ने ऋषभदेव भगवान की स्तुति की।

१९. दर्शन द्वारा नेत्रों को, ध्यान द्वारा चित्त को, वंदन द्वारा मस्तक को, गुणकीर्त्तन द्वारा जिह्वा को पवित्र करके अकिंचन होते हुए भी साध्वीजी ने मन को अर्पण किया और आवास को प्राप्त हुई अर्थात् निवास स्थान पधारी।

२०. वसन्तकाल के यौवनावस्था को प्राप्त होने पर चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को अत्यन्त शोभा से ही मानो अपनी माया को प्रकट करता हुआ, बाजों के नाद से चमके हुए हाथी, घोड़े, ऊँट और बैल से युक्त, कल्याण को करने वाला महोत्सव वृद्धि को प्राप्त हुआ।

३०. इस प्रकार विशद ज्ञान से दोषों को दूर करने वाली और शत्रुओं के प्रभाव को मंद करने वाली साध्वीजी के श्रेष्ठ प्रभाव को जानकर मदयुक्त आत्मा वाले और प्रसन्न बने हुए जनसमुदाय ने बहुत द्रव्यव्यय कर उत्सव के साथ विस्तार की शोभा की।

३२. पूर्व संस्कार फलों से शुभकारक विधिवाले और गर्व रूप कफ को दूर फेंकने वाले श्री जिनेन्द्र भगवान के वन्दन के हर्ष से उत्कण्ठित वे शांत साध्वीजी वहाँ से आघाटतीर्थ को पधारी। अत्यन्त खेद की बात है कि वहाँ पर वे ज्वर से पीड़ित शरीर वाली हो गईं।

४४. जैसे आकाश में २७ नक्षत्र शोभित हों अथवा जैसे साधु २७ गुणों से शोभित हो उसी प्रकार उस समय धर्मशाला में इकट्ठी हुई २७ साध्वियाँ शोभित हुईं। वह धर्मशाला भी नक्षत्र रूप मुक्ताओं की माला को हृदय पर धारण करने वाली बहु के समान शोभित हुई।

५४. इन्द्रजालिक की उद्धत इन्द्रजाल समान इस फोड़े को घमंड के साथ दिखाने पर प्रसन्नता की बात है कि दीक्षा के दिन धर्मरूप मल्ल ने रजोहरण रूप शस्त्र से उस दुष्ट फोड़े को यकायक फोड़ दिया।

सर्ग १२

१२-१३. यहाँ पर नूतन वर्ष अर्थात् विक्रम संवत् १९६१ के प्रारम्भ होने पर, वैशाख शुक्ला दशमी के दिन उत्सव के शोभित होने पर कोचर गोत्रीय मगनमल की पत्नी और वैद जेठमलजी की लड़की सगुनीबाई ने दीक्षा ग्रहण की। उस समय वह सगुनी बाई बारम्बार मुक्ति रूप लक्ष्मी के समान शोभित हुई । इसीलिए उसका दीक्षा नाम मुक्तिश्री रखा गया। स्वर्ण की लक्ष्मी समान साध्वीजी स्वर्णश्री द्वारा प्रेषित इस शुभ समाचार को सा. पुण्यश्रीजी विलम्ब से जान पाई। तात्पर्य यह है कि यहाँ 'शकुनी' शब्द का पक्षिणी और संयम शब्द का बन्धन अर्थ समझकर उन्हें प्रथम कुछ खेद हुआ। क्योंकि 'अहो!' अव्यय खेद सूचक भी है। पश्चात् अहो! इस अव्यय का अर्थ हर्ष लेकर पूर्वोत्तर सम्बन्ध से शगुनी दीक्षा को प्राप्त हुई ऐसा अर्थ विलम्ब से जानने पर शुभ समाचार जाना।

१९-२०. खीचन में रहने वाली रूपजी दुगड़ की पुत्री जिसका कि रेखचन्दजी गोलेछा के साथ थोड़े समय पूर्व ही विवाह हुआ था, उसने समस्त परिवार से दीक्षा की आज्ञा प्राप्त कर ली और पूर्वागत स्वर्णश्रीजी के

पास लोहावट से भेजी गई, लता के समान पत्तों को कम्पाती हुई वैराग्ययुक्ता चम्पाबाई ने आश्विन शुक्ला चतुर्दशी के दिन आकर साध्वीजी को वन्दना की और दीक्षा ग्रहण करने के लिए प्रार्थना की।

२२. मार्गशीर्ष पूर्णिमा से लेकर वह दीक्षा उत्सव प्रतिदिन बढ़ता ही गया। मानो इस उत्सव ने जैसे कृष्ण पक्ष में चन्द्रमा की कलाओं का तिरस्कार ना किया हो? क्योंकि चन्द्रमा की कलाएं कृष्ण पक्ष में घटती हैं और यह उत्सव तो बढ़ता जा रहा था। और, बाद में शुक्ल पक्ष में इसी महोत्सव ने चन्द्रमा की बढ़ती हुई कलाओं का अनुसरण किया। यह युक्ति संगत है कि महात्माओं का संग निर्मल-शुक्ल पक्ष में ही होता है, मलिन-कृष्ण पक्ष में नहीं।

२३. बाद में दीक्षा का दिन समीप आने पर दीक्षा को सूचित करने वाली दूतियों के समान तिथि (मिति) को धारण करने वाली १२१ पत्रिकाएं अनेक ग्रामों में लोगों को भेजी गईं।

३३. जैसे सम्यक्त्वधारी व्यक्ति ११ अंगों की रचनाओं के साथ धर्म की योजना को हृदय में धारण करता है वैसे ही साध्वीजी ने ११ साध्वियों के साथ कनकश्रीजी को जोधपुर भेजा।

४०. अत्यन्त रति (प्रसन्नता) के साथ किए हुए ध्यान से, अनेक हितकारी कार्यों को किए हुए धर्म से और सद्बुद्धि युक्त किए हुए उस धर्म के दर्शन से उन्होंने वहाँ शेषकाल व्यतीत किया।

सर्ग १३

८. साध्वी पुण्यश्रीजी के उपदेश से उसी समय वैशाख सुदि १३ को खाचरोद निवासी छाजेड़ गोत्रीय हुक्मीचंद पुत्र सहित फलौदी गये! और छगनसागरजी ने दीक्षा देकर पूर्ण-क्षेम वाले उनको नाम से भी पूर्ण-क्षेम किये। अर्थात् उनके दीक्षा नाम भी पूर्णसागर और क्षेमसागर रखे।

१२. हर्ष उत्पन्न करने वाली मेरे गृहस्थ जीवन की माता जीवाबाई ने भी दीक्षा प्राप्त की और मानो लक्ष्मी पर विजय प्राप्त की हो इसीलिए जितश्री नाम भी प्राप्त किया।

१८. उन दोनों अर्थात् सा. कनकश्री और सा. विवेकश्री साध्वियों के साथ गया हुआ पूजा आदि द्वारा कल्याण को करने वाला उत्सव भी उनके वियोग को नहीं सहन करने वाला ही मानो पुनः वहाँ आ गया। और, यह आश्चर्य है कि यहाँ भी उत्सव बना रहा। तात्पर्य यह है कि यहाँ उत्सव होने पर भी दोनों साध्वियां जहाँ गई वहाँ जावाल और डोडुआ में भी उत्सव हुआ। अर्थात् तीनों स्थान पर उत्सव होता रहा।

२५. इसीलिए प्रणव वाद्यों से शोभायमान, सब तरह के मनोहर शब्दों की शोभा से युक्त, पूर्ण अभ्यास की स्थिति वाले और पूर्ण तत्त्व की रीति से किये गये उत्सव ने ब्राह्मणों के मठत्व को प्राप्त किया। वास्तव में ब्राह्मणों का मठ भी प्रणव अर्थात् ओंकार की शोभा वाला होता है और सम्पूर्ण कल-कल की शोभा से युक्त होता है, पूर्ण अध्ययन की स्थिति वाला होता है और परम तत्त्व की रीति से बनाया गया भी होता है।

२७. उन साध्वी सुवर्णश्रीजी की कीर्ति रूप चन्द्र के उदय से विकसित, अक्षर रूप भँवरों के विलास से शोभित, कुमुद जैसा वह स्वच्छ मानपत्र किसको आनन्दित नहीं करता? अर्थात् सभी के लिए आनन्ददायक बना।

२८. स्वर्ग के समान अच्छी तरह शोभित लेख-प्रबन्ध वाला अर्थात् स्वर्ग देवों से शोभित होते हैं, यह पत्र भी प्रबन्ध से शोभित था। स्त्री के मध्यभाग (कटीभाग) समान सरल रेखा वाला अर्थात् स्त्री के कटीभाग समान रेखावाला होता है वैसे ही यह पत्र भी सरल रेखा से युक्त था। सज्जनों के समूह के जैसे समितिविजुष्य (मिति सहित और सेव्य) अर्थात् सज्जन का समूह जैसे सभा से सेव्य होता है वैसे यह पत्र भी मितिसहित और सेव्य था। ऐसे- उस पत्र ने किस मनुष्य को खुश नहीं किया? अर्थात् सबको खुश किया।

४२. कृतकृत्य साध्वीजी पुण्यश्रीजी वहाँ से विहरण कर लाय नामक ग्राम को पधारी। जैसे लक्ष्मी एक मनुष्य को छोड़कर दूसरे मनुष्य के पास जाती है। अहो! आश्चर्य तो यह है कि लक्ष्मी के समान होते हुए भी इनमें चापल्य नहीं है।

४५. तभी पीछे से अत्यन्त ऊंचे स्वर वाली निर्बन्ध शब्द की धारा ने अच्छे आश्रय रूप साध्वीजी के कानों से सम्बन्ध पाकर सुख सहित निवास किया। अर्थात् उनके कानों में पीछे से ऊंचे स्वर में आवाज आई।

४६. इसीलिए तेज गति से पीछे लौटकर पुकारते हुए और अपनी तरफ आते हुए उनको पुण्यश्रीजी ने देखा तथा आश्चर्यसहित चित्त में ऐसा विचार किया।

५३. हे श्रीमति! हमारे ऊपर दया करके आप शीघ्र ही वापस चलिए। इस प्रकार उन भक्तों के आशय को सुनकर कार्य-अकार्य की उचितमतिवाली साध्वीजी पुनः वहीं लौट आयी।

सर्ग १४

१४. हे अकामी! शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने वाले हे स्वामी! पहले आपने अत्यन्त बलवान शत्रु से भी तिरस्कार (पराजय) को प्राप्त नहीं किया, इसीलिए हे जिनेन्द्र! हे केवलज्ञानधारक! मैं शंका करती हूँ कि तभी आपने ही जन्म लेकर नाभिभवत्व अर्थात् नाभि के पुत्रत्व को स्वीकार किया अर्थात् नाभि के पुत्र होने के कारण ऋषभदेव का नाम नाभिभव हुआ। इस पर कवि उत्प्रेक्षा करता है कि मानो आपने कभी किसी से अभिभव (तिरस्कार) नहीं पाया है इसीलिए आपका नाम नाभिभव है।

१५. हे मद को जीतने वाले प्रभु! मोक्ष रूप लोक में निवास करने वाले प्रभु! कहाँ आपका वह अपूर्व तेज? और कहाँ हमारे जैसे प्राणियों का तेज? और कहाँ मनुष्य का बल? उसमें भी मैं जड़बुद्धि वाली स्त्री हूँ, आपकी स्तुति कैसे करूँ? क्या लंगड़े आदमी का पर्वत के ऊपर गमन हो सकता है?

१६. पुण्यश्रीजी द्वारा भगवान को प्रणाम करने पर और स्तुति करने पर साथ के पुरुषवृन्द ने भी भक्तिपूर्वक प्रभु को वन्दना की। और साध्वीजी की नम्रतायुक्त अच्छी वाचा से कही गई विधि से ९९ प्रकार की पूजा तभी की।

२९. साध्वीजी पुण्यश्रीजी महाराज अनन्तर सिवाडी होकर बाली पधारी। वहाँ से सेशली जाकर विकटमोह रूपी हाथी को नाश करनें में सिंहसमान तथा अपने चरण के नखों के बहाने से नमन करते हुए इन्द्रों के मुकुटों को प्रकट करने वाले दादा पार्श्वनाथ की वन्दना की।

३०. इसके पश्चात् साध्वियों में शिरोमणी पुण्यश्रीजी ने २१ साध्वियों से युक्त होकर हर्ष पूर्वक घाणेराव में निवास किया। जैसे व्याकरण की साधन प्रक्रिया में सुआदि २१ प्रत्ययों की रचना साधन करने लायक शब्दों में स्थिति करती है।

३६. जैसे तर्कों के समूह द्वारा बुद्धि का चित्त में प्रवेश होता है उसी प्रकार दूसरे दिन सामने लेने के लिए आए हुए सन्तान और स्त्री सहित श्रावकों ने पुण्यश्रीजी का शिवगंज में प्रवेश करवाया।

४०. हे उत्तम बुद्धि वाली गुरुणीजी! बहुत काल से इस बात को अत्यन्त सुमति से सत्य विचार कर मैंने अपने पुत्र और पौत्रों की उत्तम सम्मति ले ली है और संसार के परिपूर्ण भोग छोड़ दिये हैं। अब मेरा मन मुनि के समान संयम की ओर जा रहा है।

सर्ग १५

५०. उस समय पुण्यश्रीजी ने पाँच साध्वियों से युक्त रत्नश्रीजी को रतलाम से जावरा भेजा। बड़े आश्चर्य की बात है कि दोनों नगरों को अर्थात् रतलाम और जावरा को रत्नश्री सहित देखा।

५१. चार साध्वियों से युक्त ज्ञानश्रीजी को अपने पास से सैलाना भेजकर भी गुरुणी पुण्यश्रीजी, ज्ञानश्री अर्थात् ज्ञान की शोभा से शोभित हुई।

सर्ग १६

८. मीन ध्वजांकित कामदेव पर विजय प्राप्त करने वाले, संसार समुद्र से तिराकर पार ले जाने वाले और सार पदार्थ को ढूंढकर निकालने वाले श्री पार्श्वनाथ स्वामी को मैं प्रणाम करती हूँ।

२६. हुंकार सहित गर्व करने वाले बड़े-बड़े डॉक्टरों द्वारा भी उत्सव रहित सामान्य रूप से अन्य मानवों के प्राणों की रक्षा करने के लिए उन मृतकों को जल्दी-जल्दी घर से निकालते हैं।

२७. रोग के गंध से संबंध रखने वाले हानिकर पवन को दूर करने के लिए डॉक्टरों द्वारा जगह-जगह ठीक-ठीक अंतर पर मकान जलाये जाते हैं।

सर्ग १८

७. अनन्तर उस नानी बाई ने तीन पुत्र, पाँच पौत्र और तीन पौत्रियों के प्रेम को त्याग कर अवशिष्ट कर्मरूपी मल का नाश करने के लिए प्रसिद्ध वैराग्य को धारण किया। साथ ही लखपति होते हुए घर की लक्ष्मी का भी त्याग कर दिया।

१४. विक्रम संवत् १९२२ के प्रारम्भ होने पर कुशल करने वाले मुनिश्री राजसागरजी के शिष्य बुद्धि रूप हंसी का आश्रय स्थान मुनि सुखसागरजी वहाँ फलोदी आए।

१९. बहुत सौन्दर्य से युक्त लक्ष्मी के समान लक्ष्मीबाई को शीघ्र ही दीक्षा देकर अच्छे चिह्न से होने से मानो लक्ष्मणश्री दीक्षा नाम रखकर उसे पृथ्वी में प्रसिद्ध किया।

२७. अपनी शिष्याओं के साथ अच्छी साता वाले नवीन रीति से नगर में आये हुए साध्वीजी को देखकर सब लोग प्रसन्न हो गए, जैसे तारा (रोहिणी) से युक्त मनोहर चंद्रमा को देखकर सब खुश होते है।

परिशिष्ट - ७ (अ)

संवतात्मकशब्दनिर्देश-तालिका

अङ्कानां वामतो गतिः

उदा. बाणेन्दुनन्दावनि (बाण-इन्दु-नन्द-अवनि)-१९१५

क्रम	संवतात्मकशब्दनिर्देश-शब्द	संवत्	सर्ग	श्लो.
१.	बाणेन्दुनन्दावनि (बाण-५, इन्दु-१, नन्द-९, अवनि-१)	१९१५	१	३९
२.	मुन्यक्षिनन्देन्दु (मुनि-७, अक्षि-२, नन्द-९, इन्दु-१)	१९२७	१	७०
३.	भूखाष्टभूमी (भू-१, ख-०, अष्ट-८, भूमी-१)	१८०१	२	२३
४.	दृग्भूमिवस्विन्दु (दृग्-२, भूमि-१, वसु-८, इन्दु-१)	१८१२	२	२४
५.	अष्टभूलोकपभू (अष्ट-८, भू-१, लोकप-८, भू-१)	१८१८	२	४०
६.	षष्ट्यष्टभू (षष्टी-६०, अष्ट-८, भू-१)	१८६०	२	८६
७.	नन्दाङ्गवस्विन्दु (नन्द-९, अङ्ग-६, वसु-८, इन्दु-१)	१८६९	२	९५
८.	रामार्णवाष्टेन्दु (राम-३, अर्णव-७, अष्ट-८, इन्दु-१)	१८७३	२	६७
९.	लोकाश्ववस्विन्दु (लोक-३, अश्व-७, वसु-८, इन्दु-१)	१८७३	२	१०१
१०.	षडभ्रनिध्यवनि (षड्-६, अभ्र-०, निधि-९, अवनि-१)	१९०६	३	२
११.	शरेक्षणाङ्कशशि (शर-५, इक्षण-२, अङ्क-९, शशि-१)	१९२५	३	१८
१२.	धरागुणाङ्कभूमि (धरा-१, गुण-३, अङ्क-९, भूमि-१)	१९३१	३	४२
१३.	द्विरामनन्देन्दु (द्वि-२, राम-३, नन्द-९, इन्दु-३)	१९३२	४	१०
१४.	त्रिरामाङ्कक्कु (त्रि-३, राम-३, अङ्क-९, कु-१)	१९३३	४	१५
१५.	चतुस्त्रिग्रहभूमि (चतुर-४, त्रि-३, ग्रह-९, भूमि-१)	१९३४	४	२१
१६.	असुत्रिनन्देन्दु (असु-५, त्रि-३, नन्द-९, इन्दु-१)	१९३५	४	२५
१७.	रसत्रिनन्देन्दु (रस-६, त्रि-३, नन्द-९, इन्दु-१)	१९३६	४	३२
१८.	मुनित्रिनन्देन्दु (मुनि-७, त्रि-३, नन्द-९, इन्दु-१)	१९३७	४	३८
१९.	वसुत्रिनन्देन्दु (वसु-८, त्रि-३, नन्द-९, इन्दु-१)	१९३८	४	४२
२०.	ग्रहत्रिनन्देन्दु (ग्रह-९, त्रि-३, नन्द-९, इन्दु-१)	१९३९	४	४५
२१.	खवेदनन्देन्दु (ख-०, वेद-४, नन्द-९, इन्दु)	१९४०	४	४७
२२.	भूवेदाङ्कधरा (भू-१, वेद-४, अङ्क-९, धरा-१)	१९४१	४	५५
२३.	द्वियुगाङ्केन्दु (द्वि-२, युग-४, अङ्क-९, इन्दु-१)	१९४२	५	९
२४.	त्रिचतुर्नन्देन्दु (त्रि-३, चतुः-४, नन्द-९, इन्दु-१)	१९४३	५	१९
२५.	त्रिचतुर्नवभू (त्रि-३, चतुः-४, नव-९, भू-१)	१९४३	५	२६
२६.	अम्बुधिसमुद्रनिधीन्दु (अम्बुधि-४, समुद्र-४, नन्द-९, इन्दु-१)	१९४४	५	४
२७.	पञ्चजलधिग्रहभूमी (पञ्च-५, जलधि-४, ग्रह-९, भूमी-१)	१९४५	६	११
२८.	रसयुगग्रहभूमी (रस-६, युग-४, ग्रह-९, भूमी-१)	१९४६	६	१४

२९.	हयवेदनन्दचन्द्र (हय-७, वेद-४, नन्द-९, चन्द्र-१)	१९४७	६	३०
३०.	अष्टचतुरङ्ककु (अष्ट-८, चतुः-४, अङ्क-९, कु-१)	१९४८	६	५१
३१.	अष्टवेदनन्देन्दु (अष्ट-८, वेद-४, नन्द-९, इन्दु-१)	१९४८	७	१
३२.	नन्दाब्धिग्रहकु (नन्द-९, अब्धि-४, ग्रह-९, कु-१)	१९४९	७	८
३३.	अभ्रशरनिधीन्दु (अभ्र-०, शर-५, निधि-९, इन्दु-१)	१९५०	७	१७
३४.	चन्द्रेषुग्रहप्रथिवी (चन्द्र-१, इषु-५, ग्रह-९, पृथ्वी-१)	१९५१	७	२८
३५.	द्विपञ्चाशत्समधिकैकोनविंश (द्विपञ्चाशत्-५२, एकोनविंश-१९)	१९५२	८	२९
३६.	दृगसुनिधिभू (दृग्-२, असु-५, निधि-९, भू-१)	१९५२	८	५४
३७.	त्रिपञ्चनिधिचन्द्र (त्रि-३, पञ्च-५, निधि-९, चन्द्र-१)	१९५३	८	७५
३८.	त्रीष्वङ्कैक (त्रि-३, इषु-५, अङ्क-९, एक-१)	१९५३	९	५
३९.	अब्धीषुनन्देन्दु (अब्धि-४, इषु-५, नन्द-९, इन्दु-१)	१९५४	९	१४
४०.	बाणासुनन्दकु (बाण-५, असु-५, नन्द-९, कु-१)	१९५५	९	५१
४१.	पञ्चेषुनवेन्दु (पञ्च-५, इन्दु-१, नव-९, इन्दु-१)	१९१५	९	५३
४२.	रसपञ्चाङ्केन्दु (रस-६, पञ्च-५, अङ्क-९, इन्दु-१)	१९५६	१०	१३
४३.	मुनिशरनिधिपृथ्वी (मुनि-७, शर-५, निधि-९, पृथ्वी-१)	१९५७	१०	३५
४४.	दिगधिपतिशरङ्कैणाङ्क (दिगधिपति-८, शर-५, अङ्क-९, एणाङ्क-१)	१९५८	१०	४२
४५.	नन्दपञ्चनन्देन्दु (नन्द-९, पञ्च-५, नन्द-९, इन्दु-१)	१९५९	११	२३
४६.	व्योमर्तुनन्दकु (व्योम-०, ऋतु-६, नन्द-९, कु-१)	१९६०	११	४५
४७.	इन्दुरसनिधीन्दु (इन्दु-१, रस-६, निधि-९, इन्दु-१)	१९६१	१२	१४
४८.	नेत्रषण्नन्दचन्द्र (नेत्र-२, षड्-६, नन्द-९, चन्द्र-१)	१९६२	१२	४७
४९.	त्ररसनवभू (त्रि-३, रस-६, नव-९, भू-१)	१९६३	१४	७
५०.	युगाङ्गाङ्कधरा (युग-४, अङ्ग-६, अङ्क-९, धरा-१)	१९६४	१५	२
५१.	पञ्चाङ्गनन्दशशिमण्डल (पञ्च-५, अङ्ग-६, नन्द-९, शशि.-१)	१९६५	१५	५२
५२.	रसाङ्गग्रहकु (रस-६, अङ्ग-६, ग्रह-९, कु-१)	१९६६	१६	१४
५३.	नयनाब्धिनिधीन्दु (नयन-२, अब्धि-४, निधि-९, इन्दु-१)	१९४२	१७	३४
५४.	हयगुहाननन्दचन्द्र (हय-७, गुहानन-६, निधि-९, इन्दु-१)	१९६७	१७	४९
५५.	अष्टैकाङ्ककु (अष्ट-८, एक-१, अङ्क-९, कु-१)	१९१८	१८	८
५६.	व्योमद्व्यङ्कैणाङ्क (व्योम-०, द्वय-२, अङ्क-९, एणाङ्क-१)	१९२०	१८	११
५७.	नयननयनाङ्कैणाङ्क (नयन-२, नयन-२, अङ्क-९, एणाङ्क-१)	१९२२	१८	१४
५८.	सागरलोचननन्दनिशेश (सागर-४, लोचन-२, नन्द-९, निशेश-१)	१९२४	१८	१६
५९.	शरलोचननन्दमेदिनी (शर-५, लोचन-२, नन्द-९, मेदिनी-१)	१९२५	१८	२२
६०.	ऋतुनेत्रनिधीन्दु (ऋतु-६, नेत्र-२, निधि-९, इन्दु-१)	१९२६	१८	२४
६१.	वसुश्रवणग्रहधरणि (वसु-८, श्रवण-२, ग्रह-९, धरणि-१)	१९२८	१८	२६
६२.	निधिद्विनन्देन्दु (निधि-९, द्वि-२, नन्द-९, इन्दु-१)	१९२९	१८	२९
६३.	द्योपिष्टपग्रहधरणी (द्यो-०, पिष्टप-३, ग्रह-९, धरणि-१)	१९३०	१८	३१

परिशिष्ट - ७ (ब)

पुण्यश्री महाकाव्य में प्रयुक्त अङ्क परक शब्दानुक्रमणिका

क्रम	शब्द	अङ्क	सर्ग	श्लो.
१.	खवेद (ख-०, वेद-४)	४०	२	२०
२.	संयम (संयम-१७)	१७	२	२५
३.	खहयेन्दु (ख-०, हय-७, इन्दु-१)	१७०	२	४२
४.	माधवतिथि (माधव-१२)	१२	३	४२
५.	सप्तभू (सप्त-७, भू-१)	१७	६	३१
६.	मुनि (मुनि-७)	७	७	२०
७.	नागतिथि	६	७	२१
८.	अष्टषट्	१४	९	१७
९.	गिरिशनयन राम (गिरिशनयन-३, राम-३)	३३	१०	२
१०.	द्युचन्द्रमोनेत्र (द्यु-१, चन्द्रमा-१, नेत्र-२)	११२	१२	३
११.	गोनयनरसा (गो-१, नयन-२, रसा-१)	१२१	१२	३
१२.	कुभुवन (कु-१, भुवन-३)	३१	१३	१
१३.	रसकर (रस-६, कर-२)	२६	१३	१
१४.	शर (शर-५)	५	१३	२
१५.	रवि (रवि-१२, १)	१२	१३	४
१६.	अङ्कत्रिक (अङ्क-९, त्रिक-३)	३९	१३	१३
१७.	ज्याक्ष्यभ्राब्धि (ज्या-१, अक्षि-२, अभ्र-०, अब्धि-४)	४०२१	१३	२०
१८.	क्षितिनयनाऽसुपृथ्वी (क्षिति-१, नयन-२, असु-५, पृथ्वी-१)	१५२१	१३	३०
१९.	विषय (विषय-५)	५	१४	९
२०.	इषु (इषु-५)	५	१४	२८
२१.	द्विषट्कु (द्वि-२, षट्-६, कु-१)	१६२	१६	३०

परिशिष्ट - ८

प्रवर्तिनीश्रीपुण्यश्रीमहाभागानां चरणारविन्देषु आहोरनगरात् श्रीसंघप्रेषितं विज्ञप्तिपत्रम्

॥ श्री गुरु विनंती पत्र छे ॥
॥ दं० ॥ ॐ ॥
॥ दुहा ॥

त्रीभुवनपति त्रेवीशमो अरबुद नयर सुहाय।
श्री एवन्ती पास को चेत्य नमुं चीत लाय॥ १॥

आदि जिण आददेव चरम नमुं जिण वीर।
चवदेशेबावन भला प्रणमुं तास वजीर॥ २॥

आददेव अरिहंत नमुं सिद्ध नमुं सुखकार।
आचारज उवझायने वन्दुं वारमवार॥ ३॥

सरब साधु दरसण नमुं ग्यान चारित तप एह।
ए नवपद आराधतां वादे धर्म सनेह॥ ४॥

सुरत देवी हीयड़े धरुं जे बम्भीलिवि रूप।
गणधर पण तयने नमे पञ्चम अंग अनूप॥ ५॥

वलि गुरु पुनमसरी नमुं क्षमाशील गुणधार।
पंच महाव्रत पालतां धन-धन तुम अवतार॥ ६॥

सिद्ध श्री पेहेली लिखुं सिद्ध होण के काज।
शान्ति जीन प्रणमुं सदा नित मंगल महाराज॥ ७॥

स्वस्ति श्रीशोभित सदा मालवदेश मनुहार।
सुभ सुथांनक सर्व ओपमा वरणन सहीत विचार॥ ८॥

सिद्धश्री सोभित सदा सकल नयर शीरदार।
मणसोर नयर सोहामणो धरम तणो नही पार॥ ९॥

साल सुगाल चली नवली शेलड़ीने सुखकार।
मोटो मंडप मालवो शोभित पंच सकार॥ १०॥

अनुपम मणसोर नगर यो जसु शीर मुकुट वीशाल।
वन वाड़ी आरांम तिहां वाग वगेचा सार॥ ११॥

गढ़-मड़ मिन्दर पोल फुणी अति ऊँचा आवास।
वापि कूप तलाब अति दरखत ऊँचा पास॥ १२॥

वडा-वडा बजार तिहां चुटा चोक वीचार।
श्री मणसोर नगरे शांति को चैत्य नमुं चीतलाय॥ १३॥

गुरुगुण गहन गम्भीर हो मोह मनु तुस अपार।
सकल संघ इम वीनवे तुम चरण नमुं सदाय॥ १४॥

चिंतामणि गुरु पुनमशरि नमुं रजीयो अधिक वैराग।
प्रगटीयां आरे पाँच में भविजन तारण काज॥ १५॥

गुरणिजि पुनमसरिजी तणा गुणघणा लख्या न जाए।
जीयु तारा सब गगन का मुठी में न समाए॥ १६॥

तेजवंत दिनकर जिसां सशि कोमल शरीर।
एंड मेरु पर्बत जीसा दधि जीसा गम्भिर॥ १७॥

खंती आद दस जति धरम संजम सत्तर प्रकार।
धारो जिण आगणीयां सहीत पंच महाव्रत भार॥ १८॥

करत विहार अनुक्रमे काटत कुमति फंद।
पर उपगार जो करण कूं पधारो श्री गुरु गुणवंत॥ १९॥

कलप परमांणे जि विहार करो पालो शुद्ध आचार।
गांम नगर पुर वीचरता करो भवीक उपगार॥ २०॥

गस-पस चोडि गच्छ की लसपस नहीं लगार।
साधरम उपदेश को ग्रही पा खड़ग सहुधार॥ २१॥

रमे चातर शमे सदा वमै सदा प्रभाव।
दमे करण अरुपन तदा खपे दुसट सब गाँव॥ २२॥

पुज तीहांरा दरस को चीत में लागो चाव।
नयणोक दीपकन(?)न रखसो दया दान दरीयाव॥ २३॥

धन नगरी धन देसहे जीहां विचरो गुरु भांण।
धन हे श्रावक-श्राविका सो गुरुमुख सुणत वखाण॥ २४॥

धन संघ मणसोर शेर को तेह वंदे गुरुपाय।
करम आठमो अति कठीन उदेरियो मुझ आय॥ २५॥

धन तैह दीनकु मानसीयु भेटसुं गुरु तुम पाय।
भगती सुंहेत वंदण करुं पूर्ब पुन्य पसाय॥ २६॥

सर्व ओपमा जोग हो साधु सकल गुण खाण।
भजो चरण जीनराजना तजो सकल अभिमांन॥ २७॥

गुरु पुनश्रीजी वंदतां प्रगटीयो आनंद पूर्व
रोग सोग दूरे टल्यो भयो आनंद भरपुर॥ २८॥

गुणवंतना गुणदाखवुं रदे न धरसो रीस।
आवसकसूत्रे भाखिया साधु गुण सत्ताविस॥ २९॥

(माहाराज श्री श्री १००८ श्री श्री)
पुज्य गुरणीजी पुनम(पुण्य)श्रीजी चेलियां तणो परिवार
निज-निज गुण से वंदसु सुणो श(स)र्व नर-नार॥ ३०॥

अब वंदु गुरु आपने पुनम(पुण्य)श्रीजी महाराज।
दुनिया में दीपे रया भव जल तारण जिहाज॥ ३१॥

कल्प व्रक्ष चिंतामणि पुष्कर मेघ समान।
आसा पुरो सहु तणि दीजो वंछित दान॥ ३२॥

शणगारश्रीजी सोभे सदा जिउ रजनि मे चन्द्र।
भगती करे जीनराजरी काटे भवनो फंद॥ ३३॥

विवेकसरिजी वंदु सदा विद्या तणो प्रकास।
उपदेस देवे भवी प्राणिने करे करमनो नाश॥ ३४॥

सोवनश्रजि सोभे रह्यां सोवनश्रीजी माहाराज।
करे अरथ आगम तणो ग्यान तणो प्रकाश॥ ३५॥

लाभसरिजी ने लछानां नही लोभ लवलेस।
राखे सरधा सुत्रनी नहि राग ने द्वेस॥ ३६॥

कलपवेल कु(क)नकसरीजी करम नीवारण काज।
पंच महाव्रत पालतां चालो खङ्गनी धार॥ ३७॥

एक सहेस अठोतरे वन्दुं वारमवार।
दियामणो देवी करि करो मुज उपगार॥ ३८॥

॥ ढाल पहेलि॥ देशी-गुणवंत गुरुनी॥
धन्य आज घड़ी जिनवरनी आंणा नो पालक भेट्यां।
भवरंग रुली पूर्व संचित पातिक सगला मेट्या॥ आंकणी॥

मुनि खट्काया गोकल पाले वलि चितडाने पाछो वाले।
अरिअष्ट कर्मतपस्या बाले ॥ धन्य०॥ १॥

मुनि बाह्य अभ्यन्तर से सिरशा निश्चेति केवलि निरख्या।
दे रंग कचोटि नेयरख्या ॥ धन्य०॥ २॥

मुनि आखर छोम संवर धारे प्रभु भाख्या तिण मार्ग चाले।
जिनशासनज्योतिने अजुआले ॥ धन्य०॥ ३॥

गुरु पर परणेति मे नवी पेशे जलसुं कमल न्यारो रे छै।
तिम पुद्गलसु आतम एह छै॥ धन्य०॥ ४॥

इन्द्रिय जिते ने थया छो जति भारंडनि परे अप्रमति।
अमे झुट न कहेसु एकरति॥ धन्य०॥ ५॥

दुहा ॥

चिरंजिवो चिरकाल लग करो भवी उपगार।
देवो ज्ञान दरसण चरण भवजल उतारो पार॥ १॥

लिखतु आहोर नगरथि सर्व संघ चित लाय।
श्रावक श्राविका वंदण करे एक सहेस अठवार॥ २॥

अवधारो मुज वंदणा पुज्य करि सुपसाय।
अत्रे खेम जिनबिंब अरु सद्गुरु चरण सुहाय॥ ३॥

सुहराई सुहदेवसि सुख तप सरीर निराबाद।
वर्ते नित प्रति पुज्य रे संजम तणि समाद॥ ४॥

कृपा धर्म सनेह की राखो छो मुनिराज।
जिनसुं अधिक जांण सी बांह ग्रह्यानि लाज॥ ५॥

सुखसातारा आपरा समाचार सुप्रमांण।
कृपाकर दिजो सदा सेवक हमकुं जाण॥ ६॥

पाछो कागद देणरी नही आपरे रीत।
सेवक रे भक्ती विशे लिखण तणि प्रीत॥ ७॥

पंचम आरे पेखतां तुम सम अवर न कोय।
करुणानिधी क्रपा करी लिजिये अरजि मोय॥ ८॥

जिनसासन के चरण में भक्ति नमावुं सीस।
धन्यगुरु ग्यानि वलि वंदू विसवावीश॥ ९॥

अब अवसरमें देखके वंदु धरे विवेक।
पंच अभिगमन साचवुं बलिहारी तुम भेष॥ १०॥

ढाल दुजी॥ बिलाला विरनि देशी॥

सागर जल को तिरस के हो गुरु मैरु महिधर भार।
अंबरतारा कुण गिण सके हो गुरु तुमगुण अनंत अपार।

क्रपानिधि आवजो मांरा आहोर नगर के मांह ॥
दियानिधी देखिवा मोरो जिव रयो तिरसाय।
ओ मन गुरुचरणे वशे हो गुरु प्रेम सुधारस प्रीत।
रात दिवस रटतो रहु हो गुरु भ्रमर मालति ॥ कृपा० ॥ १ ॥

संघ सकल अरजि करे हो गुरु गणपति वाहन धाम।
राय आसन अरध ज्युत हो गुरु हमकु दीजो सवाम ॥ कृपा० ॥ २ ॥

॥ दुहा० ॥

शुणि सेवक नी अरजी आ चौमासो चितधार।
गुरु पुनमश्रीजी सोहामणां शासनना सिणगार ॥ १ ॥

दिनकर परै दीपता धन्य धन्य तुम अवतार।
विनंति आहोर संघनी वेगै करो वीहार ॥ २ ॥

लिखतुं आहोर नग्रथी पाँचुं अंग नमाय।
सकल संघ नी विनती अवधारो मुनिराय ॥ ३ ॥

सद्‌गुरु पुनमश्रीजी भवजल तारण नाव।
वीनती आहोर संघ नी वांची ने चित लाय ॥ ४ ॥

आहोर नग्र में वशां दरिसण के अभिलास।
मन की तो मन में रहे किम कर आवे दास ॥ ५ ॥

ढाल तीजी ॥ सुण चंदाजी री देशी ॥

गुरु पुनमश्रीजी विनतड़ि अवधारै वेग पधारजो।
महाराज गुरु चौमासा री वेला चित मे धारजो ॥ आ आंकणी ॥
हुंतो ओलंग आपरी आऊ छुं इहां बेठो भावना भावुं छुं।
थाने निशदिन शीश नमावुं छुं गुरु पुनमश्रीजी० ॥ १ ॥

मारे मनडारे मांहे वशीया छो मारो रोम रोम उलसिया छो।
मुनि ज्ञानगुणारा रसिया छो, गुरु पुनमजी० ॥ २ ॥

थांरा मुखड़ा री मीठी छे वाणी मेंतौ इमृतसूं अधीकीजांणी
प्रतिबोध रह्या भवीयण प्राणी, गुरु पुनमजी० ॥ ३ ॥

मणसोर शेर विराजो(ज) छे(छ) त्यां ध्यान धरम तप खाशो छे।
त्यां जैनपुरी नो वासो छे, गुरु पुनमजी० ॥ ४ ॥

सहु संघनी वीनंती मांनी लीजो: तुम कल्प प्रमांणे उत्तर दीजो।
पिण सुखे चौमाशो आइ रहीजो, गुरु पुनमजी० ॥ ५ ॥

आसाढ मास पेली आईजो दरसण मांने वेगा दीजो।
अरजी वीरुद शम्भली लीजो, गुरु पुनमजी० ॥ ६ ॥

दुहा: ॥

सकल संघ रे लग रही तुम दरिसण री चाह।
जेसे चातक घन रुशी फुल फुलण की राय ॥ १ ॥

आतुर अतही हो रहे तुम दरसण की वाम।
क्रपा करीने पधारीयो आहोर नग्र अबी धाम ॥ २ ॥

सुख साता पुंछु वली लुल लुल लागुं पाय।
सावु चित्त मे घणो पुज्य तणो पसाय ॥ ३ ॥

गावे गुण गुणवंतना आणि अधिको नेह।
मुनि मलीया मनमांनता वुठ्या मोती मेह ॥ ४ ॥

मणसोर नगर अति ओपतुं सोहे शिवपुर छाव।
वसते गुरु पुनमश्रीजी धरम शिरोमणि धाम ॥ ५ ॥

भक्ति पत्र भावे लिख्यो अधिक धरो चित लाय।
न्यून अधिक कछु होई जो सब खमजो मुनीराय ॥ ६ ॥

प्रथवी पट कागद करु कलम करु वनराय।
समुद्र जल स्याही करुं गुरुगुण लख्या न जाय ॥ ७ ॥

गुरु विजोगे बहु दु:ख सह्यो ते पण कह्यो न जाय।
के जाणे इम आतमा के जाणे जिनराय ॥ ८ ॥

सम्पदा सहू जीवे लही लेलियो धर्म प्रसंग।
धर्म वोई मिली हवे नवी मुकूं मनरंग॥ ९॥

सामी भाई छै सदा प्रेम सहित प्रणाम।
आहोर तणी अनुमोदना कीजो उत्तम काम॥ १०॥

सहु गुरुनाथ क्रपा करी अवधारो मुझ बात।
बुढ़त हुं भव कूप में वेगो पकड़ो हाथ॥ ११॥

गती चारु भटकतो वत्यों काल अनन्त।
महामांहे फरसियो कबुअन पायो अन्त॥ १२॥

भक्ती करी नहीं देव की कियो न पर उपगार।
आतम हित कीनो नहीं लग्यो लोभ की लार॥ १३॥

देव धरम कुं त्यागि के कीनो पाप अपार।
करां मांन माया विशे सेव्या करकर सार॥ १४॥

हुँ रजलीयो बहू जंजाल में राग द्वेष मन लाय।
के स्वामी केसे कीयै चेतन निर्मल थाय॥ १५॥

काल आरी सिर पे भमे खिण खिण आयु जाण।
जैन धर्म सेव्यो नहीं जनम अहेलो लाण॥ १६॥

रात दिवस रटतो रहूं कंचन कामणी दोय।
जपूं नहीं श्री जिननाम कूं किस विद साता होय॥ १७॥

मोह मन चिन्ता आई की वसत है दिन रात।
तांहां उपाय विचार के लिख भेजो गुरु नाथ॥ १८॥

संवत् अठसठ साल की चैत्र मास मजार।
वीनती आहोर संघ नी लीजो चित में धार॥ १९॥

॥ सम्पूर्णम्॥

ली. राजमलरी वंदणां १००८ वार अवधारसी दरसण वेगा देरावसी।

ली. नथमल री वंदणां अवधार सी १००८ वार अवधार सी।

ली. भबूतमल री वंदणां १००८ अवधार सी जी।

मूतां चतरदास री वंदणां १००८ अवधार सी जी।

मूतां छोगमल री वंदणां १००८ वार अवधार सी।

ली. मुलतानमल री वंदणां १००८ वार अवधार सी।

ली. मूलचन्दरी वन्दणा १००८ वार अभुठियो सहित अवधार सी।

ली. छोगालालरी वंदणां १००८ वार अवधार सी जी।

ली. ताराचन्दरी वंदणां १००८ वार अवधार सी।

ली. पूनमचन्दरी वंदणां १००८ वार अवधार सी जी।

ली. केसरमलरी वंदणां १००८ वार अवधार सी जी।

ली. दलीचन्दरी वंदणां १००८ अवधार सी जी।

[यह वीनति पत्र आहोर श्रीसंघ ने भेजा है। आहोर राजस्थान प्रदेश के जोधपुर के अन्तर्गत जालोर जिले में आता है। लेखक ने यह पत्र दोहा और सोरठा और लोकगीतों की तर्ज पर लिखा है। ज्ञान होते हुए भी कहीं-कहीं त्रुटियाँ हैं। भाषा की दृष्टि से स को श, अरर्बुद को अरबुद, आदि को आद, श्रुतदेवी को सुरतदेवी, पुण्यश्री को पुनमश्रीजी, जिन को जीन, मन्दसर को मणासोर, शिर को शीर, मन्दिर को मिन्दर, पुनी को फुणी आदि शब्दों का प्रयोग जैसा पत्र में था वैसा ही रखा गया है। भाषा की दृष्टि से विद्वत्गण स्वयं शुद्ध कर लें। मूल पत्र में तनिक भी परिवर्तन नहीं किया गया है।]

❋ ❋ ❋

परिशिष्ट - ९

सिरोही-कालिन्दरी श्री संघ द्वारा प्रदत्त श्रीपुण्यश्रीजी-सोहनश्रीजी को मानपत्र

श्री वीतरागायनमः

शिखरिणी–वृत्तम्

दधानां ध्यानानां निचयमिह नानाऽञ्चितमतिं,
जनानां जैनानां ततिमतिपुनानां गति(त)रतिम्।
ददानां ज्ञानानां नरबहुविधानां च सरणिं,
सभानां पुण्यश्रीविलसदभिधानां नभमणिम्॥

दोहा

स्वस्ति श्री पहिले लिखूं॥ सिद्ध होत सब काज॥
पार्श्वजिनहिं प्रणमूं सदा॥ नित मंगल महाराज॥१॥

सकल नगर निवासी जैनी साधर्मिक भाइयों को जाहिर किया जाता है कि श्री श्री १००८ श्रीमान् सुखसागरजी महाराजी पाठक साधुजी श्री श्री १००८ श्री छगनसागरजी महाराज के सिंघाड़े की खरतरगच्छ की गुरणीजी महाराज श्री लिछमीश्रीजी मगनश्रीजी के आज्ञानुसारिणी गांमानुगांम विचरते विचरते परमपूज्य पुज्य गुरणीजी महाराज १००० श्री पुनम(पुण्य)श्रीजी महाराज ठाणा १४ से शहर सिरोही में चातुर्मासी की [।] वहां खुद महाराज ने अठाई की और चंपाश्रीजी ने ३१ उपवास तथा भक्तिश्रीजी ने २६ उपवास किये[।] उस वक्त यहाँ के साधर्मिक भाइयों की तरफ से पूजा आदि उच्छरंग बहुत ही अच्छा हुआ[।] वहां पर हांसीबाई निवासी जालोर ने मिगसर सुदी ११ को महोत्सव पूर्वक दीक्षा ली[।] बल्कि उन्हीं दिनों में इन पुनम(पुण्य)श्रीजी की चेली लाभश्रीजी ने शहर जोधपुर में भंडारी सुरजराज जी की कुंवारी बेटी ऊमर वर्ष नव की तथा उसका नाम केसर और उसकी माता याने सुरजराजजी की बहू ने और एक बाई याने लाभश्रीजी की माता ने अच्छे महोत्सव के साथ दीक्षा

दी[।] वहां से लाभश्रीजी आदि ठाणे विचरते हुवे सिरोही पधारे, वहां कुल ३९ ठाणे हुवे[।] बाद में महाराज ने विहार किया और सिरोही से पाडीव गांव जो की सीरोही से तीन कोस के फासले पर है, वहाँ सब ठाणे सहित महाराज विराजमान हुए[।] वहाँ भी नवरंगी तप हुआ[।] महाराज ने अपनी चेली विवेकश्रीजी को जावाल और कनकश्रीजी को डोडुवे भेजे[।] इन दोनों जगहों पर भी पंचरङ्गी तपस्या हुई और तीनूं जगह पूजा प्रभावना आदि बहुत ही उत्सव हुआ[।] कालिन्दरी के संघ की विनती से ये महाराज तमाम ठाणों से कालन्दरी पधारे[।] वहाँ जैन धर्म का निहायत उमदा उपदेश व्याकरण संस्कृत टीका दृष्टान्त युक्ति सहित किया, जिसके जरीये से नवरङ्गी तप वगैरह नीचे लिखे माफिक हुए और बहोतसी पूजाएँ वो नोकारसी वगैरह सामीवच्छल मानिन्द पर्यूषणा के सदृश हुए।

९	९	७	६	५	४	३	२	१	कुल संख्या २०२१
२९	२५	२९	३५	६३	७१	५१	७५	२५२	
२६१	२९६	२१०	३१५	२८	४	१५६	१५०	२५३	

ऐसी ही बलुट और लाय वगैरह उत्सवादि इनही महाराज के उपदेश से ही हुए[।] सब ही मिलकर सिरोही रियासत [में] दस हजार उपवास हुवे और सात क्षेत्र में द्रव्य बहुत ही खर्च किये[।] आप महाराज के इस हमारी जन्मभूमि में पधारने से जैन धर्म की उन्नति और उद्योत अच्छा हुआ[।] आजकल के जमाने में ही हमारी इस जन्मभूमि सिरोही रियासत में ऐसी विद्यावान् साधवीयों ने पधार कर इस जन्मभूमि को पवित्र नहीं किया और मोजूदा दुनिया में ऐसी विद्यमान् भली और तारीफ लायक साधवियां सुणी गई[।] साधु मुनिराज विद्यावान् बहुत होगा, मगर ऐसा नहीं के इतने ठाने सामिल रहकर ऐसी संप से एक्यता रख के दूसरे लोगों के भावों की वृद्धि करे, यह तारीफ तो आपही महाराज में मोजुद पाइ[।] आश्चर्य इस बात का है कि स्त्री जाती होते हुवे इनका अतिशय महान् है, जैसे की ये महाराज और इनकी

चेलियां बुद्धिमान् है [।] आप में से बहुत सी साधवियां व्याख्यान देने मे ऐसा ज्ञान रखती है कि हजार आदमियों में आपका शुद्ध शब्द सुनने वालों को अमृत समान मालूम होता है, आपकी समझाइ ऐसी भली है कि सुनने वाले का दिल अपने धर्म पर कटिबद्ध होता चला जाता है, याने जैसा आप की जबान से निकलता है वैसा ही सुनने वाला खुशी के साथ करता है[।] जैसे हम लोगों के ३५ साल से दो तड़ थे याने चंद घर एक तरफ और दूसरे दूसरी तरफ[।] यह हम लोगों को उम्मेद नहीं थी कि कुसंप रूपी नाव से तैरकर संप रूपी नाव पर बैठ जावेंगे, मगर आपकी चेली सोनश्री जी ने इसी संप और कुसंप के विषय में व्याख्यान दिया कि जिससे हम ही लोगों ने खुशी से तड को तोड दिया और संप रूपी नाव पर बैठना इख्त्यार किया[।] इसी तरह के नाना प्रकार के गुण आप में विराजमान हैं[।] इन सब साधवियों में यह एक गुण बड़ा ही चमत्कारी जैसा मालूम होता है। आजकल हम लोग सगे भाई भी शामिल नहीं रह सकते हैं। और आप गुरु की आज्ञा वगैर कोई काम नहीं करती हैं। हालां के संप ने इनके दर्मियान अच्छा फैलाव किया है। बन्धुगणों! क्या हमको ऐसे मोके पर हर्ष प्रकट नहीं करना चाहिये? नहीं, नहीं, जरूर ही कर्त्तव्य है। भाईयों! यह एक बड़ा हर्ष का स्थान है[।] धन्य है इनके माता-पिता को जिनकी ऐसी पुत्रियें हुईं और धन्य है इनको कि जिन्होंने संसार को त्यागा और अरिहन्त देव को पहिचानने कौ कौशिश करते हैं और हम अज्ञानियों को उपदेश करते हैं[।] धन्य है इनके गुरुजनों को जिन्होंने इनको अच्छा उपदेश दिया[।] यह हमारा हर्ष परमेश्वर की प्रार्थना करता है कि हे परमेश्वर! इन हमारे गुरुजनों को दिन-ब-दिन सुकृत काम में पूरी पूरी मदद देओ, इनकी बुद्धि विद्या को बढ़ाओ और इनके संप रूप वृक्ष को दिन-प्रतिदिन बढ़ाने की योजना करो। प्रियवर जैनी भाइयो! इस मौके पर केवल हम को ही हर्ष नहीं है बल्कि आप लोगों को भी इस पत्र के पढ़ने से अत्यन्त ही आनन्द प्राप्त होगा और इनके दर्शन की अभिलाषा रहेगी, क्योंकि इस दुनिया में साधु लोग तो विद्यावान् होकर व्याख्यान देते हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं। परन्तु इन साधवियों में सूत्रादि पढ़ने से व्याख्यान की विचक्षणता पाई जाती है, यह ही बड़ा आश्चर्य है[।] और साधु विद्यावान् होने पर भी आपस में संप नहीं रखते हैं परन्तु ये

साधवियाँ सूत्रादि पढ़कर आपस में संप रखती हैं, जैन धर्म का पूरा ज्ञान रखती हैं। इस कालन्दरी में जो कुछ उच्छव वगैरह हुआ है वो इन्हीं महाराज के उपदेश से हुआ है[।] मगर हमारे प्रिय बन्धु मोदी कुशलचन्दजी सिरोही निवासी ने इन कामों के करने व कराने में पूरी-पूरी मदद दी है, इसलिए इस मौके पर हम इनको भी धन्यवाद देते हैं। यह महारज जिस कदर तारीफ हमने बयान की है उससे भी अत्यन्त अधिक तारीफ करने लायक हैं और इनके व इनके गुरु बहिन सेव(सोवन) श्रीजी के मिलकर अन्दाजन ९५ ठाणे हैं-जिनके दर्शन करके आप लोग भी लाभ लेंगे और इनकी अनुमोदना करेंगे और भूल चूक माफ करेंगे। फकत तारीख फरवरी संवत् १९०६३ मुताबिक माघ सुदी ११ संवत् १९६२ का

१. मोदी	सोनमल जी	सिरोही
२.	भूताजी	कालन्दरी
३. पोरवाल	हिन्दुजी	
४. संघी	समरथमल जी	सिरोही
५. डवाणी	दलेचन्द जी	

कल्याणमस्तु श्री

***


जिह्वे ! प्रह्वीभव त्वं सुकृतिसुचरितोच्चारणे सुप्रसन्ना,

भूयास्तामन्यकीर्तिश्रुतिरसिकतया मेऽद्य कर्णौ सुकर्णौ ।

वीक्ष्यान्यप्रौढलक्ष्मीं द्रुतमुपचिनुतं लोचने रोचनत्वं,

संसारेऽस्मिन्नसारे फलमिति भवतां जन्मनो मुख्यमेव ।।

(शान्तसुधारस)



BHARAT GRAPHICS - Ahmedabad-1.
Ph. : 079-22134176, (M) 9925020106